YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

वर्ष-15 | अंक-214 | शुक्रवार, 04 सितम्बर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जैत गांव इस बात का उदाहरण है कि ब्रज की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से ग्रामीण आजीविका को कैसे जोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि तुलसी माला की कार्यशालाओं, ग्रामीण अनुभवों और होमस्टे से जोड़कर महिला कारीगरों, किसानों, स्थानीय गाइडों, मेजबानों और छोटे उद्यमों के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं।

जयवीर सिंह

एनएच-327 के फोरलेन विस्तार को मिली 2,077 करोड़ की मंजूरी, नेपाल 11

दिल्ली-हलवारा एयर इंडिया फ्लाइट का 10 सितंबर से बदलेगा समय 12

मुख्यमंत्री योगी ने मथुरा को दी 1,051 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात,बोले-

विदेशी आक्रांताओं ने मंदिर तोड़े, पर श्रीकृष्ण की स्मृति को नहीं मिटा पाए

एजेंसी

मथुरा । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दो दिवसीय प्रवास पर गुरुवार को मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 978.24 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 540.60 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण तथा रुपए 437.64 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने श्री हरिदास प्रेक्षागृह का लोकार्पण कर संतों का सम्मान किया और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की।प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरीय) से मथुरा-वृन्दावन नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 7060 लाभार्थियों को रुपए 1 लाख से लाभांवित किया तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सपेरा समुदाय के 180 लाभार्थियों को रुपए 1 लाख 20 हजार से लाभांवित किया, जिनकी कुल लागत रुपए 72.76 करोड़ है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि वृंदावन में कॉरिडोर न्यायालय के आदेश के बाद ही बनाया जाएगा। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर ब्रज क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के साथ लोक परंपरा और लोक कला से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे बेहतर अवसर क्या हो सकता है कि ब्रज की भक्ति को अपनी साधना का केंद्र बिंदु बनाने वाले स्वामी हरिदास के नाम पर बने प्रेक्षागृह का लोकार्पण किया गया हो। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास के नाम पर हमारी संस्कृति को नष्ट किया गया और जवाहरबाग जैसी घटनाओं में 29 लोगों की जान गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले क्या मथुरा की विरासत और धार्मिक पहचान को इस सम्मान के साथ आगे बढ़ाना संभव था? आज प्रदेश कर्फ्यू और दंगा मुक्त है तथा डबल इंजन सरकार विरासत भी और विकास भी के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक राष्ट्र अपनी संस्कृति से महान बनता है। भारत का इतिहास केवल उपलब्धियों का नहीं, बल्कि सनातन की निरंतरता का इतिहास है। आक्रांताओं ने मंदिर तोड़े और गुलामी के ढांचे खड़े किए, लेकिन आस्था और परंपराएं कभी समाप्त नहीं हुईं। जिस प्रकार काशी और अयोध्या में सांस्कृतिक उन्नयन का कार्य हुआ है, उसी प्रकार मथुरा-वृंदावन में भी तेजी से विकास हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पिछले आठ वर्षों में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं को पूरा किया ● शेष पेज 11 पर



सीएम ने कहा

- श्रीकृष्णोत्सव-2026: मथुरा में भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा के साथ गूंजे राधे-राधे के जयघोष, मयूर नृत्य ने मोहा मन
- नीम करौरी बाबा को प्रणाम कर योगी ने की भाषण की शुरुआत

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वे, 995 पीड़ितों को राहत सामग्री व 31 परिवारों को दिया जमीन का पट्टा

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को हवाई सर्वे कर फर्रुखाबाद जिले की तीनों तहसीलों में बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहे लोगों की सुध ली । मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को पट्टे पर उपलब्ध कराई गई जमीन के कागज लाभार्थियों को सौंपे और 995 पीड़ितों को राहत सामग्री प्रदान करते हुए जनता को भरोसा दिया कि वह उनके साथ हैं। हर स्थिति में उनके साथ रहेंगे । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज फर्रुखाबाद जिले में आई गंगा नदी में बाढ़ से अमृतपुर , सदर और कायमगंज तहसील के प्रभावित तकरीबन डेढ़ सौ गांव का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में बनाए गए बाढ़ सहायता केंद्र में मौजूद हजारों लोगों को संबोधित किया । अपने भाषण की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा नीम करोली को प्रणाम करते हुए की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में वह जनता के साथ है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर हालत में जनता का सहयोग कर रही है । उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद जिले में गंगा नदी में हर वर्ष बाढ़ आ जाती है । जिससे ● शेष पेज 11 पर

आकाश आनंद को अभी परिपक्व होने की जरूरत बड़ी जिम्मेवारी देना उचित नहीं : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि आकाश आनंद को अभी परिपक्व (मच्योर) होने की जरुरत है। तब तक इनकों पार्टी की अभी बड़ी जिम्मेवारी देना उचित नहीं होगा, जो कि विरोधियों के साम, दाम, दण्ड, भेद आदि हथकण्डों को इस्तेमाल करके चुनाव में हानि पहुँचाने से बचने के लिये भी समय की ज़रूरत है। बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को लखनऊ के माल एवेन्यू स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में बैठक की। इस बैठक में उत्तर प्रदेश स्टेट, मण्डल यूनिट व सभी 75 जिलों के जिला अध्यक्षों सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने कहा कि बसपा की आल-इण्डिया बैठक में पिछले दिये गये कार्यो की समीक्षा व उनकी कमियों को दूर करने तथा आगे के हर वर्ष के सालाना होने वाले कार्यों के बारे में भी पार्टी के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों को दिये गये ज़रूरी दिशा-निर्देशों का पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अनुपालन करे। उन्होंने कहा कि बसपा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के आदर्श सिद्धान्तों व उच्च आदर्शों को लेकर चलने वाली पार्टी है। उनके 'आत्म-सम्मान व स्वाभिमान' के कारवाँ को सत्ता की मंज़िल तक पहुंचाने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समर्पित पार्टी एवं मूवमेन्ट है, जिसको लेकर मान्यवर कांशीराम ने उच्च वैज्ञानिक पद की अपनी सरकारी नौकरी भी छोड़ दी थी। परिवार समेत सबकुछ त्याग करके अपना जीवन कड़ा संघर्ष करते रहे और मुझे भी ख़ासकर शोषितों को जागरुक करने के लिए देश के कोने-कोने में भेजकर इस योग्य बनाया। तांकि मैं, उन्हीं के नक्शेक़दम पर चलते हुये, उनके ● शेष पेज 11 पर

तेलंगाना की वन मंत्री कोंडा सुरेखा को मुख्यमंत्री रेड्डी ने कैबिनेट से निकाला

एजेंसी

हैदराबाद । तेलंगाना की वन मंत्री कोंडा सुरेखा को गुरुवार को राज्य कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया गया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कोंडा सुरेखा को मंत्रिपरिषद से तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को इस संबंध में सिफारिश पहले ही भेजी जा चुकी है।

यह कार्रवाई तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) की अनुशासन समिति द्वारा उनकी बेटी द्वारा मुख्यमंत्री एवं अन्य नेताओं के खिलाफ की गई टिप्पणियों के संबंध में सख्त कार्रवाई की सिफारिश के बाद की गई है। समिति ने कोंडा सुरेखा को कैबिनेट से हटाने की सिफारिश की थी। 20 अगस्त को टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ को अनुशासन समिति ने कोंडा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, तब से गांधी भवन में पार्टी आलाकमान के फैसले को लेकर काफी उत्सुकता और चर्चा थी।

कोंडा सुरेखा की बेटी कोंडा सुष्मिता ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री ने अपने भाई की शेल कंपनी को मामूली कीमत पर एक प्राइम लैंड (कीमती जमीन) की पेशकश की थी। हालांकि वन मंत्री ने तर्क दिया कि उनकी बेटी की टिप्पणियों के लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन कुछ विधायकों ने उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। पार्टी आलाकमान ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री, वन मंत्री और कुछ अन्य मंत्रियों को तलब किया था। ● शेष पेज 11 पर

रियासी के महोर में एक आतंकी ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद बरामद

रियासी । सुरक्षाबलों ने गुरुवार को रियासी जिले के महोर इलाके के खताजी में एक आतंकी ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह बरामदगी सेना की 58 राष्ट्रीय राइफल्स, स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि बरामद सामान में एक पिस्तौल, एक एके-47 मैगज़ीन, एक हैंड ग्रेनेड और गोला-बारूद शामिल है। अधिकारी ने बताया कि गोला-बारूद में एके-47 के 140 राउंड, पिका के 19 राउंड और 9एमएम पिस्तौल के 25 राउंड शामिल हैं। छह कैसेट ● शेष पेज 11 पर

सूचना



जन्माष्टमी के अवसर सभी पाठकों, शुभेच्छुओं, हॉकर बंधुओं, विज्ञापन दाताओं को हार्दिक बधाई। इस अवसर पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 04 सितंबर 2026 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 06 सितंबर 2026 को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

संक्षेप

अमित शाह ने साकेत में मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को साकेत में मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान यहां पौधारोपण भी किया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, विधायक सतीश उपाध्याय, गजेंद्र यादव और मैक्स अस्पताल के चेयरमैन और एमडी अभय सोय मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए हा कि यह नई स्वास्थ्य सुविधा दिल्ली के चिकित्सा ढांचे को और सुदृढ़ करेगी तथा नागरिकों तक उन्नत और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाएगी।

चित्रकूट हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया संज्ञान, 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश


चित्रकूट । उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकूट में हुए दर्दनाक हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य तेज करने तथा घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मृतकों के परिजनों से संवाद कर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही हादसे में हुई जनहानि एवं आर्थिक क्षति का तत्काल आकलन कर 24 घंटे के भीतर नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जल प्रबंधन पर भाजपा की कार्यशाला, 14 राज्यों के 25 मंत्री हुए शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित जल प्रबंधन की कार्यशाला में 14 राज्यों ने अपने अपने अनुभव साझा किये और पानी के बेहतर संरक्षण एवं प्रबंधन के उपाय सीखे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने मीडिया को इस कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यशाला जल से जुड़े विभिन्न विभागों के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने और राज्यों में जल प्रबंधन को बेहतर करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। विनय सहस्त्रबुद्धे के मुताबिक, इससे पहले केन्द्र सरकार की ओर से सभी राज्यों के जलशक्ति मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। उसके समापन के बाद भाजपा की यह कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने किया। इसके बाद आज विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गये। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में 14 राज्यों के 25 जलशक्ति मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इनमें सिंचाई, ग्रामीण पेयजल,



पेयजल एवं स्वच्छता और जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग जैसे जल से जुड़े विभागों को संभालने वाले मंत्री शामिल हैं। कार्यशाला के पहले सत्र में 'इफ़ेक्टिव मिनिस्ट्रियल एस्टैब्लिशमेंट' यानी मंत्रालय के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके बाद विशेषज्ञों ने 'इंडिया वाटर स्टोरी' के तहत भारत में जल संसाधनों की मौजूदा स्थिति और उनसे जुड़ी चुनौतियों पर जानकारी दी। सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि कार्यशाला में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय और संबंधों को लेकर भी एक सत्र आयोजित किया गया। अन्य सत्रों में जल प्रबंधन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ● शेष पेज 11 पर

वाराणसी में बाढ़ के हालात पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिया अपडेट, डीएम-मेयर से की बात

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बाढ़ और राहत कार्य का हाल लेकर तैयारियों की जानकारी ली है। गुरूवार को प्रधानमंत्री मोदी ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और महापौर अशोक तिवारी से अलग-अलग टेलीफोन से वार्ता कर बाढ़ की जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने वाराणसी में बाढ़ की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान जिलाधिकारी से नदी के जलस्तर के साथ ही राहत कैम्पों में प्रदान की जा रही जा रही व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा और वरूणा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। केंद्रीय जल आयोग की राजघाट गेज साइट के अनुसार गुरुवार दोपहर यहां गंगा का जलस्तर 12 बजे तक 70.60 मीटर दर्ज किया गया है जबकि खतरे का निशान 71 .26 मीटर है। प्रति घंटे एक सेमी जल स्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिए कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के राहत के लिए युद्धस्तर पर कार्य करते हुए उन्हें ● शेष पेज 11 पर

रक्षा क्षेत्र में सहयोग के साथ भारत-बेल्जियम पांच सालों में करेंगे व्यापार दोगुना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । भारत और बेल्जियम अपने व्यापार को अगले 5 सालों में दोगुना करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के नेताओं के बीच गुरुवार को हुई वार्ता के बाद 10 विषयों पर सहमति बनी। इसमें रक्षा क्षेत्र में सहयोग सबसे अहम रहा। यूरोपीय रक्षा सप्लाई चेन के तहत अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता हासिल करने तथा देश में रक्षा उत्पादन, तकनीकी विकास और सह-निर्माण को बढ़ावा देने तथा रक्षा नवाचार में निवेश के लिए दोनों देशों के बीच में आज करार हुआ है। विदेश मंत्रालय के अनुसार बेल्जियम सुरक्षा और रक्षा उद्योग संघ (बीडीएसआई) और भारतीय रक्षा निर्माता सोसायटी (एसआईडीएम) के बीच और निकट भविष्य में ब्रुसेल्स में भारतीय दूतावास में एक रेजिडेंट डिफेंस अटैची नियुक्त करने पर समझौता हुआ है। देश में निवेश में तेजी के लिए एक तंत्र बनाया जाएगा। इससे भारत को बेल्जियम से बड़े स्तर पर भारत से निवेश प्राप्त होने की संभावना है। भारत और बेल्जियम अपने



बिजनेस फॉर्म को संस्थागत बनाने पर सहमत हुए हैं। इससे दोनों देशों से भारतीयों को बेल्जियम और यूरोपीय व्यापार जगत के साथ मिलकर व्यापार के अवसर तलाश में मदद मिलेगी। भारत और बेल्जियम काउंसलर डायलॉग स्थापित करेंगे, ताकि छात्रों, प्रोफ़ेशनल और यात्रियों तथा व्यापारियों की आवाजाही आसान हो। इसके अलावा दोनों देशों के बीच नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ा समझौता हुआ है। संगठित अपराध और अंतर्राष्ट्रीय साइबर तथा अन्य अपराधों से जुड़े मामलों के लिए दोनों देशों की एजेंसियों (सीबीआई और बेल्जियम की संघीय ● शेष पेज 11 पर

भारत-बेल्जियम के बीच 10 रक्षा रणनीतिक समझौते, भारत में होगा रॉकेट और बारूदी सुरंग रोधी प्रणालियों का उत्पादन

नई दिल्ली। भारत और बेल्जियम ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को नई ऊंचाई देते हुए 10 बड़े रणनीतिक समझौतें किये हैं। इनके तहत भारत में गोला-बारूद, 70 एमएम रॉकेट, नौसेना की बारूदी सुरंग रोधी प्रणालियां, काउंटर-ड्रोन प्रणाली और समुद्री डीजल इंजन समेत आधुनिक रक्षा उपकरणों का निर्माण और सह-उत्पादन किया जाएगा। यह सहयोग भारत की 'मेक इन इंडिया' और रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने के साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी का आधार तैयार करेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की 2 से 4 सितंबर तक भारत की आधिकारिक ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

स्वच्छ ऊर्ज़ा भविष्य और भरोसेमंद सप्लाई चेन भारत-बेल्जियम की साझा प्राथमिकताएं

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और बेल्जियम के संबंध परंपरागत क्षेत्र से आगे बढ़कर रक्षा और स्वच्छ ऊर्ज़ा जैसे रणनीतिक क्षेत्र तक पहुंच गए हैं। स्वच्छ ऊर्ज़ा भविष्य और भरोसेमंद सप्लाई चेन दोनों देशों की साझा प्राथमिकताएं हैं। अगले पांच वर्षों में हम द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच सैन्य और प्रशिक्षण सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी है। हम अपनी एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी भी साझा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश जोरावर टैंक जैसे आधुनिक रक्षा उपकरणों पर साथ काम कर



रहे हैं। आंध्र प्रदेश के काकिनाड़ा में हम दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन अमोनिया प्रोजेक्ट्स में से एक डेवलप कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवीकरणीय ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आज दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है। दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण में सहयोग बढ़ाने का हमने निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में बेल्जियम की विशेषज्ञता और भारत के स्तर एक दूसरे के पूरक हैं। इस दिशा में हम बेल्जियम के आईएमईसी इंस्टिट्यूट को भारत के सेमीकंडक्टर तंत्र से जोड़ने के लिए मिलकर काम करेंगे। वैश्विक विषयों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और बेल्जियम दोनों ही नियम आधारित व्यवस्था, संवाद और कुटनीति पर विश्वास रखते हैं। दोनों देश यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के प्रयासों का समर्थन करते हैं और आतंकवाद के हर रूप को जड़ से समाप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराते हैं। ● शेष पेज 11 पर

उचित संरक्षण पाने पर सामान्य गुण भी परम श्रेष्ठता और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को साझा सुभाषितम् में उचित संरक्षण पाने पर सामान्य गुण भी परम श्रेष्ठता और प्रतिष्ठा प्राप्त करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने संस्कृत के एक श्लोक को 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, पात्रविशेषे न्यस्तं गुणान्तरं व्रजति शिल्पमाधातुः। जलमिव समुद्रशुक्तौ मुक्ताफलतां पयोदयस्य। जिसका अर्थ है, व्यक्ति या वस्तु की सार्थकता और उसका उत्थान इस बात पर निर्भर करता है कि वह किस प्रकार के पात्र या परिवेश को प्राप्त करती है। जिस प्रकार साधारण जल भी सीप के संपर्क में आने से अमूल्य मोती बन जाता है, उसी प्रकार उचित और सुयोग्य आश्रय मिलने पर सामान्य गुण भी परम श्रेष्ठता और प्रतिष्ठा को प्राप्त कर लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अभिनेता एवं फिल्म निर्माता उत्तम कुमार को उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, ''महानायक उत्तम कुमार एक ऐसे दिग्गज कलाकार जिनकी सदाबहार अदाकारी हर पीढ़ी के लोगों को जोड़ती है। ● शेष पेज 11 पर

श्री राम जन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट के नवनियुक्त सीईओ जितेंद्र मिश्र ने पहली बैठक में लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

अयोध्या । श्री राम जन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट के नवनियुक्त सीईओ जितेंद्र मिश्रा ने गुरुवार को पहली बैठक में हिस्सा लिया है। पहली बैठक को सीईओ ने परिचयात्मक बैठक बताया। बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने एक-दूसरे के बारे में जानकारी हासिल की। सदस्यों ने एक-दूसरे की कार्यशैली को समझने का प्रयास किया।

सीईओ अगले दो से पांच दिनों तक ट्रस्ट के साथ बैठकर कामकाज समझेंगे। ट्रस्ट की कार्यप्रणाली को पूरी तरह समझने के बाद ही औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करेंगे। पत्रकारों से मुखातिब जितेन्द्र मिश्र ने अपने भारतीय वायु सेना के लंबे सेवा अनुभव का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 17 साल की उम्र में देवरिया के गांव से निकलकर राष्ट्र सेवा की शुरुआत की थी। करीब 60 साल की उम्र तक भारतीय वायु सेना में सेवा



❐ भगवान श्रीराम ने अब राम मंदिर और राम भक्तों की सेवा का दोबारा मौका दिया है : जितेंद्र मिश्रा

करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने अब राम मंदिर और राम भक्तों की सेवा का दोबारा मौका दिया है। उन्होंने कहा कि चयन समिति का धन्यवाद है और ट्रस्ट का भी धन्यवाद है। प्रभु श्री राम की है कृपा है। देश की सेवा के बाद राम भक्तों की सेवा करने का अवसर मिलने से मेरा हृदय भावुक है। मेरे जीवन की यह बड़ी अनुभूति है। एक बार राष्ट्र सेवा और आज राम की सेवा, राम भक्त और राम मंदिर ट्रस्ट की सेवा का अवसर मिला है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा कॉरिडोर बनेगा टेक हब, ताइवान से यूपी में निवेश और युवाओं के लिए रोजगार लाने की तैयारी

❐ यूपी प्रतिनिधिमंडल की मीडियाटेक और एडीएटीए के साथ विस्तार और निवेश संभावनाओं पर हुई उच्चस्तरीय चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ताइवान दौरे के दौरान वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों मीडियाटेक और एडीएटीए टेक्नोलॉजी के साथ रणनीतिक बैठकें कर राज्य को सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया।

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मीडियाटेक के चेयरमैन मिंग-काई त्साई से मुलाकात की। बैठक में कंपनी के भारत में मौजूदा परिचालन, उत्तर प्रदेश में विस्तार और विविधीकरण की संभावनाओं पर चर्चा हुई। वार्ता में राज्य के तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम, विनिर्माण अवसंरचना और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में उत्तर प्रदेश की संभावित भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने एडीएटीए टेक्नोलॉजी के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मुलाकात कर भारत में कंपनी की विस्तार योजनाओं को सहयोग देने के संभावित अवसरों पर चर्चा की। इन बैठकों में इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनीष मीणा भी शामिल रहे।

सेमिकॉन ताइवान में भागीदारी के साथ उत्तर प्रदेश ने वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के समक्ष सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स निवेश का अपना प्रस्ताव सीधे रखा तथा विनिर्माण विस्तार और आपूर्ति श्रृंखला के नए अवसरों पर बातचीत शुरू की।

भारत-ताइवान इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला पर आयोजित एक पैनल चर्चा में आलोक कुमार ने अपस्ट्रीम वैल्यू चैन मैन्युफैक्चरिंग को आकर्षित करने, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और स्वदेशी बौद्धिक संपदा के विकास को प्रोत्साहित करने की उत्तर प्रदेश की रणनीति प्रस्तुत की। उन्होंने नोएडा-ग्रेटर नोएडा-यमुना एक्सप्रेसवे कॉरिडोर को राज्य की प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में रेखांकित किया। आलोक कुमार ने कहा कि ह्लउत्तर प्रदेश ऐसा इकोसिस्टम विकसित कर रहा है, जहां वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों को विनिर्माण, आपूर्ति श्रृंखला, प्रतिभा और नवाचार के क्षेत्र में दीर्घकालिक अवसर मिल सकें। हमारा उद्देश्य ऐसी परिस्थितियां तैयार करना है, जिनसे कंपनियां विश्वास के साथ विस्तार कर सकें और एक मजबूत प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम का हिस्सा बनें। यह पहल सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में नए निवेश, प्रौद्योगिकी क्षमताओं, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और युवाओं के लिए उच्च-मूल्य रोजगार के नए अवसर पैदा करने की उत्तर प्रदेश की रणनीति को गति दे सकती है।

राज्य अपनी रणनीति को आईएसएम 2.0, ईसीएमएस और एमपीएमएस जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 से जोड़ रहा है। इन्वेस्ट यूपी, यीडा तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग औद्योगिक अवसंरचना, नीतिगत प्रोत्साहनों और सुगम स्वीकृति प्रक्रियाओं के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

कोरांव में कानून व्यवस्था ध्वस्त!,पीड़ितों का शोषण चरम पर, नवागत पुलिस आयुक्त से लगाई गुहार

❐ डग्गामार वाहनों से लेकर थाने में दलाली तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। कोरांव थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। क्षेत्र में बिना वैध प्रपत्र के डग्गामार वाहन धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन वाहनों में यात्रियों को भूसे की तरह ठूंस-ठूंस कर बैठाया जाता है, जिसका विरोध करने पर झगड़ा-विवाद आम बात हो गई है। वहीं बसें भी बिना परमिट के चल रही हैं, बुकिंग परमिट लेकर कमर्शियल में चलाकर राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई जा रही है। बस कंडक्टरों द्वारा महिलाओं से अभद्र व्यवहार व मनमाना किराया वसूलने और कम किराया देने पर रास्ते में उतार देने के आरोप भी सामने आ रहे हैं।

इसके अलावा क्षेत्र में बोल्डर, पत्थर, गिट्टी का अवैध परिवहन बिना वैध प्रपत्र के जोरों पर है। देशी-अंग्रेजी शराब के ठेकों पर अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे गाली-गलौज व मारपीट की नौबत आ जाती है, लेकिन पुलिस गश्त कर कड़ाई नहीं करती। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं व मुकदमों में भी इजाफा हुआ है।

थाने में दलालों का कब्जा, बिना सुविधा शुल्क के नहीं होता काम-पीड़ितों का आरोप

थाने के इर्द-गिर्द दलालों का जमघट लगा रहता है और उन्हीं के माध्यम से मामलों की सौदेबाजी होती है। थाने पर जाने वाला पीड़ित पक्ष मदद के बजाय कदम-कदम पर शोषण का शिकार होता है। चाहे मुकदमा लिखवाना हो या 151 में चालान, बिना सुविधा शुल्क के काम नहीं होता।

एक वादी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि - ''मुकदमा लिखते समय देना पड़ता है, ~~कापी~~ की कॉपी लेनी हो तो देना है, चार्जशीट लगवानी हो तो देना है, इएच ऑफिस चार्जशीट पहुंच जाए तो न्यायालय भेजने के लिए देना है, प्रॉसिक्यूशन में जाए तो वहां भी देना है, कोर्ट में दाखिल कराने के लिए भी देना है, पैरोकार को भी देना है, फिर न्याय कब मिलेगा ईश्वर ही मालिक है। तब तक एक पीड़ित का कितना शोषण हो चुका होता है, न्याय पाना टेढ़ी खीर है।'' आईजीआरएस शिकायतों में भी पुलिस कोई रुचि नहीं लेती, रटी-रटाई आख्या लगाकर निस्तारण कर दिया जाता है। जमीनी मामलों में सिर्फ पाबंद करके रिपोर्ट लगाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। कई-कई दिनों तक थाने में बेकसूर लोगों को बैठाए रखने के भी आरोप हैं। जिससे जनता का विश्वास इस पुलिस सिस्टम से टूट गया है। क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने नवागत पुलिस आयुक्त प्रयागराज से इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रयागराज-रीवा हाईवे पर अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, मौके पर मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कौंधियारा के जारी चौकी क्षेत्र के मैदा मोड़ के पास प्रयागराज- बताया गया कि घ्टड्ड 5306 द्वारा सूचना दी गई थी कि प्रयागराज जाने वाले रूट पर सड़क के बीचों-बीच एक व्यक्ति की डेड बॉडी पड़ी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कौंधियारा व चौकी प्रभारी प्रहलाद पाल जारी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। प्रथम दृष्टया मृतक नशेड़ी व मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस ने मौके पर मौजूद गौहानी, थाना बारा निवासी विजय कुमार पुत्र इंद्रजीत, अनिल कुमार पुत्र राजभान व गोलू कुमार पुत्र चंदर सहित अन्य लोगों से पूछताछ कराई, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी।पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए ट्टटग हॉस्पिटल प्रयागराज भेज दिया है। थाना प्रभारी कौंधियारा ने बताया कि मृतक की पहचान होने के बाद तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है, कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

कोरांव में दो महिलाएं लापता, पुलिस ने जनता से मांगी मदद

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कोरांव क्षेत्र से दो महिलाओं के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक नीशा सिंह पुत्री सूर्यभान सिंह, उम्र 38 वर्ष, रंग गोरा, लंबाई 5 फीट, बेलवनिया पुरा मनियरा, थाना कोरांव की रहने वाली है जो 20 जुलाई 2026 से लापता है। वही दूसरी हीरावती पत्नी राजू वर्मा, उम्र 29 वर्ष जो मिश्रपुर, थाना कोरांव की रहने वाली है हीरावती13 जुलाई 2026 से लापता है। पीड़ितों के मुताबिक दोनों के परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

कैलहट रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, सोशल मीडिया से हुई पहचान

मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के चुनार कोतवाली क्षेत्र के कैलहट रेलवे लाइन पर गुरुवार को 38 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मीरजापुर भेज दिया। पहचान के लिए सोशल मीडिया और आसपास के लोगों की मदद ली गई। बाद में सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर युवक की पत्नी ने उसकी पहचान अपने पति के रूप में की। उप निरीक्षक हरे राम चौरसिया ने बताया कि प्रयागराज जिले के करछना थाना क्षेत्र के खाईपुर गांव निवासी सुनील केसरवानी (38) पुत्र गुलशन केसरवानी अपनी पत्नी और एक अन्य युवती के साथ चुनार क्षेत्र के दीक्षितपुर में किराए के मकान में रहता था। वह मजदूरी करता था। पुलिस के अनुसार बुधवार रात कैलहट स्थित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से सुनील की मौत हो गई। गुरुवार को रेलवे लाइन पर शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान तत्काल नहीं हो सकी थी। पुलिस ने पहचान के लिए शव का फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित कराया। फोटो वायरल होने के बाद दीक्षितपुर में किराए के मकान में रहने वाली मृतक की पत्नी ने उसे पहचान लिया। इसके बाद पुलिस ने परिजन को घटना की जानकारी दी। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद घटना की स्थिति और अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

हमीरपुर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त -व्यस्त, 50 घरों में घुसा पानी, रोडवेज बस भी फंसी

हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण गुरुवार को इचौली गांव की नई बस्ती के करीब 50 घरों में पानी घुस गया। कपसा नहर और इचौली रेलवे अंडरपास में गंभीर जलभराव से यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जहां एक रोडवेज बस भी पानी में फंस गई। क्षेत्र में बारिश का कहर इस कदर जारी है कि पिछले दो दिनों में 123 कच्चे मकान गिर गए, जिससे तहसील में ढहे मकानों की कुल संख्या 323 तक पहुंच गई है। इचौली में निर्माणाधीन वेयरहाउस की पुलिया से जल निकासी न होने के कारण स्थिति बिगड़ी। बस्ती में पानी भरता देख आक्रोशित महिलाएं खुद फावड़ा लेकर पुलिया काटने निकल पड़ीं। ग्राम प्रधान गंगादीन वर्मा द्वारा एसडीएम करनवीर सिंह को सूचित किए जाने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस व राजस्व प्रशासन ने जेसीबी मंगवाकर पुलिया कटवाई, तब जाकर पानी निकला और ग्रामीणों ने राहत महसूस की। दूसरी ओर, अंडरपास में फंसी रोडवेज बस के यात्रियों को एक किलोमीटर पानी में पैदल चलकर इचौली बस स्टॉप पहुंचना पड़ा। वहीं लारौंद, पढ़ोरी और शिवनी में रपटों के ऊपर से पानी बहने के बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर आने-जाने को मजबूर हैं। एसडीएम करनवीर सिंह ने गुरुवार को शाम बताया कि प्रभावित इलाकों में राजस्व टीमों को क्षति के आकलन हेतु सर्वे में लगाया गया है। रिपोर्ट मिलते ही सभी पात्र प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा राशि वितरित की जाएगी।

ठाकुरद्वारा के बहापुर बलिया में सात पिंजरे लगाए गए

मुरादाबाद , कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में ठाकुरद्वारा और कंठ तहसील में तेंदुए की दहशत के बीच वन विभाग ने रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को कई संवेदनशील गांवों से तेंदुआ देखे जाने की सूचनाएं मिलने के बाद वन कर्मियों ने दिन-रात गश्त की। बहापुर बलिया गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए सात पिंजरे लगाए गए हैं। थर्मल ड्रोन से भी जंगल और खेतों में तेंदुए की तलाश की गई। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि ठाकुरद्वारा तहसील के कल्याणपुर, बहापुर बलिया, मासूमपुर, गजेड़ा आलम, भायपुर और कंठ तहसील के कुचावली, खलीलपुर कद्दीम, फायरिंग रेंज, 22 बागड़पुर में तेंदुआ दिखाई देने की सूचनाएं वन विभाग को मिलीं। ठाकुरद्वारा तहसील के संवेदनशील गांवों में कुल 30 पिंजरे लगाए गए हैं। तेंदुए की गतिविधि दूसरे क्षेत्र में मिलने पर पिंजरों का स्थान भी बदला जा रहा है। बहापुर बलिया, बल्लभगढ़, लालापुर पीपलसाना, पाड़ला और तालमपुर समेत स्थानों पर 20 एनिडर डिवाइस लगाई गई हैं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट अस्पष्ट होने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त, नोएडा सीएमओ तलब

प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट हाथ से लिखकर अस्पष्ट रूप में तैयार करने के मामले पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और संबंधित मेडिकल ऑफिसर को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने आरोपी छत्रपाल की जमानत अर्जी की सुनवाई के दौरान पारित किया। याची के अधिवक्ता ने मृतका गौरी पाल उर्फ पूजा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट की स्पष्ट प्रति दाखिल करने से छूट मांगते हुए आवेदन दिया था, क्योंकि जमानत अर्जी में लगी प्रति पढ़ने योग्य नहीं थी। कोर्ट ने पाया कि आवेदक इसकी कोई स्पष्ट प्रति पेश नहीं कर सका, इसलिए छूट की अर्जी खारिज कर दी गई और आवेदक को स्पष्ट प्रति दाखिल करने का निर्देश दिया गया।

विहिप के स्थापना दिवस पर हिंदू समाज को संगठित करने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को कोन प्रखंड के तिलठी स्थित प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिंदू समाज को जाति, मत, पंथ और भाषा के भेद से ऊपर उठकर संगठित एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद सिंह पटेल ने की और संचालन प्रांत सत्संग प्रमुख महेश तिवारी ने किया।

मुख्य अतिथि क्षेत्र सत्संग प्रमुख दिवाकर ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई के पवई स्थित सांदीपनी साधनालय में हुई थी। इसका उद्देश्य समाज में व्याप्त छुआछूत और आपसी विषमता को समाप्त कर भेदभाव मुक्त हिंदू समाज का निर्माण करना था। उन्होंने स्थापना के समय उपस्थित प्रमुख संतों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन ने विश्वभर में रहने वाले हिंदुओं को जाति, मत, पंथ, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से ऊपर उठकर एकजुट करने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि 1966, 1978 और 1989 के विश्व हिंदू सम्मेलनों में हिंदू समाज की व्यापक एकजुटता देखने को मिली। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए उन्होंने गोरक्षा, सेवा, घर वापसी, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी जैसे कार्यों को संगठन की गतिविधियों का हिस्सा बताया। दिवाकर ने कहा कि अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष में कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों को और प्रभावी बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, विद्याभूषण दुबे, विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल, संगठन मंत्री अमित पाठक, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, पूर्व प्रांत संगठन मंत्री मनोज श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जलभराव में फंसे 25 परिवारों के बचाव में उतरी एनडीआरएफ, भौती-पनका पुल बंद

❐ गोपालपुरम-जरौली फ़ेज-2 में राहत एवं बचाव कार्य शुरू, पुल के ऊपर से बह रहा पांडु नदी का पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर में पांडु नदी का जलस्तर बढ़ने से गोपालपुरम और जरौली फ़ेज-2 के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई। गुरुवार को करीब 25 परिवारों के पानी के बीच फंसे होने की सूचना पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया, जबकि प्रशासन की टीमें भी प्रभावित इलाकों में लगातार निगरानी कर रही हैं।

संयुक्त मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर अनुभव सिंह और तहसीलदार सदर विनय द्विवेदी ने पांडु नदी के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। प्रभावित लोगों के लिए राहत किट की भी व्यवस्था कराई गई है। आज ग्राम पनका बहादुर नगर में भौती-पनका संपर्क मार्ग स्थित पुल के ऊपर से पांडु नदी का पानी बहने लगा। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने पुल पर बैरिकेडिंग कराकर आवागमन पूरी तरह बंद करा दिया। स्थानीय पुलिस को मौके पर सतर्क रहने और पुल से किसी भी तरह का आवागमन प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने भी मायापुरम और रविदासपुरम के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में रह रहे लोगों से सुरक्षा के दृष्टिगत निकट स्थित बाढ़ आश्रय स्थल श्री विशम्भर नाथ ठाकुर इंटर कॉलेज में पहुंचने की अपील की। बाढ़ आश्रय स्थल पर प्रभावित लोगों के लिए सामुदायिक रसोई शुरू कर दी गई है। यहां रोजाना करीब 400 लोगों के लिए भोजन तैयार कराया जा रहा है। प्रशासन पांडु नदी के जलस्तर और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी मस्जिद के इमाम की सजा बरकरार

❐ कोर्ट ने नहीं दी राहत, सजा के खिलाफ अपील खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पीलीभीत जिले की एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी मस्जिद के इमाम इश्तियाक अहमद की सजा को बरकरार रखते हुए उसकी अपील खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी की एकलपीठ ने यह फैसला सुनाया।

यह घटना 22 अप्रैल 1981 को मुंडलिन गैसू गांव में हुई थी, जब पीड़िता मदरसे जाते समय आरोपी इमाम का शिकार बनी। घटना की सूचना पर पहुंचे गवाहों ने आरोपी को हुजरे से भागते देखा और अंदर पीड़िता को गंभीर हालत में पाया। इसी आधार पर उसी दिन प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, पीलीभीत ने 11 मई 1984 को धारा 376 भारतीय दंड संहिता के तहत आरोपी को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास और 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ यह अपील दाखिल की गई थी। अपीलकर्ता के वकील ने एफआईआर दर्ज कराने में देरी, चिकित्सकीय रिपोर्ट में दुष्कर्म की स्पष्ट पुष्टि न होने, कपड़ों की फोरेंसिक जांच न होने और गवाहों के बयानों में विसंगतियों का हवाला देते हुए सजा को चुनौती दी। आरोपी ने गांव की राजनीति और अनाज की मांग को लेकर विवाद के चलते फंसाए जाने का दावा भी किया था। अदालत ने कहा कि साढ़े चार घंटे की देरी असामान्य नहीं मानी जा सकती, क्योंकि पीड़ित परिवार पहले पीड़िता के इलाज को प्राथमिकता देता है। मेडिकल रिपोर्ट में योनि में चोट और खून बहने के प्रमाण मिले थे, जो पीड़िता के बयान की पुष्टि करते हैं। कोर्ट ने कहा कि जांच में मामूली खामियां होने मात्र से पूरा अभियोजन पक्ष संदिग्ध नहीं हो जाता, यदि साक्ष्य ठोस हैं। न्यायालय ने कहा कि पीड़िता और चश्मदीद गवाह के बयान विश्वसनीय पाए गए, इसलिए ट्रायल कोर्ट का फैसला सही और वैध है। हाईकोर्ट ने अपील खारिज करते हुए दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा तथा जमानत पर चल रहे आरोपी को तुरंत निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर शेष सजा भुगतने का आदेश दिया।

डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल से ग्राम सरसवां, अर्जुनगंज मंडल से निकली 63वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा



❐ डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में अब तक 8,800 से अधिक श्रद्धालुओं ने किए प्रभु श्रीरामलला सहित अयोध्या धाम के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन

❐ डॉ राजेश्वर सिंह की 'कोई वंचित न रहे' की भावना से वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति एवं जरूरतमंद परिवारों को मिला प्रभु दर्शन का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रभु श्रीराम केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा, सेवा और राष्ट्रधर्म के सजीव प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा, संस्कार और समरसता की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा आज एक प्रेरणादायी जनसेवा अभियान का स्वरूप धारण कर चुकी है।

इसी क्रम में ग्राम सरसवां, मंडल अर्जुनगंज से 63वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के दिव्य दर्शन के साथ अयोध्या धाम के अन्य प्रमुख मंदिरों एवं पवित्र आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन-पूजन किए तथा रामनगरी की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का अनुभव प्राप्त किया। यह यात्रा केवल अयोध्या धाम तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश लेकर आगे बढ़ने वाला अभियान बन चुकी है। रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का शुभारंभ 27 सितंबर 2022 को डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती तारा सिंह जी की पावन स्मृति में किया गया था। इस सेवा-यात्रा का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति एवं आर्थिक रूप से कमजोर श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम ले जाकर प्रभु श्रीरामलला सहित प्रमुख मंदिरों एवं पवित्र स्थलों के दर्शन कराना है। डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में अब तक 8,800 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीरामलला के दिव्य दर्शन के साथ विभिन्न तीर्थस्थलों की आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर चुके हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जलपान, भोजन, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम के प्रमुख मंदिरों एवं पवित्र स्थलों में दर्शन-पूजन कर आध्यात्मिक शांति एवं आनंद की अनुभूति प्राप्त की। उन्हें रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता एवं प्रसाद भेंटस्वरूप प्रदान किया गया। ''जय श्रीराम'' के उद्घोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

डॉ. राजेश्वर सिंह के विचारों के अनुरूप इस यात्रा का उद्देश्य केवल तीर्थ दर्शन कराना नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों—मर्यादा, त्याग, सेवा, कर्तव्य और राष्ट्रधर्म—को जन-जन तक पहुंचाना भी है। यह अभियान नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और अपनी आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों एवं जरूरतमंद परिवारों को आस्था के प्रमुख केंद्रों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

63वीं यात्रा के साथ रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा सेवा अभियान ने 8,800 से अधिक श्रद्धालुओं तक पहुंचने का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है। यह उपलब्धि निरंतर सेवा, जनसहभागिता और सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं की प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट आस्था का प्रमाण है। सरोजनीनगर परिवार के लिए यह यात्रा अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, बुजुर्ग सम्मान और सामाजिक एकता का सशक्त जनआंदोलन बन चुकी है। संकल्प है कि सरोजनीनगर में रामभक्ति, सेवा और समरसता की यह अखंड ज्योति निरंतर प्रज्ज्वलित होती रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	106-टेली/टेंडर/26/2026-27
कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के मार्गस्थ (वे–साइड) स्टेशनों पर अनुरक्षण–मुक्त अर्थिंग तथा सर्ज सुरक्षा उपकरण (एसपीडी) की व्यवस्था का कार्य।
अनुमानित लागत	रु. 2,51,64,561.17/-
निविदा प्रपत्र की कीमत	शून्य
धरोहर राशि	रु. 5,03,300.00/-
कार्य पूरा करने की अवधि	270 दिन
निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	22.09.2026 15:30 Hrs
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–टेली / टेंडर / 26 / 2026–27 दिनांक 01.09.2026

3017/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी से 11,350 ग्राम पंचायतों में आधुनिक अध्ययन

❐ 80 हजार से अधिक डिजिटल अध्ययन सामग्री से होगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरियों की स्थापना की जा रही है। इन लाइब्रेरियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों एवं युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास तथा डिजिटल शिक्षण के लिए गाँव में ही आधुनिक अध्ययन सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

योजना के प्रथम चरण में 75 जनपदों में पुस्तकों एवं 72 जनपदों में फर्नीचर की आपूर्ति शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। अब तक 11, 350 ग्राम पंचायतों में पुस्तकों तथा 11,321 ग्राम पंचायतों में आधुनिक फर्नीचर की स्थापना पूरी की जा चुकी है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी पर लगभग ?4 लाख का निवेश किया जा रहा है, जिसमें पुस्तकों, आईटी उपकरणों तथा आधुनिक फर्नीचर की



व्यवस्था शामिल है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 80 हजार से अधिक डिजिटल अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल एवं इंटरैक्टिव क्विज उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। जनपद मथुरा की ग्राम पंचायत अडिंग स्थित डिजिटल लाइब्रेरी ज्ञानम् ज्योतिः से अध्ययन कर टिटू शर्मा एवं मनीष यादव का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक एसआई पद पर हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दोनों युवाओं को सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध होने पर प्रतिभाएँ नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकती हैं।

डिजिटल लाइब्रेरी योजना ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। सरकार का लक्ष्य है कि गाँव का कोई भी प्रतिभाशाली छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे। आधुनिक अध्ययन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने का हमारा संकल्प लगातार साकार हो रहा है। डिजिटल लाइब्रेरी केवल एक पुस्तकालय नहीं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम है। विभाग का प्रयास है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल संसाधनों के साथ गुणवत्तापूर्ण अध्ययन का वातावरण मिले।

लखनऊ नगर निगम का 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' अब 11 सितम्बर को होगा आयोजित

लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा शहरवासियों को प्रदान की जा रही विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आयोजित किया जाने वाला 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' इस माह निर्धारित तिथि पर आयोजित नहीं किया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के सार्वजनिक अवकाश के कारण कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन किया गया है। नगर निगम की ओर से प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित होता है। इस दौरान शहरवासी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। माह सितम्बर 2026 का प्रथम शुक्रवार 04 सितम्बर को पड़ रहा है। इस दिन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। नगर आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में अब उक्त कार्यक्रम आगामी शुक्रवार अर्थात 11 सितम्बर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

चंद्रिका देवी धाम में बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ विधायक योगेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा

बख्शी का तालाब, लखनऊ । प्रसिद्ध तीर्थस्थल मां चंद्रिका देवी धाम में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल शुरू हो गई है। क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर कठवारा स्थित चंद्रिका देवी धाम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की स्थापना कराने की मांग की है।

विधायक ने पत्र में कहा है कि मां चंद्रिका देवी धाम प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। विभिन्न जिलों और प्रदेशों से श्रद्धालुओं के आने के कारण धाम में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता भी लगातार बनी रहती है।धाम तक आवागमन सुगम बनाने के लिए इटौंजा से शिवपुरी होते हुए चंद्रिका देवी धाम तक सड़क का निर्माण कराया गया है। इसके बावजूद धाम और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान में यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा है, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या और आसपास की बड़ी आबादी को देखते हुए इसे पर्याप्त नहीं माना जा रहा है।

विधायक ने कहा कि बीमारी, दुर्घटना या अन्य किसी आपात स्थिति में मरीजों को बेहतर उपचार के लिए दूर जाना पड़ता है। ऐसे में धाम में सीएचसी की स्थापना होने से श्रद्धालुओं के साथ आसपास के गांवों के लोगों को भी तत्काल और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।विधायक ने मुख्यमंत्री से सीएचसी की स्थापना के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया है। सीएचसी स्थापित होने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होने के साथ ही आपात स्थिति में लोगों को समय पर उपचार मिल सकेगा। इससे चंद्रिका देवी धाम आने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

राजाजीपुरम में पहली बार दही हांडी व कान्हा उत्सव डांस प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजाजीपुरम स्थित गख़उघ्ख़ मिनी स्टेडियम में पहली बार दही हांडी एवं कान्हा उत्सव डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के संबंध में गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। राधा रमण समूह द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, युवा प्रतिभा और सामाजिक एकता को समर्पित होगा।

आयोजक अजय तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 5 सितंबर 2026 को शाम 4 बजे से गख़उघ्ख़ मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें क्षेत्र की विभिन्न युवा एवं गोविंदा टीमें दही हांडी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इसके साथ ही कान्हा उत्सव डांस प्रतियोगिता के माध्यम से युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

शीलू बाजपेयी के अनुसार गख़उघ्ख़ मिनी स्टेडियम में पहली बार इतने बड़े स्तर पर दही हांडी, कान्हा उत्सव और



डांस प्रतियोगिता का एक साथ आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध इस महत्वपूर्ण खेल एवं आयोजन स्थल को सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाना तथा युवाओं और कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच उपलब्ध कराना है।

पूर्व पार्षद शिव पाल सावरिया ने कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को नई पीढ़ी से जोड़ने के साथ ही युवाओं में उत्साह, रचनात्मकता और सामाजिक एकता की भावना को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में राजाजीपुरम क्षेत्र में संस्कृति, कला और युवा ऊर्जा का विशेष संगम देखने को मिलेगा। प्रेस वार्ता में अजय तिवारी, मोहित शुक्ला, प्रेम तिवारी, शैलेश बाजपेई 'शीलू', सुष्मिता भट्टाचार्य सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कान्हा की भक्ति में सराबोर हुआ एसके पब्लिक हाई स्कूल, बच्चों ने बांधा समां



❐ जन्माष्टमी समारोह में पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त व पूर्व विधायक अम्ब्रीश पुष्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के ग्राम सभा डलौना स्थित एस.के पब्लिक हाई स्कूल में जन्माष्टमी समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर का विद्यालय प्रबंधक सुशील कुमार शुक्ला ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां और खेलकूद भी जरूरी हैं। हर बच्चे में प्रतिभा छिपी होती है, जिसे मंच मिलने पर निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यालय परिवार की प्रगति और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों, ग्रामीणों समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

भारत एकेडमी में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी, नन्हे-मुन्नों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत एकेडमी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूप में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नृत्य, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी बाल लीलाओं को प्रस्तुत किया। नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललित जायसवाल, अनुराग सिंह चौहान, श्वेता मिश्रा, अंजली त्रिपाठी एवं प्रियांशी मिश्रा सहित भारत एकेडमी के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं धार्मिक मूल्यों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं कृष्ण भक्ति के माहौल में हुआ।

अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी, घर में तोड़फोड़ का आरोप

चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट थाना क्षेत्र में एक अधिवक्ता ने एक महिला समेत कुछ लोगों पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने और सामान में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर चिनहट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तहरीर के मुताबिक, पीड़िता अनीशा द्विवेदी, निवासी पीएन रोड, लखनऊ, पेशे से अधिवक्ता हैं। आरोप है कि रात करीब 10:25 बजे एक महिला अपने तीन-चार पुरुष साथियों के साथ उनके फ्लैट पर पहुंची। आरोप है कि दरवाजा जोर-जोर से पीटने के बाद महिला ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने घर में रखे इन्वर्टर, बैटरी, गमले, कुर्सी, स्टूल और अन्य सामान को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। घटना की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112 पर भी दी गई। पीड़िता ने अपनी सुरक्षा को लेकर भी पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि संबंधित महिला के खिलाफ पूर्व में भी विवाद और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े मामले होने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में उनके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर चिनहट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पति पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न और धमकी का आरोप, चिनहट थाने में शिकायत

चिनहट लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट, दहेज के लिए प्रताड़ित करने, धमकी देने और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के मुताबिक महिला का विवाह फरवरी 2024 में चिनहट क्षेत्र निवासी युवक से हुआ था। आरोप है कि शादी में मायके पक्ष की ओर से करीब 10 लाख रुपये के जेवर, कपड़े, घरेलू सामान व अन्य उपहार दिए गए थे। इसके बावजूद शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष की ओर से अतिरिक्त रुपये की मांग की जाने लगी। महिला का आरोप है कि पति नौकरी नहीं करने का ताना देते हुए उसके साथ मारपीट करता था। साथ ही मायके से रुपये लाने के लिए दबाव बनाया जाता था। शिकायत में करीब 5 लाख रुपये खर्च होने तथा बाद में पति द्वारा अन्य मांगों को लेकर दबाव बनाए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता के अनुसार पति नशे की हालत में आए दिन उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करता था। दिसंबर 2025 में उसने पति के फोन में एक युवती के साथ आपत्तिजनक फोटो देखने का आरोप भी लगाया। इसको लेकर विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस हेल्पलाइन पर भी की थी, लेकिन उसके मुताबिक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी आरोप है कि पति व ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उसे लगातार धमकाया गया और दहेज का सामान वापस मांगने के साथ मानसिक दबाव बनाया गया। महिला ने अपनी सुरक्षा को लेकर भी पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। चिनहट पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिता का साया उठा तो एसबीएन इंटर कॉलेज बना बच्चों का सहारा

निगोहां, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। पिता सरोज कुमार के आकस्मिक निधन के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार के दो बच्चों की पढ़ाई पर संकट मंडराने लगा था। ऐसे समय में एसबीएन इंटर कॉलेज, नारायणपुरी, रघुनाथ खेड़ा ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अनुभव (कक्षा-4) और मुस्कान (कक्षा-7) की कक्षा 12 तक की पढ़ाई निःशुल्क कराने का निर्णय लिया है। विद्यालय के प्रबंधक अमरेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि आर्थिक तंगी किसी बच्चे की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। विद्यालय परिवार दोनों बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में हरसंभव सहयोग करेगा, ताकि वे बिना किसी चिंता के अपने सपनों को पूरा कर सकें। उन्होंने दिवंगत सरोज कुमार की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को धैर्य और शक्ति मिलने की कामना की। विद्यालय प्रबंधन के इस फैसले की क्षेत्र में सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाना उनके भविष्य को संवारने की दिशा में सराहनीय पहल है। पिता के निधन से परिवार पर छाया दुख तो कम नहीं होगा, लेकिन विद्यालय के इस फैसले से दोनों बच्चों के भविष्य में उम्मीद की नई किरण जरूर जगी है।

तालाब पार करते समय गहरे पानी में डूबे युवक का दूसरे दिन मिला शव



काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। काकोरी थाना क्षेत्र के रेवरी गांव में बुधवार शाम तालाब तैरकर पार करते समय गहरे पानी में डूबे 35 वर्षीय युवक बल्लू यादव का शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिया गया। हादसे के बाद बुधवार देर रात तक पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने तालाब में युवक की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह गांव के मछुआरे राजू कश्यप ने तालाब में उतरकर तलाश की और काफी प्रयास के बाद शव को बाहर निकाला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।रेवरी गांव निवासी बल्लू यादव पुत्र प्यारे लाल यादव बुधवार शाम करीब 6:15 बजे तालाब तैरकर पार कर रहे थे। बताया गया कि तालाब के गहरे हिस्से में पहुंचते ही वह अचानक पानी में डूब गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। पुलिस की निगरानी में देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। फायर सर्विस और एसडीआरएफ को भी सूचना दी गई थी। अंधेरा होने और तालाब में पानी अधिक गहरा होने के कारण बचाव कार्य में काफी परेशानी आई। गुरुवार सुबह दोबारा तालाब में तलाश शुरू की गई। इसी दौरान गांव के मछुआरे राजू कश्यप ने तालाब में उतरकर खोजबीन की। काफी प्रयास के बाद बल्लू का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

निगोहां-नगराम थानों में आज गूंजेंगे 'नंद के घर आनंद भयो' के जयकारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निगोहां और नगराम थाने में शुक्रवार को भक्तिमय माहौल देखने को मिलेगा। दोनों थाना परिसरों को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी सजाकर जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निगोहां थाने में थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार के नेतृत्व में जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में एसीपी मोहनलालगंज सहित थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक, सिपाही और अन्य पुलिसकर्मी शामिल होंगे। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन होगा और रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के अवसर पर विशेष आरती की जाएगी। इसके बाद प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और पत्रकार भी शामिल होंगे। वहीं नगराम थाने में भी थाना प्रभारी अंजनी सिंह के नेतृत्व में श्रीकृष्ण



जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। थाना परिसर में आकर्षक झांकी सजाई गई है और पूरे परिसर को फूलों व विद्युत झालरों से सजाया गया है। शाम को भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। थाना प्रभारियों के मुताबिक, पुलिसकर्मियों में आपसी भाईचारा, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के उद्देश्य से थानों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जन्माष्टमी के दौरान पुलिसकर्मी ड्यूटी के साथ भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में भी शामिल होंगे।

मोहनलालगंज तहसील में लेखपालों का धरना-प्रदर्शन

❐ महिला लेखपाल का निलंबन वापस लेने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील में बुधवार को लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपाल धरने पर बैठ गए। सुबह से तहसील परिसर में कामकाज ठप रहा। लेखपालों ने एसडीएम पर अमानवीय व्यवहार और बेवजह निलंबन का आरोप लगाते हुए महिला लेखपाल रूचि मौर्या का निलंबन तत्काल वापस लेने की मांग की।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा मोहनलालगंज के तहसील अध्यक्ष अमरीश कुमार व मंत्री विकास दीक्षित ने एसडीएम को दिए पत्र में बताया कि लेखपाल श्रीमती रूचि मौर्या को बीते मंगलवार को बिना किसी नोटिस के निलंबित कर दिया गया। जबकि पीड़ित लेखपाल ने सर्पदंश से मृत व्यक्ति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पंचनामा मिलने और



20 प्रपत्र पर 24 घंटे के अंदर रजिस्ट्रार कार्यालय में उपलब्ध करा दिया था। वारिसों के बाहरी निवासी होने से प्रपत्र देर से मिले और साइट न चलने से आवेदन अग्रसारित नहीं हो सका। अगले दिन आवेदन निस्तारित कर दिया गया था।

संघ ने आरोप लगाया कि लेखपाल नेहा कपूर को वृद्ध पिता की हालत नाजुक होने के बाद भी 29 अगस्त को अल्पावधि मीटिंग में जबरन बुलाया गया, जिनके पिता का इलाज न होने से देहांत हो गया। मंगलवार को मूसलाधार बारिश में शाम 4:30 बजे मीटिंग बुलाई गई। छुट्टी/रविवार को अनावश्यक दबाव बनाकर बुलाया जाता है, फोन रिसीव न होने पर रोष प्रकट किया जाता है। 12 लेखपाल साथियों का वेतन बिना दोष के रोका गया है, जो अभी तक अप्राप्त है। बिल/एरियर/मेडिकल का भुगतान महीनों से नहीं हुआ।लेखपालों ने चेतावनी दी कि निलंबन वापस नहीं हुआ तो शुक्रवार से पूरी तरह कार्यबहिष्कार किया जाएगा।

तहसील अध्यक्ष अमरीश कुमार ने कहा कि अमानवीय व्यवहार बंद हो और लेखपाल रूचि मौर्या का निलंबन तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन तेज होगा।

पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पुरातत्व एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति अभिरुचि, जागरूकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से विगत 12 दिनों से आयोजित पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. बी. आर. मणि ने Salvage Operations in Archaeology विषय पर विशिष्ट एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। समारोह की अध्यक्षता प्रो. के. के. थपल्याल ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एस. एन. कपूर उपस्थित रहे।

यह जानकारी पुरातत्व निदेशक रेनू द्विवेदी ने दी। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. बी. आर. मणि ने अपने व्याख्यान में Salvage Archaeology की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाँध, जलाशय, सड़क, रेलवे तथा अन्य विकास परियोजनाओं से प्रभावित होने वाले पुरातात्विक स्थलों का समयबद्ध सर्वेक्षण, वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण,



आवश्यकतानुसार उत्खनन तथा संरक्षण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जहाँ किसी पुरातात्विक स्थल अथवा स्मारक को उसके मूल स्थान पर संरक्षित रखना संभव हो, वहाँ in-situ conservation को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। तथापि, अत्यंत विशेष एवं अपरिहार्य परिस्थितियों में, विशेषज्ञों की देखरेख में वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से स्मारकों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर पुनर्स्थापित किया जा सकता है। डॉ. मणि ने नागार्जुनसागर बाँध के कारण प्रभावित बौद्ध पुरावशेषों, भाखड़ा बाँध के कारण जलमग्न हुए बिलासपुर के 28 मंदिरों तथा आलमपुर के संगमेश्वर मंदिर के स्थानांतरण को Salvage Archaeology के महत्वपूर्ण उदाहरणों के रूप में प्रस्तुत किया। इन उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने स्मारकों के विस्तृत दस्तावेजीकरण, स्थापत्य अवयवों के संरक्षण, क्रमबद्ध स्थानांतरण तथा पुनर्स्थापना की वैज्ञानिक प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि विकास एवं सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के मध्य संतुलन स्थापित करना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विकास परियोजनाओं की योजना बनाते समय पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक विरासत से संबंधित पहलुओं को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्यान में रखा जाना चाहिए। ऑनलाइन माध्यम से पाठ्यक्रम में जुड़े प्रतिभागियों को उनके प्रमाण-पत्र ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रेषित किए गए। अतिथियों ने पाठ्यक्रम की उपयोगिता को सराहा विशिष्ट अतिथि प्रो. एस. एन. कपूर ने अपने उद्बोधन में पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं सामान्य जनमानस में पुरातत्व तथा सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

किसानों के लिए मौसम आधारित कृषि सलाह जारी, अगले दो सप्ताह में बारिश की संभावना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2026-27 की सातवीं बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद प्रदेश के किसानों के लिए आगामी दो सप्ताह के मौसम को देखते हुए फसल प्रबंधन संबंधी सलाह जारी की गई।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार 4 से 10 सितंबर के दौरान प्रदेश के अधिकांश कृषि जलवायु अंचलों में साप्ताहिक वर्षा सामान्य अथवा सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। वहीं 11 से 17 सितंबर के दौरान उत्तर-पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तथा अन्य कृषि जलवायु अंचलों में सामान्य अथवा सामान्य से कम वर्षा की संभावना जताई गई है। किसानों को सलाह दी गई है कि वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए खरीफ फसलों में उचित जल निकासी की व्यवस्था रखें तथा सिंचाई और कीटनाशकों का प्रयोग फिलहाल स्थगित रखें। कम वर्षा वाले क्षेत्रों में धान की फसल में पर्याप्त नमी बनाए रखने की सलाह दी गई है।

जहां पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है, वहां सब्जी उत्पादकों को कम अवधि और कम पानी में अच्छी पैदावार देने वाली फसलों जैसे पालक, मूली, गाजर, शलजम, चुकंदर, मेथी और धनिया की खेती करने की सलाह दी गई है। तापमान और नमी अधिक रहने से फसलों में रोग एवं कीटों का प्रकोप बढ़ने की आशंका को देखते हुए पर्यावरण हितैषी कीट नियंत्रण उपाय अपनाने को कहा गया है। पशुपालकों को बाहरी परजीवियों से बचाव के लिए पशु चिकित्सक की सलाह से आवश्यक दवा का प्रयोग करने तथा पशुओं में खुरपका-मुंहपका का निःशुल्क टीकाकरण कराने की अपील की गई है। गांवों में गोवंशीय पशुओं के लिए एलएसडी (लंपी) टीकाकरण अभियान भी शुरू किया जा चुका है। वर्तमान मौसम को मत्स्य संचय के लिए भी उपयुक्त बताते हुए मत्स्य पालकों को कतला, रोहू, नैनी और ग्रास कार्प जैसी प्रजातियों का मत्स्य बीज संचय करने की सलाह दी गई है।

सीतापुर में 11 महिलाओं ने ई-रिक्शा से शुरू किया स्वरोजगार, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

❐ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार हेतु ई-रिक्शा खरीदे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समूहों की 11 महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार हेतु ई-रिक्शा खरीदे गए।

आज दिनांक 03 सितम्बर 2026 को कलेक्ट्रेट परिसर, सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर. द्वारा इन ई-रिक्शों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी, उपायुक्त स्वतः रोजगार डॉ0 सुशान्त सिंह सहित आरसेटी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने वाली महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ई-रिक्शा संचालन से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए योजना का लाभ लेकर अपनी आय में वृद्धि करने तथा अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने की अपेक्षा की।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 दीक्षा जोशी ने ई-रिक्शा संचालन करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वरोजगार के माध्यम से महिलाएं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को ई-रिक्शा का संचालन करते समय यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने, सुरक्षित एवं जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से प्राप्त अवसर का सदुपयोग करते हुए महिलाएं नियमित रूप से कार्य करें और अपने उद्यम को आगे बढ़ाएं। उपायुक्त स्वतः रोजगार डॉ. सुशान्त सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से समूह की महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके फलस्वरूप 11 महिलाओं ने ई-रिक्शा खरीदकर स्वरोजगार की शुरुआत की है। इससे महिलाओं को नियमित आय का साधन प्राप्त होगा और वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकेंगी।

कार्यक्रम में उपस्थित आरसेटी एवं एनआरएलएम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महिलाओं को ई-रिक्शा संचालन, सुरक्षित यातायात एवं स्वरोजगार को सफलतापूर्वक संचालित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। ई-रिक्शों के रवाना होने के साथ ही इन 11 महिलाओं ने स्वरोजगार की नई शुरुआत की। यह पहल महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

व्यापार मंडल और एनएचआई की अतिक्रमण हटाने के संबंध में थाना कमलापुर में बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर सीतापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग गक्ष पर बढ़ते हादसों और जाम की समस्या से निपटने के लिए कमलापुर थाने में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण गक्षके अधिकारी व स्थानीय पुलिस और कमलापुर के समस्त व्यापारियों ने हिस्सा लिया बैठक के दौरान गक्षके अधिकारी ने उन दुकानदारों को और अवैध पार्किंग करने वालो को बताया कि आप लोगों को 2 दिन का समय दिया जा रहा है जिससे जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है वह अपना अतिक्रमण हटा लें। अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है कमलापुर कस्बे में जन्माष्टमी के अवसर पर लगी दुकानों को हटाने की बात कही कमलापुर प्रधान धर्मेंद्र सिंह ने कहां की जन्माष्टमी का त्यौहार कल का हो जाए फिर हम आपकी पूरी सहायता करेंगे प्रधान धर्मेंद्र सिंह की बात सुनते ही व्यापारियों दुकानदारों के चेहरे पर खुशी दिखाई पड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज जायसवाल महोली प्रधान धर्मेंद्र सिंह हर्षित गुप्ता छोटे मिष्ठान भंडार अंशु मीडिया ललितेश पांडे चौधरी डीजे सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव पहुंचे जलालाबाद, दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। शिक्षक एमएलसी एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव गुरुवार को लखनऊ से गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते शाहजहांपुर के जलालाबाद पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुके, अंगवस्त्र एवं फूलमालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद लाल बिहारी यादव जलालाबाद के मोहल्ला प्रतापनगर स्थित सपा जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरज पाल सिंह यादव के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने सूरज पाल सिंह यादव के पिता स्वर्गीय नन्हे सिंह यादव के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और शोक संतप्त परिवार से अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उपरान्त नेता विरोधी दल ब्लॉक मिर्ज़ापुर स्थित संतन पाल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वर्गीय कमलेश यादव तथा उनकी माताजी एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय सुमनलता की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजनों से मुलाकात कर दुख साझा किया। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए लाल बिहारी यादव ने कहा कि स्वर्गीय कमलेश यादव ने अपने जीवन में काफी सम्मान और प्रतिष्ठा अर्जित की। उनके निधन से समाजवादी पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। इसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। कहा कि कमलेश यादव का पार्टी और समाज के प्रति योगदान सदैव याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा का संचालन सपा शिक्षक नेता श्याम लाल यादव ने किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान, पूर्व एमएलसी अमित यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, स्वर्गीय कमलेश यादव के पिता संतनपाल यादव, भाई नीलेश यादव, पुत्र अभय यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, नीरज मिश्रा, ज्योत्सना कश्यप, रामवीर सिंह सोमवंशी, दीपक यादव, डॉ. सूची कश्यप, सुधीर यादव, हफीज अंसारी, शाहाब खान, तस्लीम अंसारी, दीपक नंदवंशी, अरशद अली, विनोद यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर जनपद स्तरीय परामर्श कार्यशाला आयोजित

सीतापुर। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरुवार को PSI इंडिया द्वारा जनपद सीतापुर में जनपद स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी सीतापुर द्वारा की गई।कार्यशाला में जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने टीबी की समय पर पहचान जांच एवं उपचार शुरू कराने मरीजों को उपचार से जोड़ने तथा उपचार के दौरान उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही टीबी मरीजों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव एवं कलंक को कम करने तथा मरीजों और उनके परिवारों में जागरूकता बढ़ाने को लेकर भी महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर ACMO एवं DTO ने जनपद सीतापुर में PSI इंडिया द्वारा टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीबी के खिलाफ अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ विभिन्न विभागों संस्थाओं एवं अन्य हितधारकों का सक्रिय सहयोग और बेहतर समन्वय आवश्यक है।

डीएम ने अभ्युदय योजना की निःशुल्क कोचिंग में छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को जीएफ कॉलेज में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित निःशुल्क कोचिंग में यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट एवं जेईई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी तैयारी, समस्याओं एवं अध्ययन की रणनीति के संबंध में जानकारी ली। और उनको लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन एवं निरंतरता के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

डीएम ने कहा कि सफलता के लिए सबसे पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि हमें क्या पढ़ना है और कब तक पढ़ना है। इसके लिए विद्यार्थी अपनी क्षमता के अनुसार टाइमटेबल तैयार करें और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी ईमानदारी से उसका पालन करें। कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में निरंतर मेहनत और धैर्य बेहद महत्वपूर्ण है। कम से कम दो वर्ष तक प्रतिदिन 12 से 14 घंटे गंभीरता एवं एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने की आदत विकसित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि पढ़ाई के साथ-साथ समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। पहले एक माह का विस्तृत टाइमटेबल तैयार करें और पढ़ाई के दौरान घड़ी देखकर समय का सदुपयोग करें। सोने और जागने का भी निश्चित समय निर्धारित करें, ताकि शरीर एवं मस्तिष्क को पर्याप्त आराम मिल सके और अध्ययन में एकाग्रता बनी रहे। विद्यार्थी प्रतिदिन कुछ देर समाचार पढ़ने की आदत डालें। प्रमुख समाचारों एवं घटनाक्रम को पढ़कर उनका विश्लेषण करें, ताकि कम समय में अधिक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सके। उन्होंने कहा कि सिविल सर्विसेज जैसी परीक्षाओं की तैयारी में केवल पढ़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लिखने की निरंतर आदत भी जरूरी है। कहा कि कोचिंग में जो पढ़ाया जाना हो, उसे पहले से पढ़कर आएं। इससे उसको आसानी से समझने के साथ-साथ शंकाओं का समाधान भी बेहतर ढंग से होगा। कहा कि प्रतियोगी परीक्षा में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन, धैर्य और सही रणनीति से प्राप्त होती है। असफलता को कमजोरी न मानें, बल्कि उससे सीख लेकर अपनी तैयारी को और बेहतर बनाएं। लक्ष्य को हमेशा सामने रखें, दूसरों से अपनी तुलना न करें। स्पष्ट लक्ष्य और मेहनत से सफलता अवश्य प्राप्त होगी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कोचिंग के शिक्षक मौजूद रहे।

परमिट से अधिक पेड़ों पर चला आरा!

❐ शारदानगर रेंज में अवैध कटान का बड़ा खेल, अफसरों की भूमिका पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ग्रीनलैंड के नाम से पहचाने जाने वाले लखीमपुर खीरी जनपद में हरे-भरे और बेशकीमती पेड़ों के कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदानगर रेंज स्थित ओसिया वन चौकी क्षेत्र के गांव त्रिकौलियापुरवा का है, जहां एक लकड़ी ठेकेदार पर परमिट की आड़ में स्वीकृत संख्या से अधिक पेड़ों का कटान करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले में वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि शिकायत मिलने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी लंबे समय तक कार्रवाई से दूर रहे, जिससे अवैध कटान करने वालों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार शारदानगर रेंज की ओसिया वन चौकी क्षेत्र के त्रिकौलियापुरवा गांव में एक हरी-भरी बाग को लकड़ी ठेकेदार शंकर पंडित द्वारा खरीदे जाने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि बाग में देशी आम के करीब 13 पेड़ों के अलावा शीशम, नीम और जामुन जैसे बेशकीमती पेड़ मौजूद थे।

आरोप है कि परमिट जारी कराने की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के मुताबिक देशी आम के पेड़ों को कलमी आम दर्शाते हुए 10 पेड़ों की निकासी तैयार कराई गई, जबकि नीम, शीशम और जामुन के एक-एक पेड़ का परमिट जारी किया गया। लेकिन आरोप है कि परमिट और निकासी की आड़ में निर्धारित संख्या से कहीं अधिक पेड़ों पर आरा चला दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार देशी आम के 13 पेड़ों के अलावा लगभग 4 शीशम, 4 नीम और जामुन के पेड़ों का भी कटान किया गया। कटान के बाद लकड़ी को लखीमपुर शहर की लकड़ी मंडी में भेजे जाने की भी चर्चा है।

वन दरोगा व वन रक्षक की भूमिका पर उठे सवाल

इस मामले में क्षेत्रीय वन दरोगा पीयूष रंजन और वन रक्षक रामकुमार की भूमिका को लेकर भी आरोप लगाए गए हैं। आरोपों के मुताबिक परमिट और निकासी की प्रक्रिया में विभाग से जुड़े एक निजी कर्मचारी अब्दुल सलाम के माध्यम से फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि होना बाकी है और विभागीय जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि परमिट से अधिक पेड़ों का कटान हुआ है तो जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी? शिकायत के बावजूद तत्काल कार्रवाई न होने से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

डीएफओ बोले-जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस संबंध में दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ तापस मिहिर से बात की गई। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी। डीएफओ ने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में परमिट से अधिक पेड़ों का कटान पाया गया तो संबंधित लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक तरफ वृक्षारोपण, दूसरी तरफ हरे पेड़ों का कटान

उत्तर प्रदेश सरकार जहां करोड़ों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण अभियान चलाकर हरियाली बढ़ाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर पेड़ों के अवैध कटान के आरोप पर्यावरण संरक्षण की मुहिम पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लखीमपुर खीरी की पहचान कभी घने जंगलों और हरियाली के लिए रही है। ऐसे में यदि परमिट की आड़ में बेशकीमती और हरे-भरे पेड़ों का कटान होता रहा तो इसका सीधा असर पर्यावरण और जिले की हरित पहचान पर पड़ेगा। अब सबकी निगाहें वन विभाग की जांच पर टिकी हैं। सवाल यह है कि जांच केवल कागजों तक सीमित रहेगी या फिर परमिट, कटे हुए पेड़ों की वास्तविक संख्या और लकड़ी की निकासी की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों तक कार्रवाई पहुंचेगी।

सुरेश चंद्र त्यागी स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता में हथौड़ा स्टेडियम की टीम बनी विजेता

शाहजहांपुर। युवाओं में खेल भावना जागृत करने और खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय युवा चेतना मंच और जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुरेश चंद्र त्यागी स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता के रूप में हुआ। इसमें जिले की नौ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए भारतीय युवा चेतना मंच के संस्थापक एवं जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी ने कहा कि युवाओं में खेल भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। राष्ट्रमंडल, एशियाड और ओलंपिक खेलों में भारत का परचम लहराना तथा भारतीय खिलाड़ी अधिक से अधिक पदक जीतें, यह प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के साथ ही देश के करोड़ों नागरिकों का सपना है। उन्होंने कहा कि इसी सपने को साकार करने के लिए भारतीय युवा चेतना मंच जिला ओलंपिक संघ के साथ मिलकर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है।

रामा भारी में 5 सितंबर को होगा वंदेमातरम कवयित्री सम्मेलन

बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर (अवधप्रांत) एवं बाबा छोटेलाल लक्ष्मी देवी सेवा समिति रामा भारी व श्री राम-जानकी मंदिर ट्रस्ट रामा भारी तथा मृदु अवधी संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में ''वंदेमातरम् कवयित्री सम्मेलन''का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर ''डा. दीप्ति दीप - जनपद कासगंज'' का नागरिक अभिनंदन होगा।दिनांक 5 सितंबर 2026 दिन शनिवार'' समय रात्रि 8:30 बजे बाबा छोटेलाल बाल विद्यालय परिसर रामा भारी में आयोजित इस वंदेमातरम् कवयित्री सम्मेलन में कासगंज, एटा, पीलीभीत, गोरखपुर, बलरामपुर, लखनऊ, आजमगढ़, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, बरेली आदि जनपदों आने वाली लगभग दो दर्जन कवयित्रियों के भाग लेने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। कवयित्री सम्मेलन से पूर्व 7 बजे से से पूर्व श्रीकृष्ण रुप सज्जा समारोह का भी आयोजन है। उक्त जानकारी देते हुए संयोजक कमलेश मौर्य मृदु राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम एवं कवि आनंद खत्री आनंद जिलाध्यक्ष सीतापुर ने सभी ग्राम व क्षेत्र वासियों से अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

सार्वजनिक रास्ते पर गंदगी और अतिक्रमण का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग



धौरहरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खगियापुर में सार्वजनिक इंटरलॉकिंग रास्ते पर कूड़ा डालने और अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी शिवप्रसाद शुक्ला पुत्र रामकिशोर शुक्ला ने अपने पड़ोस में रहने वाले कमाल पुत्र नजरू, रहूफ़ पुत्र रहमान और हनीफ पर सार्वजनिक रास्ते पर कूड़ा डालकर गंदगी फैलाने तथा रास्ते पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। शिवप्रसाद का कहना है कि रास्ते पर लगातार गंदगी बढ़ने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित लोगों से रास्ते की साफ-सफाई रखने और अतिक्रमण न करने की बात कही गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार, विरोध करने पर विवाद और मारपीट की स्थिति उत्पन्न होने का भी खतरा रहता है। मामले को लेकर शिवप्रसाद शुक्ला ने गुरुवार को धौरहरा कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण व गंदगी से मुक्त कराने के साथ ही मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में धौरहरा पुलिस ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जलभराव देख डीएम ने मौके पर पकड़ी समस्या, दूसरा पंप लगाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ गंगोत्री नगर के लो-लैंड क्षेत्र में पहुंचे डीएम अंजनी कुमार सिंह, मोहल्लेवासियों से सीधे संवाद कर जानी परेशानी

❐ एक पंप से पानी की निकासी धीमी मिलने पर डीएम ने तत्काल दूसरा पंप लगाने के निर्देश दिए

लखीमपुर खीरी। गंगोत्री नगर के लो-लैंड क्षेत्र में जलभराव की सूचना पर बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने जलभराव की स्थिति देखी और मोहल्लेवासियों से सीधे संवाद कर समस्या की वास्तविक स्थिति जानी। एक पंप से पानी की निकासी धीमी मिलने पर डीएम ने तत्काल दूसरा पंप लगाने के निर्देश दिए, जिससे जलनिकासी में तेजी लाई जा सके।

डीएम के साथ एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवाराजु आर. और नगर पालिका परिषद के ईओ संजय कुमार भी मौजूद रहे। डीएम ने मौके पर सैम्पवेल के माध्यम से हो रही जलनिकासी की व्यवस्था देखी और अधिकारियों से पंप की क्षमता व निकासी की गति की जानकारी ली। अपेक्षाकृत धीमी निकासी पर उन्होंने अतिरिक्त पंप लगाने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जब तक जलभराव पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक निकासी व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाए। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं और नगर पालिका सहित संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें। अतिरिक्त पंप लगाने की कार्रवाई भी मौके पर तत्काल शुरू कर दी गई।

मोहल्लेवासियों से सीधे सुनी समस्या

डीएम ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर यह भी जाना कि जलभराव किस दिशा से हो रहा है और पानी की निकासी में कहां अड़चन आ रही है। लोगों ने धीमी जलनिकासी समेत अपनी समस्याएं डीएम के सामने रखीं। डीएम ने अधिकारियों को मौके की वास्तविक स्थिति के आधार पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने लोगों को भविष्य के लिए भी सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मकान बनाने या जमीन खरीदने से पहले केवल जमीन की कीमत न देखें, बल्कि रास्ता, नाली, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी जरूर परखें। कम कीमत की जमीन बाद में जलभराव जैसी परेशानी का कारण बन सकती है। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान में मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन और त्वरित कार्रवाई प्राथमिकता होनी चाहिए। जलभराव समाप्त होने तक क्षेत्र में प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था बनाए रखने और लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

आईजीआरएस रैंकिंग में खीरी पुलिस का फिर बजा डंका, लगातार तीसरे महीने यूपी में नंबर-1

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ अगस्त 2026 में जनसुनवाई के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर मिला 100 प्रतिशत स्कोर, जिले के सभी 23 थाने रहे अव्वल

लखीमपुर खीरी। जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में खीरी पुलिस ने एक बार फिर पूरे प्रदेश में अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का लोहा मनवाया है। उत्तर प्रदेश शासन के जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस की अगस्त 2026 की रैंकिंग में जनपद खीरी पुलिस ने 100 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खास बात यह है कि खीरी पुलिस ने लगातार तीसरे महीने प्रदेश में नंबर-1 स्थान हासिल कर उपलब्धि की है।

प्रेस नोट के अनुसार, उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के क्रम में खीरी पुलिस ने प्रदेश में कीर्तिमान स्थापित किया है। अगस्त माह में प्राप्त शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिक निस्तारण के फलस्वरूप जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला। खीरी पुलिस की इस उपलब्धि को और खास बनाता है जिले के सभी 23 थानों का 100 में से 100 अंक हासिल करना। आईजीआरएस मूल्यांकन में जिले के 23 थानों ने पूर्णांक प्राप्त कर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 100 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले थानों में थाना भीरा, गौरीफंटा, मैलानी, तिकुनिया, मोहम्मदी, उचौलिया, कोतवाली, पढ़ुआ, धौरहरा, सिंगाही, चंदन चौकी, मैलानी, मितौली, सम्पूर्ण नगर, गोला, पसगवां, शारदानगर, मझगईं, फूलबेहड़, फरधान, हैदराबाद, खमरिया और खीरी शामिल हैं। आईजीआरएस टीमों द्वारा आवेदकों से संपर्क कर फीडबैक लिया गया। इसके तहत 93.71 प्रतिशत शिकायतकर्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया। यह आंकड़ा जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ शिकायतकर्ताओं के फीडबैक को भी गंभीरता से लेने की पुलिस की कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

गौवंश के उपचार को पहुंचे गौ रक्षक से अभद्रता का आरोप, पलिया पुलिस ने 5 के खिलाफ की निरोधात्मक कार्रवाई

पलिया कलां खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गौवंश के उपचार के लिए पहुंचे गौ रक्षक के साथ कथित अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। मामले में पलिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नीरज पुत्र गया प्रसाद समेत पांच लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए संबंधित न्यायालय के समक्ष भेज दिया। जानकारी के अनुसार, 2 सितंबर को गौ रक्षक चिंटू पुरी को सूचना मिली कि एक गौवंश घायल अवस्था में है। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और घायल गौवंश के उपचार की व्यवस्था में जुट गए। आरोप है कि इसी दौरान सिंगहिया निवासी नीरज पुत्र गया प्रसाद ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। शिकायत और मौके की स्थिति को देखते हुए पलिया पुलिस ने मामले में नीरज समेत कुल पांच लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की। कार्रवाई की जद में नीरज पुत्र गया प्रसाद के अलावा लक्ष्मी नारायण, ओम प्रकाश, कन्हैया और अजय कुमार के नाम शामिल बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय भेजा गया है। वहीं, घायल गौवंश के उपचार के दौरान हुए कथित विवाद और उसके बाद हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

ग्रामीण रोजगार युवक प्रशिक्षण के अंतर्गत मशरूम उत्पादन विषय के साथ प्रशिक्षण का समापन

गोला गोकर्णनाथ खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद द्वारा मशरूम उत्पादन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष डॉ. एस.के. विश्वकर्मा ने कहा कि मशरूम में सफलता पाने के लिए योजना बद्ध तरीके से व्यावसायिक नजरिए से करने की आवश्यकता है। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण संयोजक डॉ. मोहम्मद सोहेल ने मशरूम में लगने वाले विभिन्न रोगों ,कीटों की पहचान और उनके प्रभावी सामयिक नियंत्रण एवं प्रबंधन के विषय में सविस्तार तकनीकी जानकारी दी। सस्य वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने बटन एवं ढींगरी प्रजातियों के वैश्विक महत्व के विषय एवं इसके क्षेत्र विस्तार के विषय में जानकारी दी। डॉ. जिया लाल गुप्ता ने वर्तमान मशरूम विपणन रणनीति और प्रसंस्करण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एन.के. त्रिपाठी ने कहा कि मशरूम विशेषकर बटन एक नगदी और कम दिनों में तैयार होने वाली पोषण से भरपूर फसल है इसलिए इसकी लगातार देखरेख करने की आवश्यकता होती है, इस प्रशिक्षण कार्य क्रम में तीन दशक से ज्यादा युवाओं ने प्रतिभाग किया।

डीएम ने की जनगणना–2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ बैठक में बताया गया कि द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के लिए जनपद स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा तीन मास्टर ट्रेनर तथा जिला जनगणना कार्यालय द्वारा एक मास्टर ट्रेनर, कुल चार मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराए गए हैं।

बदायूँ। जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत आगामी द्वितीय चरण की तैयारियों एवं प्रशिक्षण व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय ने मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव तथा समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक की। बैठक में द्वितीय चरण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के लिए जनपद स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा तीन मास्टर ट्रेनर तथा जिला जनगणना कार्यालय द्वारा एक मास्टर ट्रेनर, कुल चार मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराए गए हैं। इन मास्टर ट्रेनरों का चार दिवसीय प्रशिक्षण माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के उपरांत मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनपद स्तर पर लगभग 118 से 120 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चार्ज स्तर पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य द्वितीय चरण के कार्यों का सुचारु एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करना है। साथ ही बैठक में यह भी बताया गया कि जनगणना-2027 का द्वितीय चरण जनसंख्या गणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस चरण में जनसंख्या संबंधी आंकड़ों का संकलन डिजिटल रूप से किया जाना प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को द्वितीय चरण की सभी तैयारियां निर्धारित समय में पूर्ण करने तथा प्रशिक्षण एवं जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार एवं सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सभी तहसीलों में 12768 राजस्व वाद लम्वित, डीएम नाराज़

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने लम्वित राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान पाया कि तहसील बदायूँ में 3649 वाद, बिसौली में 2982, दातागंज में 2506, बिल्सी में 1863 तथा सहसवान में 1768 वाद कुल 12768 वाद लम्वित हैं। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि लम्वित वादों को प्राथमिकता पर निस्तारण करने का पूर्ण प्रयास किया जाए। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव तथा समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ लम्वित राजस्व वादों की गहन समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि लम्वित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने पाया कि जनपद में एक वर्ष से अधिक व 03 वर्ष से कम अवधि के 2077 वाद तथा तीन वर्ष से अधिक के 248 व पांच वर्ष से अधिक अवधि के 111 वाद लम्वित हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि पांच वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में लम्वित वादों की अपने स्तर से समीक्षा कर उनका निस्तारण सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही से आगामी समीक्षा बैठक में अवगत कराएं। उन्होंने राजस्व संहिता की धारा 116, 24 एवं 34 की भी समीक्षा की। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को इन धाराओं में लम्वित वादों के निस्तारण के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर समस्त सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष ने सफाई कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ कर्मचारी को सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कुल 7 लाख 83 हजार 995 रुपये का चेक प्रदान किया गया

बदायूं। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी को भावभीनी विदाई दी गई। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने सेवानिवृत्त कर्मचारी कुसुम पत्नी राम चन्द्र को शॉल, माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही कर्मचारी को सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कुल 7 लाख 83 हजार 995 रुपये का चेक प्रदान किया गया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि पालिका के सफाई कर्मचारी की मेहनत और समर्पण के कारण ही बदायूं नगर पालिका स्वच्छता के क्षेत्र में हमेशा आगे रहती है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला रहेगा।

उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान बेहद महत्वपूर्ण रहा है और उनके कार्य हमेशा सराहनीय रहे हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उनका आगे का जीवन सुखमय बीते और जरूरत पड़ने पर पालिका हमेशा उनके सहयोग के लिए तैयार रहेगी।

विदाई समारोह में सभासद रवि, खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तयव्व, खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, नवैद इकबाल गनी, रजनेश चन्द्र, शरीफ अहमद, लवी, राजेन्द्र सिंह, विनोद सोनकर, महेश बाबू, गजेन्द्र, सफाई कर्मचारी नेता रमेश डी लाल, संदीप, अरुण, मुनीष, नवीन, सुभरतन, सुभाष, रोहित, अवनीश,राम सरन, सहित अनेक पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में हर्षोल्लास से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस का हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजीव सिंह,प्रधानाचार्य एस. एल. प्रजापति, उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना के साथ हुआ। अदिति,अनन्या, अमृता,अविका,आस्था,नैना, नित्या,सक्षम, आकांक्षा,साहित्य,अर्णव, आकृति,कार्तिक,तन्मय, सानिध्य,काजेश ने श्रीकृष्ण एवं राधा जी की मनमोहक झांकियां,भजन,नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर मंचन कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।इसी क्रम में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में भारत के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया गया। विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह एवं एस. एल.प्रजापति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र के साथ प्रोत्साहन धनराशि देकर सम्मानित किया गया जिनमें - ''बेस्ट मदर टीचर अवॉर्ड'' मनीषा श्रीवास्तव, ''बेस्ट हाउस इंचार्ज'' बीरेन्द्र कुमार,''बेस्ट क्लास टीचर अवॉर्ड'' - प्राइमरी विंग-पूजा श्रीवास्तव, जूनियर विंग सुनीता तिवारी,सेकेंडरी विंग - प्रेम शंकर, सीनियर सेकेंडरी - बृजराज यादव,''को -करिकुलर एक्टिविटी अवॉर्ड'' आलोक पांडेय, ''डायनेमिक टीचर अवॉर्ड''- मो0 अरशद शामिल रहे।

परेड़ा में आकार लेगा प्रदेश का प्रथम उद्यान महाविद्यालय

❐ उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

❐ लगभग 88 बीघा भूमि पर प्रस्तावित संस्थान को लेकर अधिकारियों से ली विस्तृत जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उप्र दिनेश प्रताप सिंह ने आज हरचंदपुर विकासखंड के ग्राम परेड़ा में लगभग 88 बीघा भूमि पर प्रस्तावित प्रदेश के प्रथम उद्यान महाविद्यालय के निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि, कृषि शिक्षा, राजस्व एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित संस्थान की प्रगति, निर्माण कार्यों तथा परिसर में विकसित की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से भूमि, निर्माण कार्य, संस्थान में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना से संबंधित सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

उद्यान मंत्री ने कहा कि परेड़ा में प्रदेश के प्रथम उद्यान महाविद्यालय की स्थापना रायबरेली ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उद्यान एवं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक ज्ञान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे विद्यार्थियों एवं युवाओं को उद्यान विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में नवाचार एवं अनुसंधान को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ग्राम परेड़ा उत्तर प्रदेश के प्रथम उद्यान विश्वविद्यालय के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। यह संस्थान आने वाली पीढ़ियों के सपनों को पंख देने के साथ-साथ रायबरेली की शैक्षणिक एवं विकास यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ने का कार्य करेगा। मंत्री ने कहा कि जनपद में इस प्रकार की महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं कृषि आधारित संस्थाओं की स्थापना से स्थानीय स्तर पर रोजगार, कौशल विकास तथा कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में नई संभावनाओं का सृजन होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो और सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। उद्यान मंत्री ने अधिकारियों को परियोजना की प्रगति पर निरंतर निगरानी रखने तथा शासन की मंशा के अनुरूप संस्थान को उत्कृष्ट स्वरूप प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक उद्यान वीरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जर्जर छप्पर गिरने से चार लोग मलबे में दबे, महिला गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नाथगंज मजरे समसपुर हलोर में लगातार हो रही बारिश के बीच जर्जर कच्चे मकान का छप्पर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग मलबे के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला। हादसे में 65 वर्षीय निर्मला पत्नी राम प्यारे गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, निर्मला पत्नी राम प्यारे का कच्चा मकान पहले से ही जर्जर हालत में था। मकान की स्थिति खराब होने के कारण दंपती छप्पर के नीचे रहकर गुजर-बसर कर रहे थे। राम प्यारे दिव्यांग बताए जा रहे हैं। लगातार बारिश के कारण छप्पर और कमजोर हो गया था। बताया गया कि 1 अगस्त की रात करीब एक बजे परिवार के लोग छप्पर के नीचे सो रहे थे। इसी दौरान अचानक छप्पर का एक हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। मलबे में राम प्यारे, उनकी पत्नी निर्मला, उनकी बेटी और दामाद दब गए। छप्पर गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद सभी को मलबे से बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने निर्मला की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, निर्मला के सीने में गंभीर चोटें आई हैं। अन्य घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

पुलिस मॉडर्न स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

बदायूँ। पुलिस मॉडर्न स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया । इस अवसर पर नन्हे-मुने बच्चे राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में स्कूल पहुंचे और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया । स्कूल में बच्चों द्वारा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सुंदर झूले, पोस्टर, मटकी एवं बांसुरी आदि सजाकर कृष्ण जन्माष्टमी की आकर्षक झांकी तैयार की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमेध मिलिंद जाधव, ऋद्ध, प्र0 द्वारा बच्चों की रचनात्मकता एवं प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई तथा सभी को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर बच्चों को मिष्ठान का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह एवं पुलिस स्टाफ, प्रधानाचार्य श्री शैलेन्द्र बत्तरा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा वामा सारथी की सदस्य नीलम उपस्थित रहे।

अफीम के साथ बाइक सवार 02 तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना बण्डा पुलिस ने फाइन क्वालिटी अफीम के साथ बाइक सवार 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया।

बीती रात थाना बण्डा पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर टेड़ा पुल से सिकन्दरपुर जाने वाले मार्ग से बाइक सवार 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 546 ग्राम अवैध अफीम, एक मोटर साइकिल आदि बरामद की। पकड़े गए तस्कर थाना निगोही क्षेत्र के गांव कटईया निवासी तस्लीम पुत्र हाकिम अली और थाना तिलहर क्षेत्र के गांव हथगांव निवासी तनिष्क सक्सेना पुत्र रामप्रकाश हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग झारखंड के कुछ व्यक्तियों से कम दामों में अफीम खरीदते हैं तथा हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर लोगों एवं ट्रक चालकों को उक्त अफीम बेचते हैं। बताया कि वो लोग कई बार हाईवे किनारे खड़े होकर अनजान ट्रक चालकों को अफीम बेच चुके हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना बण्डा के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह के साथ एसएसआई विनीत कुमार, हेड कांस्टेबल यशवीर सिंह और रामसंजीवन आदि मौजूद रहे।

चोरी की मोटरसाइकिल समेत एक शातिर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल समेत एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया। बीती 29 अगस्त को थाना रोजा क्षेत्र के गांव हुसैनापुर निवासी गयादीन पुत्र छोटेलाल की तहरीर पर जनपद खीरी के थाना उचैलिया क्षेत्र के गांव कटिघरा निवासी इरफान पुत्र दिलशाद पर मोटरसाइकिल चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में आज थाना रोजा पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गुर्री पंचायत सचिवालय से फकरगंज जाने वाले मार्ग से करीब 300 मीटर आगे से अभियुक्त इरफान पुत्र दिलशाद चोरी की मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र के साथ उपनिरीक्षक शिवम अग्रवाल, कांस्टेबल नितिन कुमार और विपिन नैन मौजूद रहे।

डिलीवरी के दौरान महिला की मौत के मामले में वांछित चिकित्सक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना निगोही पुलिस ने डिलीवरी के दौरान महिला की मौत के प्रकरण में वांछित चिकित्सक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बीती 24 फरवरी 2026 को थाना निगोही क्षेत्र के गांव बसखेड़ा निवासी सुधीर की पत्नी सोनी देवी की डिलीवरी के दौरान निगोही के ग्लोबल अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले में सुधीर ने पुलिस को तहरीर देकर कस्बा निगोही में स्थित ग्लोबल अस्पताल के डॉ. रजनीश कुशवाह, आशा सुशीला देवी और अस्पताल के एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि पैसे के लालच में आशा सुशीला देवी ने उसकी पत्नी को ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डिलीवरी के दौरान गलत इंजेक्शन लगाए जाने से उसकी पत्नी सोनी देवी की मौत हो गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट में एससी/एसटी एक्ट की वृद्धि की। इसी क्रम में आज थाना निगोही पुलिस ने सोनी देवी की मौत के मामले में वांछित अभियुक्त डॉ. रजनीश कुशवाह निवासी ग्राम मलिकापुर थाना बिलसंडा को मुखबिर की सूचना पर कैमुआ पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में अभियुक्त डा. रजनीश को जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना निगोही के उपनिरीक्षक दिलशाद खां के साथ कांस्टेबल शुभम छोकर आदि मौजूद रहे।

विधायक निधि से अधिवक्ता चैम्बर निर्माण हेतु 13 लाख रुपये स्वीकृत



गौरीगंज, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सेंट्रल बार एसोसिएशन अमेठी के अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए विधायक निधि से अधिवक्ता चैम्बर निर्माण हेतु 13 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसकी जानकारी एसोसिएशन के संस्थापक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी 'सूर्या' ने दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता चैम्बर निर्माण परियोजना की कुल लागत 26.71 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें 13 लाख रुपये विधायक निधि से स्वीकृत किए गए हैं। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपी गई है। अधिवक्ता शीतला प्रसाद मिश्र ने बताया कि चैम्बर निर्माण से अधिवक्ताओं को बैठने, मुकदमों की तैयारी करने तथा वादकारियों से चर्चा करने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। इससे न्यायालय आने वाले लोगों को भी अपने अधिवक्ताओं से संपर्क करने में आसानी होगी। विधायक निधि से बजट स्वीकृत होने पर बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने विधायक राकेश प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि चैम्बर निर्माण से न्यायिक कार्यों के संचालन में सुविधा बढ़ेगी और अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध होगा।

गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में जप अनुष्ठान संपन्न



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में गुरुवार को श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच जप अनुष्ठान संपन्न हुआ। साधकों ने सामूहिक रूप से गायत्री महामंत्र का जप कर आत्मशुद्धि, सद्विचार और नियमित साधना का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि गायत्री साधना जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम है। नियमित मंत्र जप से एकाग्रता, संयम, सद्भाव और सेवा की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के साधक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सामूहिक जप के उपरांत सभी ने विश्व कल्याण, सुख-शांति और सद्बुद्धि की प्रार्थना की। पूरे आयोजन के दौरान शक्तिपीठ परिसर में भक्तिमय एवं शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा।

दो मुकदमों की विवेचना बदलने की मांग, एसपी को भेजा प्रार्थना पत्र



जगदीशपुर, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के संगठन मंत्री गंगेश पाठक ने थाना जगदीशपुर में दर्ज दो मुकदमों की विवेचना बदलने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक अमेठी को प्रार्थना पत्र भेजा है। उन्होंने प्राथमिकी संख्या 0158/2026 एवं 0159/2026 की जांच वर्तमान विवेचक से हटाकर किसी स्वतंत्र एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सौंपने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में उन्होंने निष्पक्ष जांच को लेकर आशंका जताते हुए कहा है कि दोनों मामलों से जुड़े डिजिटल साक्ष्य पूर्व विवेचक को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उन्होंने इन साक्ष्यों को सुरक्षित कराकर संबंधित फ़ेसबुक खातों की साइबर एवं तकनीकी जांच कराने की मांग की है। गंगेश पाठक ने कहा कि उनकी मांग किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्रवाई की नहीं, बल्कि दोनों प्रकरणों में निष्पक्ष, पारदर्शी और साक्ष्य आधारित विवेचना सुनिश्चित कराने की है। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि गृह विभाग, पुलिस महानिदेशक, डीआईजी अयोध्या, जिलाधिकारी अमेठी तथा एडीजी साइबर अपराध को भी भेजी गई है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सदर बाजार पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 17 अगस्त को एक व्यक्ति ने थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अलीजई निवासी इन्तजार पुत्र मुश्तर उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ आरोपी इंतजार के साथ उसके अन्य साथी भी शामिल हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी इंतजार के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। आज पुलिस को मुखबिर से मिली कि उक्त मुकदमे का वांछित अभियुक्त इन्तजार पुत्र मुश्तर अम्बा टाकीज के पास गिरफ्तारी से बचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अम्बा टाकीज से कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान के पास से अभियुक्त इंतजार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है और अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक नितिन कुमार के साथ कांस्टेबल आदित्य कुमार मौजूद रहे।

नवनिर्मित पुल का संपर्क मार्ग बना दलदल शिकायत के बाद डलवाए गए पत्थर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर, अमेठी। टिकरिया गांव के पास स्थित नवनिर्मित पुल का संपर्क मार्ग बारिश के चलते दलदल और फिसलन से भर गया है। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, ई-रिक्शा चालकों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण के बाद संपर्क मार्ग को मजबूत नहीं किया गया, जिसके कारण लगातार बारिश में सड़क कीचड़युक्त हो गई। दोपहिया वाहन फंस रहे हैं और छोटे वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। संपर्क मार्ग की बदहाल स्थिति की खबर और तस्वीरें सोशल मीडिया तथा ट्विटर पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मार्ग पर पत्थर डलवाए गए। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि केवल दिखावे के लिए सीमित मात्रा में पत्थर डाले गए हैं, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने संपर्क मार्ग की समुचित मरम्मत, मिट्टी भराई और पर्याप्त गिट्टी-पत्थर डलवाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो किसी भी समय हादसा हो सकता है।

ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत युवक गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ''ऑपरेशन चक्रव्यूह'' के तहत थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस को सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान मोहित पुत्र रवीन्द्र (22 वर्ष), निवासी ग्राम चूपी मजरे इमलीगांव, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक, जनपद अमेठी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से एक देशी तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार यादव, कांस्टेबल सौरभ वर्मा एवं आरक्षी सचिन पाल शामिल रहे।

जन्माष्टमी की तैयारियों से सजे बाजार खरीदारी को उमड़े श्रद्धालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर जनपद के बाजारों में उत्साह और रौनक देखने को मिल रही है। शहर से लेकर कस्बाई बाजारों तक दुकानों पर भगवान श्रीकृष्ण, लड्डू गोपाल, राधारानी की प्रतिमाएं, मुरली, मोरपंख, मुकुट, झूले और पूजन सामग्री की आकर्षक सजावट की गई है।

पर्व की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था और श्रद्धा का प्रमुख पर्व है, इसलिए घरों और मंदिरों में विशेष सजावट के लिए विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी की जा रही है।

दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष जन्माष्टमी को लेकर बाजार में अच्छी चहल-पहल है। बच्चों के लिए कान्हा व राधा की वेशभूषा, सजावटी सामग्री और पूजन सामग्री की मांग बढ़ी है। बाजारों में देर शाम तक खरीदारों की भीड़ बनी रही।

वहीं मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भी जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों में जुटे हैं।

सकरौरा ग्रामीण में वीबी जी राम जी योजना में चल रहा लूट का खेल !

नाम बदला,खेल नहीं ! वीबी जी राम जी योजना में फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप..

कागजों में तालाब खोदाई में फर्जी मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज गार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर भले ही अब विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व आजीविका (वीबी-जी राम जी) कर दिया गया हो,लेकिन धरातल पर पुरानी जैसी बदइंतजामी दिख रही है।विभागीय मॉनिटरिंग के दावों के बीच कार्यस्थलों पर मजदूरों की फर्जी हाजिरी का खेल बदस्तूर जारी बताया जा रहा है।छपिया ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि पुराने कार्य औ र नाम बदलकर मनरेगा श्रमिकों के घर-घर जाकर हाजरी लगाकर भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मे दार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं,बीडीओ, एपी ओ,टीईए और रोजगार सेवक व अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी वीबी रामजी योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार वीबी राम जी योजना में मोदी सरकार ने पारदर्शि ता के लिए तमा म कायदे-कानून बना रखी है, जि ससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत सक रौरा ग्रामीण में इन दिनों वीबी जी राम जी योजना में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। यहां फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की लूट की जा रही है। वह भी डंके की चोट पर सबसे बड़ी बात तो यह है कि वीबी जी राम जी में धांधली की तमाम शि कायतों के बाद भी जिम्मेदा र अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं और कार्र वाई करने के बजाय खानापूर्ति कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।वीबी जी राम जी योजना को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है। इस खेल में जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता से इंकार न हीं किया जा सकता है। जिले के ब्लॉक करनैलगंज सकरौरा ग्रामीण में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में रोजाना कोई न को ई नया मामला देखने को मिल रहा है,जहां पर घर-घर जाकर मनरेगा श्रमिकों का आंख का रेटिना लेकर श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है।अधि कारियों की उदासीनता का आलम यह है कि श्रमि कों की ओर से किए गए कार्यों का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे ही बौहान और खालेगाँव ग्राम पंचायत में भी कार्यस्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है,उसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिन भर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ कमीशन के चक्कर में जेब भरने के लिए किया जा रहा है। लेकिन जमीनी ह कीकत कुछ और ही है।इस कार्य के लिए 67 मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन धरातल की वास्तविकता चौंका ने वाली है।हैरत की बात यह है कि कार्य का सत्या पन करने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं।

आंकड़े झूठे हैं और दावा किताबी है

'तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है।जिले के मश हूर जनवादी कवि स्वर्गीय अदम गोंडवी की ये पं क्तियां जनपद के करनैलगंज विकास खंड की ग्रा म पंचा यतों में वीबी राम जी योजना से कराए जा रहे वि कास कार्यों और दावों पर सटीक बैठ रही हैं,सच्चा ई यह है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हैं और ढिंढो रा पीटते हैं लेकिन उनके सारे... आंकड़े झूठे और कागजी हैं

टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: मंडलायुक्त

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर वीबी जी राम-जी योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

फोरलेन का सपना, हाईवे पर मौत की रफ्तार

छुट्टा जानवर ओवरलोड भारी वाहन बने मुसीबत..

गोंडा अयोध्या मार्ग पर हादसों का सिल सिला थमने का नाम नहीं ले रहा, आठ माह में सामने आई दर्जनों गंभीर दुर्घटनाएं.. मौतो ने व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । अयोध्या रोड को फोरलेन करने की कवायद भले ही कागजों पर आगे बढ़ रही हो,लेकिन मौजू दा हाईवे पर जिंदगी अभी भी जोखिम में है।देहात कोतवाली, वजीरगंज थाना क्षेत्र और नवाबगंज के क्षेत्रों से गुजरने वाले इस मार्ग पर छुट्टाजानवर तेज रफ्तार,अनियंत्रित भारी वाहनों,ओवर लोडिंग और सड़क किनारे खड़े वाहनों की समस्या लगातार हा दसों का खतरा बढ़ा रही है।बीते जनवरी माह से लेकर अगस्त माह में सामने आई प्रमुख दुर्घटना ओं ने सड़क सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। हादसों की वजह केवल तेज रफ्तार तक सीमित नहीं है।हाईवे पर छुट्टा जानवर कई भारी वाहन अपनी निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक माल ला दकर फर्राटा भरते नजर आते हैं।ओवरलोड ट्रकों और डंपरों की गति नियंत्रित करना मुश्किल होता है और अचानक ब्रेक लगाने या वाहन असंतुलित होने की स्थिति में दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।इसके बावजूद ओवरलोडिंग की जानका री सामने आने पर भी जिम्मेदार महकमे कई बार अनजान बने रहते हैं।नियमित जांच और प्रभावी कार्रवाई के अभाव में वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

केंद्रीय सहमति के बाद भी जमीन पर इंतजार

गोंडा से वजीरगंज,नवाबगंज होते हुए अयोध्या त क अत्याधुनिक सुविधाओं वाले फोरलेन हाईवे की सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया है कि इस परियोजना की डिटे ल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।इसके बाद परियोजना से जुड़ी आगे की आव श्यक कार्रवाई की जा रही है।वही लेकिन स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब तक फोरलेन जमीन पर उतरेगा,तब तक मौजूदा हाईवे को सुरक्षित रख ने की जिम्मेदारी किसकी है.....? सडक चौड़ी होने का इंतजार भविष्य का विषय हो सकता है, मगर आज इसी सड़क से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा तत्काल जरूरी है।

सवाल सीधा – फोरलेन बनने तक कितनी जानें जाएंगी ?

हाईवे किनारे रहने वाले और रोज इस मार्ग से गुज रने वाले लोगों की चिंता जायज है।एक ओर फोर लेन और छह लेन पुल की योजनाओं में विकास की बड़ी तस्वीर दिखाई जा रही है,वहीं दूसरी ओर मौजूदा सड़क पर छुट्टा जानवर,तेज रफ्तार,ओवर लोडिंग और यातायात अव्यवस्था लोगों की जान पर भारी पड़ रही है।सड़क सुरक्षा के लिए स्पीड चेकिंग, ओवरलोड वाहनों की नियमित जांच, भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण, सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई, दुर्घटना संभावित स्थानों की निगरानी और संवेदनशील मोड़ों पर सुरक्षा इंत जाम तत्काल मजबूत करने की जरूरत है,फोरलेन भविष्य का विकास है,लेकिन हाईवे पर जिंदगी ब चाना आज किसकी जिम्मेदारी है..? सवाल यह है कि जिम्मेदार विभाग इस जिम्मेदारी को कब गंभी रता से निभाएंगे.....? विकास की फाइलें अपनी रफ्तार से चल सकती हैं,लेकिन छुट्टा जानवर और ओवरलोड और बेकाबू वाहनों की रफ्तार को मौत की रफ्तार बनने से रोकने में देरी की कीमत किसी परिवार को अपनी जान देकर नहीं चुकानी चाहिए,

दर्जी कुआं से नवाबगंज तक तेज रफ्तार चुनौती

वजीरगंज थाना क्षेत्र में 14 जनवरी को डुमरिया डीह मोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया।गोंडा जा रहे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पांच फरवरी को नवाबगंज थाना क्षेत्र कोल्ड स्टोर तिराहा के पास एक तेज रफ्तार कार और बाइक की भिड़ंत हो ग ई थी हादसे में एक की मौत दो यात्री गंभीर रूप से घायल हुए।दस मार्च वजीरगंज थाना क्षेत्र चंदापुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक से स वार लोगों को कुचल दिया जिसमें दो लोगो की मौ त हो गईं। 22 अप्रैल नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक दुल्लापुर के पास एक तेज रफ्तार कार्य अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई जिसमे दो लोगों की मौत हो गई एक व्यक्ति घायल हो गया। 18 मई वजीरगंज थाना क्षेत्र में राजा सगर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमे से एक की मौत हो गई। दो जून नवाबगंज थाना क्षेत्र में नंदिनी नगर स्कूल के पास एक तेजरफ्तार इको वैन और बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमे से एक की मौके पर मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हुए।पांच जुलाई को वजीरगंज थानाक्षेत्र में चंदा पुर डाक खाना मोड़ के पास दो बाइकों की टक्कर में निजी कंपनी का कर्मचारी गंभीर रूप जख्मी हो गया।सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। 25 जुलाई को नवाबगंज थाना क्षेत्र में गोंडा अयोध्या मार्ग पर कनकपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भरतलाल सड़क पर गिरकर बस के पहिये की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर पीछे बैठे रंजीत को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही सरयू घाट चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।स्थानीय लोगों की मदद से घायल भरत ला ल को मेडिकल कॉलेज अयोध्या भेजा गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीस अगस्त को वजीरगंज थाना क्षेत्र में अयोध्या-गोंडा हाईवे पर ब्लॉक के पास अचानक सामने आए म वेशी से टकराने के बाद अनियंत्रित हुई एसयूवी से एक बाइक में टक्कर लग गई।हादसे में बाइक च ला रहे अयोध्या हनुमानगढ़ी के पुजारी मुकेश पांडे य (19) की मौके पर ही मौत हो गई और उनके साथी आदित्य सिंह घायल हो गए।हादसे में मवेशी की भी मौत हो गई।

ओवरलोडिंग पर कार्रवाई की रफ्तार क्यों धीमी

हाईवे पर दौड़ते भारी वाहनों में क्षमता से अधिक माल लादना कोई छिपी हुई बात नहीं है।ट्रक, डंपर और अन्य मालवाहक वाहन कई स्थानों पर ओवर लोड हालत में गुजरते हैं।ऐसे वाहनों से सड़क पर दबाव बढ़ने के साथ ब्रेकिंग और नियंत्रण की क्षम ता भी प्रभावित होती है।सवाल यह है कि यदि हा ईवे पर ओवरलोड वाहन खुलेआम गुजर रहे हैं तो उनकी जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी निभाने वाले विभाग कहां हैं.? स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग,यातायात पुलिस और संबंधि त पुलिस इकाइयों को संवेदनशील मार्गों पर निय मित अभियान चलाकर ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाना चाहिए।केवल हादसे के बाद कार्र वाई करने से सड़क सुरक्षा का लक्ष्य हासिल नहीं होगा।यदि ओवरलोड वाहन पहले से ही नजर आ रहे हैं और फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है,तो यह महज लापरवाही नहीं बल्कि.....जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने जैसा है।

कोचिंग में 'गुरु' पर गंभीर आरोप, नाबालिग छात्रा से छेड़खानी, टीचर हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जबरन गले लगाने और आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप,पोक्सो समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा



गोंडा । देहात कोतवाली क्षेत्र के चंदवतपुर में एक कोचिंग संस्थान में नाबालिग छात्रा के साथ छेड़ खानी के आरोप ने सनसनी मचा दी।परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कोचिंग शिक्षक के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।आरोप है कि शिक्षक ने को चिंग के दौरान छात्रा को जबरन गले लगाया और उसके प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की।घटना की जानकारी परिजनों को होने के बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।शिकायत के आधार पर देहात कोतवाली पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस के मुता बिक मामले की विवेचना उपनिरीक्षक आत्मा सिंह को सौंपी गई है। पुलिस ने छात्रा और परिजनों के बयान समेत उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम, राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने बिखेरी भक्ति की छटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण के प्रेमभाव से सराबोर वातावरण उस समय और भी भक्तिमय हो उठा, जब रामनारायण मद्धेशिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नानपारा में नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप धारण कर अपनी प्रस्तुतियां दीं। अवसर था भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की प्रतिरूप सज्जा कार्यक्रम का, जिसमें अरुण एवं उदय प्रभात के सैकड़ों भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार मिश्रा ने विभिन्न प्रस्तुतियों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीकृष्ण एवं राधा जी के स्वरूपों के मस्तक पर तिलक-चंदन लगाकर पुष्पवर्षा की गई। इसके पश्चात विधिवत आरती कर सभी ने भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों एवं माता-बहनों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रासलीला का आयोजन किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य बैकुंठ नाथ अवस्थी ने किया। अंत में आचार्य हनुमान सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं सभी सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आलू कृषकों के लिए मददगार होगी भामाशाह भाव स्थिरता योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोल्ड स्टोरेज शुल्क अनुदान योजना से हल्का होगा कृषकों का आर्थिक बोझ

योजना अन्तर्गत आनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य होंगे

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि सरकार ने आलू उत्पादक कृषकों को उनकी आलू उपज की लागत के सापेक्ष उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से नवीन भामाशाह भाव स्थिरता योजना एवं भण्डार प्रभार में अनुदान की योजना प्रारम्भ की गई है। योजना की परिचालन अवधि 01 जनवरी से 15 अप्रैल एवं 01 जुलाई से 31 अक्टूबर है। योजना के अन्तर्गत अनुदान के आगणन हेतु किसान के आलू उत्पादन लागत का 25 प्रतिशत अथवा उत्पादन लागत एवं बिक्रीत दर के अन्तर की धनराशि जो कम हो देय होगा। योजना का लाभ एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता के आलू (30 से 80 एम.एम.) पर देय होगा। इसी प्रकार कोल्ड स्टोरेज शुल्क अनुदान योजना के तहत किसानों को कोल्ड स्टोरेज शुल्क के अन्तर्गत प्रति कुन्तल रू. 100=00 का अनुदान दिया जायेगा। किसान के लिए अधिकतम अनुमन्य क्षेत्रफल 2 हेक्टेयर एवं अधिकतम अनुमन्य आलू की मात्रा 200 कुन्तल पर रू. 100=00 प्रति कुण्टल की दर से रू. 20,000=00 तक अनुमन्य है। आलू कृषकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की गई दोनों योजनाओं से आलू कृषकों उत्पादन लागत एवं बिक्रीत दर के अन्तर से होने वाले घाटे तथा शीतगृह के किराये का भुगतान करने में मदद मिलेगी। श्री चौधरी ने बताया कि जनपद में इस बार आलू का उत्पादन अच्छा हुआ एवं शीतगृहों में आलू भण्डारित है।

श्री चौधरी ने बताया कि दोनों योजनाओं का क्रियान्वयन विभागीय पोर्टल पोटैटो डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट इन के माध्यम से किया जाएगा तथा अनुदान की धनराशि लाभार्थी कृषक के आधार लिंक्ड बैंक खाते में सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से अन्तरित की जायेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खसरा, खतौनी, कोल्ड स्टोर की आमद रसीद, गेट पास रसीद, लॉट नम्बर, पेमेंट रसीद जिसमें किसान का पूरा पता तहसील, जिला आदि का विवरण हो, की सहायता से पोर्टल पर पंजीकरण करते हुए लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आलू भण्डारण शुल्क पर वित्तीय सहायता केवल उन्ही किसानों को मिलेगी जिन्होने अपने नाम से आलू भण्डारित किया है और खतौनी उनकी स्वयं की है।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। पोर्टल पर पंजीकृत आवेदक कृषकों द्वारा ऑन लाइन प्राप्ति रसीद के साथ वांछित समस्त अभिलेखों की छायाप्रति भौतिक रूप से कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी में जमा करना होगा, जिससे कि सत्यापन की कार्यवाही सम्यक रूप से की जा सके। अधिक जानकारी के लिए पोर्टल पर विजिट करें या कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच से सम्पर्क करें।

सीडीओ ने विकास भवन का किया औचक निरीक्षण, छह कर्मचारी गैरहाजिर

डूडा कार्यालय में नहीं मिले एक भी कर्मचारी, सीडीओ ने एक दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार को विका स भवन स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औ चक निरीक्षण किया। जांच के दौरान छह कर्मचारी अनुपस्थित मिले,जबकि परियोजना अधिकारी डू डा कार्यालय के सभी कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित कर्म चारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।निरीक्षण में कार्यालयों और शौचालयों की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली।विकास भवन की गैलरी में प्रकाश व्यवस्था भी खराब पाई गई।जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के पास बरामदे में पुरानी और जर्जर अलमारी रखी मिलने पर भी सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।सीडीओ ने अधिका रियों को समय पर कार्यालय पहुंचने, कार्यालयीन अनुशासन और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि विकास भवन में अव्यवस्था और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभागों को अपने कार्यालयों के सामने प्रकाश,सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम-रोजगार,समाज कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पहले पिटाई, फिर बाल छीले,15 दिन बाद खुला 'जुल्म' का वीडियो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही हर कत में आई गोंडा पुलिस, मुकदमा दर्ज



गोंडा । नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मेवातियान में युवक की पिटाई का करीब पंद्रह दिन पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई।वायरल वीडियो में कुछ लोग युवक के बाल छीलते और उसके साथ मार पीट करते नजर आ रहे हैं।वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।बताया जा रहा है कि युवक एक युवती से फोन पर बातचीत करता था।इसी बात को लेकर युवती के भाई ने कथित तौर पर युवक को गाड़ी में बैठाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई और उसके बाल भी छील दिए गए।घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो जाने के कारण मामला उस समय थाने तक नहीं पहुंचा।करीब पंद्रह दिन बाद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगा।वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो अधिका रियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की पहचान कराई।नगर कोतवाली पुलिस ने मुक दमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई है और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

पूरनपुर की मतदाता सूची में पांच हजार संदिग्ध नामों का दावा सपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विधानसभा क्षेत्र 129-पूरनपुर की मतदाता सूची में करीब पांच हजार संदिग्ध और कथित फर्जी मतदाताओं के नाम दर्ज होने का दावा करते हुए समाजवादी पार्टी ने जांच की मांग उठाई है सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा सपा नेताओं का आरोप है कि विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों की मतदाता सूचियों में ऐसे नाम शामिल हैं, जिनमें कुछ मतदाता एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, जबकि कुछ संबंधित क्षेत्र में निवास ही नहीं करते पार्टी ने मतदाता सूचियों का गहन सत्यापन कराने के साथ डोर-टू-डोर जांच की मांग की है युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू ने कहा कि उनके पास करीब पांच हजार संदिग्ध मतदाताओं से संबंधित प्रमाण और तथ्य उपलब्ध हैं उन्होंने कहा कि मामला किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़ा है सपा विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने भी मामले की निष्पक्ष जांच को जरूरी बताया ज्ञापन में कहा गया कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल होने या पात्र मतदाता का नाम छूटने से चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है सपा नेताओं ने जांच में गलत पाए जाने वाले नामों को नियमानुसार हटाने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की इस दौरान कल्याण सिंह सरोज, नोमान अली वारसी, नजमुल हसन खान, तुफैल खान, सतीश वर्मा, खुर्शीद एडवोकेट, इमरान वली खान, ओमकार भारती, अहीद खान, ओम शर्मा, उस्मान शाह, अमित वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे एसडीएम मयंक गोस्वामी ने ज्ञापन लेकर मामले में नियमानुसार जांच का आश्वासन दिया है।

समाजवादी छात्र सभा ने प्रियांशी मिश्रा को बनाया पीलीभीत का जिला उपाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। समाजवादी छात्र सभा की जिला कार्यकारिणी में सपा नेत्री प्रियांशी मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्ष द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया गया। जारी पत्र के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रियांशी मिश्रा को समाजवादी छात्र सभा की जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष पद पर नामित किया गया है।मनोनयन पत्र में कहा गया है कि प्रियांशी मिश्रा संगठन को मजबूत करने, समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। साथ ही उनसे यह अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वे पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए कार्य करेंगी।प्रियांशी मिश्रा के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी एवं समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गई है। जनपद के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। सपा नेत्री प्रियांशी मिश्रा ने मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। छात्र हितों की लड़ाई को मजबूती से उठाएंगी और युवाओं को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम करेंगी।इस मनोनयन को जनपद पीलीभीत के लिए सम्मान की बात माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रियांशी मिश्रा के नेतृत्व में छात्र सभा और अधिक सशक्त होगी।

डीएम एवं एसपी ने दुर्घटना पर जताया दुःख परिजनों से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ने हरियाणा में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की तथा शोक संवेदना व्यक्त की। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें हर संभव सहायता एवं सहयोग का आश्वासन दिया।बताया गया कि हरियाणा में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में पीलीभीत के कुछ लोगों की मृत्यु हो गई थी। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। डीएम और एसपी खुद पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया।जिलाधिकारी ने कहा कि इस हृदय विदारक घटना से पूरा जिला दुखी है। प्रशासन पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करेगा। उन्होंने तहसील प्रशासन को निर्देश दिए कि मृतकों के परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।पुलिस अधीक्षक ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग पीड़ित परिवारों के साथ है। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार,थाना प्रभारी गजरौला ब्रजवीर सिंह,थाना प्रभारी दियूरिया गौतम सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे हैं।

गजब ! वृहद मरम्मत पर सात लाख रुपया खर्च के बाद नवीन भवन को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत जिजौली स्थित कम्पोजिट विद्यालय में छह माह पूर्व वृहद मरम्मत के लिये सात लाख से अधिक रुपया ठिकाने से लगाने के बाद अब पन्द्रह लाख छत्तीस हजार रुपये का नवीन भवन निर्माण भी आवंटित कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों द्वारा नियम कानूनों को ताक पर रखकर सरकारी धन को ठिकाने लगाने के लिये जो ताना बाना बुना गया उससे महकमे की किरकिरी होने लगी क्योंकि खेवनहारों द्वारा वरिष्ठ शिक्षक होने के बावजूद एक सहायक अध्यापक को प्रभारी प्रधानाध्यापक बना दिया गया है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह मातहतों की करतूतों पर पर्दा डालने के लिये खेल खेला जा रहा है। बताते चलें कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीते फरवरी माह में सिंहपुर विकास क्षेत्र के तेइस परिषदीय विद्यालयों में वृहद मरम्मत के नाम पर एक करोड़ अठारह लाख रुपया भेजा गया था जिसमें कम्पोजिट विद्यालय जिजौली के विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में भी सात लाख से अधिक रुपया भेजा गया था जिसे विद्यालय की मरम्मत पर खर्च करने का निर्देश दिया गया था लेकिन यहां पर खेवनहारों द्वारा मनमाने तरीके से सरकारी धन का बंदरबांट कर इमारत की रंगाई पुताई कराते हुये सात लाख रुपया फर्जी बिल बाउचर लगाकर ठिकाने लगा दिया गया। बीएसए से लेकर एडी बेसिक तक उक्त हाई प्रोफाइल मामले की जांच पड़ताल की लेकिन नतीजा टांय टांय फुस्स साबित हुआ जिससे सरकारी धन का बंदरबांट करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हो गये। महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा जनपद के नवीन भवन निर्माण की जो सूची भेजी गई है उसमें कम्पोजिट विद्यालय जिजौली का नाम भी अंकित है। आम जनमानस की माने तो जब विद्यालय का भवन निर्माण कराना ही था तो छह माह पूर्व वृहद मरम्मत के नाम पर सात लाख रुपया क्यों भेजा गया ? इस मामूली से सवाल का जवाब किसी भी सक्षम अधिकारी के पास नही है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि उक्त विद्यालय में वरिष्ठ शिक्षक मनोज तिवारी है लेकिन भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे अधिकारियों द्वारा सहायक अध्यापक नंद कुमार को विद्यालय का प्रभारी प्रधानाध्यापक बना दिया गया है जो कि नियमतः गलत है लेकिन अपने इन गुनाहों पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पर्दा डालकर लगातार मनमानी की जा रही है ।

भाजपा नेत्री बचना शर्मा की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

देहरादून कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासनगर की मौत की नहर कहे जाने वाली शक्ति नहर पर अब सुरक्षा कवच लगेगा। भाजपा नेत्री बचना शर्मा की पहल पर शक्ति नहर पर तार-बाड़ लगाने के आदेश जारी हो गए हैं। विकासनगर विधानसभा क्षेत्र की अम्बाड़ी शक्ति नहर सुरक्षा के अभाव में कई मासूम जिंदगियां लील चुकी है। इस जनहित के मुद्दे को भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति विशेष आमंत्रित सदस्य एवं पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने मजबूती से उठाया था।भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने 4 अगस्त को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर मांग की थी कि शक्ति नहर के दोनों किनारों पर तार-बाड़ और जाल लगाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं और आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सके।भाजपा नेत्री ने कहा कि यह डबल इंजन सरकार में ही संभव है कि एक कार्यकर्ता की आवाज सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचती है और तुरंत कार्रवाई होती है। उनकी शिकायत पर शासन में तेजी आई और महाप्रबंधक यमुना वैली इन्द्र मोहन सिंह ने 01-09-2026 को आदेश जारी कर शक्ति नहर के दोनों किनारों को तार-बाड़ से सुरक्षित करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बजट मिलते ही कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस निर्णय से जनता में खुशी की लहर है।

उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत में, एनडीआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव के उपाय बताए

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर्स रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की टीम द्वारा विद्यार्थियों को आपदा से बचाव एवं आपदा प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के समय सावधानी बरतने तथा स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा करने के लिए जागरूक करना था।एनडीआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों को भूकंप, बाढ़, आग, सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। टीम ने आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव कार्य करने, प्राथमिक उपचार देने तथा सुरक्षित स्थान पर पहुँचने के तरीकों के बारे में भी बताया।इस दौरान विद्यार्थियों को आपदा के समय धैर्य बनाए रखने, घबराहट से बचने और उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। एनडीआरएफ टीम ने बचाव एवं राहत कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ एवं व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता कनौजिया, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर शेफाली सक्सेना एवं रुद्राभान सिंह , डॉ. विपिन नीरज, डॉ जितेंद्र मिश्रा, दुर्गेश धर द्विवेदी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ दुष्यंत कुमार ने एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में सजग, आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एसडीएम प्रमेश कुमार ने प्रधान के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर एसडीएम प्रमेश कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार भी उनके साथ मौजूद रहे।एसडीएम ने क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए।ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने अपनी पूरी पंचायत में घर-घर जाकर लोगों का हाल-चाल लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। कई घरों में पानी घुस जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।प्रधान विवेकानंद सरकार ने एसडीएम को बताया कि लगातार बारिश और नदी के जलस्तर बढ़ने से कई गांव जलमग्न हो गए हैं। लोगों के सामने खाने-पीने और रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। एसडीएम प्रमेश कुमार ने आश्वासन दिया कि प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है। जल्द ही राहत सामग्री वितरित की जाएगी और नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाएगा। इस दौरान राजस्व टीम और ग्राम पंचायत के सदस्य मौजूद रहे है।

ब्लॉक प्रमुख ने कई ग्राम पंचायतों का किया दौरा, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं समाधान के दिए निर्देश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कई ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ग्राम पूर्वा भूड़ा, मरौरी सहित कई गांवों में पहुंचीं। वहां उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने सड़क, नाली, आवास, पेंशन और राशन संबंधी समस्याएं बताईं। ब्लॉक प्रमुख ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर किसी भी योजना में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी को समस्या है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है।दौरे के दौरान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख के इस दौरे की सराहना की।

खाकी बाबा आश्रम में आयोजित दुखदुरिया कार्यक्रम में पहुंची हजारों महिलाएं

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र भादर स्थित प्रसिद्ध खाकी बाबा आश्रम में विशाल दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। समाजसेवी संतोष सिंह की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से आश्रम परिसर पूरे दिन भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।कार्यक्रम में महिलाओं ने विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार अवसान मां की पूजा-अर्चना की।श्रद्धालुओं ने मां से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की।पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान आश्रम परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।कार्यक्रम में शामिल महिलाओं के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। पूजा और कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हजारों महिलाओं की एक साथ मौजूदगी से आश्रम परिसर में श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला।आयोजक संतोष सिंह ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग करने वाले सभी लोगों, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों का उददेश्य केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और लोगों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी हैं।उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग और सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता ने सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का संदेश दिया।

पुलिस ने दो गुमशुदा बच्चों को सकुशल किया बरामद

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस ने आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा दो किशोरों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।पुलिस अधीक्षक सरवण टी. के निर्देश पर आपरेशन मुस्कान के तहत थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा गुमशुदा दो किशोरों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।परिजनों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया। कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि बीती एक सितम्बर को वादिनी राधा यादव पत्नी अशोक यादव द्वारा तहरीर देकर इकतीस अगस्त को उनके अपने तेरह वर्षीय पुत्र व गांव की ही आशा यादव के पन्द्रह वर्षीय पुत्र के बिना बताये घर से कहीं चले जाने के सम्बंध में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उन्होंने बताया कि जिसे सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

शिवरतनगंज में विषैले जंतु के काटने से नवयुवक की मौत

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित कस्बा में एक नवयुवक की विषैले जंतु के काटने से तीन दिन बाद मौत हो गई है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।थाना क्षेत्र के क़स्बा शिवरतनगंज निवासी रजनीश कुमार दीक्षित उर्फ अतुल उम्र अठाइस वर्ष पुत्र गिरीश चंद्र दीक्षित कस्बा राजा फतेपुर केआनंद नगर चौराहे पर कम्प्यूटर सेंटर संचालित कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मंगलवार को अतुल को किसी विषैले जंतु ने काट लिया था परिजन इलाज कराने के बाद घर ले आये थे तब उनकी स्थित ठीक थी। गुरुवार को कम्प्यूटर सेंटर पर उनकी तबियत बिगड़ने लगी तो वहां पर मौजूद साथी उन्हें लेकर लोधवरिया स्थित स्वशासी मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रजनीश के पिता किसी कार्य से लखनऊ गये थे बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर के लिये निकल पड़े। पत्नी समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भी सनसनी फैल गई है।

पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी,थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग व अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोहित पुत्र रवीन्द्र निवासी ग्राम चूपी मजरे इमलीगांव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

दिवंगत पत्रकार सतीश पांडेय को जनपद के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

प्रेस क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद, सभी ने दो मिनट का मौन रखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। वरिष्ठ पत्रकार रहे सतीश पांडेय की हुई असामयिक मृत्यु के बाद जनपद के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपस्थित सभी पत्रकारों ने नम आँखों से अपने साथी पत्रकार सतीश पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बाद में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। सभी एक दूसरे से अपने साथी दिवंगत पत्रकार सतीश पांडेय के हंसते चेहरे की चर्चा करते हुए देखे गए। पत्रकारों के गुरु के रूप में प्रसिद्ध व दिवंगत पत्रकार सतीश पांडेय के ताऊ जी(बड़े पिता) मनोराम पांडेय जी पूरे समय अपने पुत्रवत भतीजे को याद कर रोते हुए दिखे। सभी पत्रकार उन्हें ढांढस बंधाते नजर आए। ज्ञातव्य है कि सतीश पांडेय लखनऊ से प्रकाशित एक अखबार के वर्षों से चीफ ब्यूरो के रूप में कार्य कर रहे थे। दस दिन पूर्व मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित होने पर परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए नगर के गोमती हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। स्थिति नियंत्रित न होने पर उन्हें लखनऊ स्थित मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था।जहां इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात उनकी मृत्यु हो गई थी। उनकी मौत की सूचना पर पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई। बुधवार को उनके पैतृक गांव के पास स्थित आदि गंगा गोमती के दियरा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें जनपद के राजनैतिक, व्यावसायिक व जिले के लगभग सभी पत्रकार शामिल हुए थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय गुरु जी, डॉ0 अवधेश शुक्ला अध्यक्ष पत्रकार एसोसिएशन, जिला सूचना अधिकारी डा0 धीरेंद्र कुमार, अनिल द्विवेदी, दर्शन साहू, अनुराग द्विवेदी, संतोष यादव, रामानंद मिश्रा, नवीन शर्मा, दीपक मिश्रा, जितेंद्र श्रीवास्तव, सतीश मिश्रा, संतोष पांडेय, सर्वेश सिंह, जयशंकर दुबे, संतोष श्रीवास्तव अमेठी, धर्मेंद्र तिवारी, आशीष मौर्य, सुनील राठौर, प्रदीप सोनी, राकेश तिवारी, मंगल प्रसाद, आशीष श्रीवास्तव, श्रवण शर्मा, सूर्य प्रकाश तिवारी, आशीष मिश्रा, दिनेश यादव, आमिल सिद्दीकी, विजय पांडेय, अंकित राय, नारायण राय, अरबाब अहमद, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

तेज डीजे की आवाज पर नियंत्रण को लेकर फाउंडेशन ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन की टीम ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर जनपद में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण, विशेषकर अत्यधिक तेज डीजे एवं भारी ध्वनि कंपन को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। फाउंडेशन ने इस विषय को जनस्वास्थ्य, बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए प्रभावी नियंत्रण की मांग की। एवं उन्हें अवगत कराया पिछले कुछ वर्षों में डीजे की ध्वनि से प्रभावित होकर 4 से अधिक लोगों की हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है

फाउंडेशन की ओर से आग्रह किया गया कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में डीजे की आवाज निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर और निर्धारित समय तक ही रखने, नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा आयोजक समितियों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य किसी धार्मिक आयोजन का विरोध करना नहीं, बल्कि आस्था के साथ नागरिकों के स्वास्थ्य और शांतिपूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा करना है। मुलाकात के दौरान फाउंडेशन ने जनपद में मासिक सार्वजनिक स्वच्छता अभियान तथा जरूरतमंद एवं अनाथ बच्चों के लिए बाल गृहध्अनाथालय की स्थापना का प्रस्ताव भी जिलाधिकारी के समक्ष रखा।

घर सुल्तानपुर फाउंडेशन ने कहा कि वह जन जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज के सभी वर्गों और आयोजन समितियों से अपील जारी रखेगा कि ह्लउत्सव मनाएं, खुशियां बांटें लेकिन आवाज इतनी नहीं कि किसी की सेहत प्रभावित हो। जिलाधिकारी से मुलाकात करने में फाउन्डेशन के सचिन सिंह, आकाश रंजन, राघवेंद्र सिंह अनुराग गुप्ता, नितिन मिश्रा, मनीष कसौधन, शिवम द्विवेदी, वैभव सिंह सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिनदहाड़े ज्वेलर से छिनैती का आरोप, ऑर्डर के चांदी के जेवरात छीनकर फरार हुए बदमाश

लम्भुआ, सुल्तानपुर। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में दिनदहाड़े छिनैती की घटना हुई है। आरोप है कि ऑर्डर का सामान दूसरी दुकान पर देने जा रहे एक ज्वेलर से अज्ञात बदमाश बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में चांदी के ऑर्डर के जेवरात रखे थे। पीड़ित मनोज पुत्र गोपीचंद निवासी ग्राम डकाही थाना लम्भुआ ने बताया कि वह सुबह घर से निकलकर लम्भुआ स्थित अपनी दुकान देव ज्वेलर्स से ऑर्डर का सामान लेकर अपनी दूसरी दुकान तातो मुरैनी स्थित देव ज्वेलर्स पर देने जा रहे थे। जैसे ही वह लम्भुआ कस्बे के सर्वोदय चौराहा ब्लॉक रोड के सामने पहुंचे, पीछे से एक टेम्पो ने टक्कर मार दी और वह गिर पड़े। आरोप है कि इसी दौरान 3-4 अज्ञात लोग आए और उनके पास मौजूद बैग, जिसमें चांदी के ऑर्डर के जेवरात थे, छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना पीड़ित ने डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

भगवान विश्वकर्मा पूजा पर 17 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश की मांग

पूरनपुर।भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस पर 17 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव संतराम विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में प्रदेश के करोड़ों श्रमिकों, कारीगरों, तकनीकी कर्मचारियों और विश्वकर्मा समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए अवकाश घोषित करने की मांग की है पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को पूरे देश में भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के बंधु, लकड़ी एवं लोहे का कार्य करने वाले कारीगर, दुकानदार, इंजीनियरिंग उद्योगों तथा तकनीकी संस्थानों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी अपने प्रतिष्ठान व कार्य बंद रखकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना, आरती और शोभायात्रा आदि कार्यक्रम आयोजित करते हैं ओबीसी महासभा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस श्रम, स्वाभिमान और श्रमिक वर्ग की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व हैसंगठन ने मुख्यमंत्री से 17 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है, ताकि श्रमिकों, कारीगरों और तकनीकी कर्मचारियों को पर्व मनाने का अवसर मिल सके।

सम्पादकीय

जीडीपी बढ़ी, बोझ भी बढ़ा

सितंबर का महीना आते ही देश में पर्व-त्योहारों की शुरुआत भी हो जाती है। रक्षाबंधन तो महंगाई के बीच किसी तरह बीत गया। लेकिन अब गणेश चतुर्थी, तीज, नवरात्रि, करवा चौथ, दशहरा, दीपावली सारे अहम पर्व त्योहार लोगों को मनाने हैं। सवाल यही है कि जिस तेजी से महंगाई बढ़ी है, क्या उसके बाद त्योहारों की खुशियों पर आम आदमी का कुछ हक बचेगा, या त्योहार भी अब केवल अमीरों के लिए रहेंगे। क्योंकि इस बार सितंबर की शुरुआत होते ही महंगाई का चौतरफा वार भी शुरू हो गया है। ऊपर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राहत के दो बोल कहने की जगह किर्गिस्तान में बैठकर प्रवचन दे रहे हैं कि लोग विदेश यात्रा न करें, सोना न खरीदें, स्थानीय उत्पाद खरीदें। पाठक जानते हैं कि किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन की शीर्ष बैठक में शामिल होने के लिए नरेन्द्र मोदी गए हुए हैं। किर्गिस्तान से पहले वे उज्बेकिस्तान पहुंचे। लोग विदेश यात्रा न करें, ऐसी अपील करने से पहले मोदी थोड़ा इंतजार कर लेते कि खुद देश लौट आएं। लेकिन उन्हें अब इन सबकी कोई परवाह ही नहीं है। इस साल अब तक नरेन्द्र मोदी कम से कम 15 देशों की यात्रा कर चुके हैं। जब प.एशिया में अमेरिका और इजरायल की युद्ध नीति के कारण संकट बढ़ा और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा का संकट गहराया, तब भी नरेन्द्र मोदी ने यही अपील की थी कि लोग सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें, विदेश न जाएं, सोना न खरीदें। हालांकि ऐसे उपदेश देकर वो खुद विदेश दौरे पर निकल गए थे और लोगों को चिढ़ाने के लिए इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को मेलोडी टॉफी भेंट कर रहे थे। नरेन्द्र मोदी ग्लोबल की जगह लोकल यानी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का ज्ञान भी जनता को बांटते-फिरते हैं, लेकिन खुद उनके चश्मे, जूते, घड़ियां, गाड़ियां सब विदेशी रहते हैं। हर किसी के लिए गांधी बनना मुमकिन नहीं है कि आश्रम में रहें और अपने हाथ से काते हुए सूत के कपड़े पहनें। लेकिन गांधीजी किसी को ज्ञान नहीं देते थे, वो अपने जीवन में जिन मूल्यों पर यकीन रखते थे, उन्हें अपनाते थे, बाकी लोग उनका अनुसरण करते थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी सारा त्याग और समर्पण लोगों से मांगते हैं और खुद विदेशों में घूम रहे हैं। इस समय देश में महंगाई से लेकर शिक्षा, लड़कियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी जैसे कई मुद्दों पर हाहाकार मचा है। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को फिर से एक इंस्टाग्राम रील बनाकर कहा है कि देश खुशियों से भर गया है। दरअसल सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने इंस्टाग्राम वीडियो के साथ लिखा 7.8 फीसदी की वृद्धि, मजबूत आंकड़े और उससे भी मजबूत भरोसा। प्रधानमंत्री ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा कि दुनिया युद्ध, संकट, सप्लाई चेन में बाधा और कोविड के बाद की आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके बाद उन्होंने श्वोकल फॉर लोकलश विदेश यात्रा करने से बचना चाहिए, सोना खरीदने से भी बचना चाहिए जैसा ज्ञान दिया। इस वीडियो में श्झूठ की गूंजश और श्निराशाश फैलाने वालों का जिक्र मोदी ने किया, जो साफ तौर पर राहुल गांधी के युवाओं से जुड़े छात्रों की गूंज अभियान पर सीधा हमला है। मतलब अगर खुशी का मौका रहे, फिर भी नरेन्द्र मोदी राहुल गांधी को कोसे बिना नहीं रह सकते, यह जाहिर हो गया। हालांकि इस जीडीपी वृद्धि की सच्चाई कुछ और ही है। देश में दूध-चीनी से लेकर प्याज और अंडे तक की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। ऊपर से तेल महंगा होने के बाद सामानों की आवाजाही भी महंगी होगी। 1 सितंबर से जेट फ्यूल भी महंगा हो गया है। घरेलू एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी की गई है, जिसमें रुपए 6.28 प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। अब एटीएफ रुपए 115.00 से बढ़कर रुपए 121.28 प्रति लीटर हो गया है। इधर 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमत भी रुपए 762 से बढ़कर रुपए 764 हुई। हालांकि, घरेलू सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी नहीं की गई। चीनी 56 से लेकर 62 रुपये तक आ गई है। दूध की कीमत अब रुपए 93 से सीधे 102 पहुंच गई है। 9 किलो वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर भी महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत में 9.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

ऐश्वर्य एवं वैराग्य का अद्भुत संगम है श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि श्रेष्ठ नेतृत्व केवल अधिकार प्राप्त करने का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने की कला है। उन्होंने सत्ता को कभी व्यक्तिगत सुख का साधन नहीं बनाया। समाज और राष्ट्र की व्यवस्था उनके लिए कर्तव्य थी और धर्म उनकी आत्मनिष्ठा। इसीलिए उन्होंने परिस्थितियों से पलायन नहीं किया। जहां प्रेम की आवश्यकता थी वहां प्रेम दिया, जहां मित्रता की आवश्यकता थी वहां मित्र बने, जहां संवाद जरूरी था वहां संवाद किया और जहां अधर्म का प्रतिकार आवश्यक हुआ वहां अत्यंत कठोर होकर सामने आए। यही संतुलन कुशल नेतृत्व की सबसे बड़ी पहचान है।



भगवान श्रीकृष्ण भारत की माटी, भारत की आत्मा और भारत के जनजीवन की धड़कन हैं। वे केवल आराधना के देवता नहीं, बल्कि जीवन को देखने की एक दृष्टि, संघर्षों से जूझने की प्रेरणा और भविष्य की ओर बढ़ने की दिशा हैं। वे ऐश्वर्य एवं वैराग्य का अद्भुत एवं निराला संगम हैं। श्रीकृष्ण के बिना भारतीय जीवन-दर्शन की कल्पना अधूरी है। जीवन के लगभग प्रत्येक आयाम-परिवार, समाज, राजनीति, प्रशासन, अर्थव्यवस्था, युद्ध, शांति, प्रेम, मित्रता, कर्तव्य, त्याग, नेतृत्व और आध्यात्मिकता में श्रीकृष्ण के विचारों और आदर्शों की छाप दिखाई देती है। इसीलिए जन्माष्टमी केवल श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का अवसर है। श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के ऐसे अद्भुत एवं विलक्षण महानायक हैं, जिनके व्यक्तित्व में विरोधाभास दिखाई देने वाले अनेक गुण एक साथ समाहित हो जाते हैं। वे द्वारका के शासक हैं, लेकिन उन्हें सामान्यतः 'राजा श्रीकृष्ण' नहीं कहा जाता। वे ब्रजनंदन हैं, नंदलाल हैं, कन्हैया हैं, माखनचोर हैं, गोपियों के चितचोर हैं और रासरचैया हैं। यही उनकी महानता है कि सत्ता के शिखर पर पहुंचकर भी वे जनमानस से कभी दूर नहीं हुए। उनका नेतृत्व राजमहलों तक सीमित नहीं था, वह गांवों की गलियों, ग्वाल-बालों, किसानों, पशुपालकों और सामान्य जन के हृदय तक पहुंचता था। श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि श्रेष्ठ नेतृत्व केवल अधिकार प्राप्त करने का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने की कला है। उन्होंने सत्ता को कभी व्यक्तिगत सुख का साधन नहीं बनाया। समाज और राष्ट्र की व्यवस्था उनके लिए कर्तव्य थी और धर्म उनकी आत्मनिष्ठा। इसीलिए उन्होंने परिस्थितियों से पलायन नहीं किया। जहां प्रेम की आवश्यकता थी वहां प्रेम दिया, जहां मित्रता की आवश्यकता थी वहां मित्र बने, जहां संवाद जरूरी था वहां संवाद किया और जहां अधर्म का प्रतिकार आवश्यक हुआ वहां अत्यंत कठोर होकर सामने आए। यही संतुलन कुशल नेतृत्व की सबसे बड़ी पहचान है। आज प्रबंधन की दुनिया में निर्णय क्षमता, समय-प्रबंधन, संकट-प्रबंधन, नेतृत्व, संवाद-कौशल, मनोविज्ञान और रणनीति को सफलता की अनिवार्य शर्त माना जाता है। इन सभी क्षेत्रों में श्रीकृष्ण का जीवन असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करता है। कुरुक्षेत्र में अर्जुन जब मोह और मानसिक द्वंद्व से घिरकर अपने कर्तव्य से विमुख होने लगे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें केवल युद्ध के लिए प्रेरित नहीं किया, बल्कि जीवन का विराट दर्शन दिया। उन्होंने अर्जुन को कर्म का मर्म समझाया-मनुष्य का अधिकार कर्म पर है, परिणाम पर नहीं। यह संदेश आज भी हर विद्यार्थी, कर्मचारी, उद्यमी, प्रशासक, राजनीतिज्ञ और सामान्य व्यक्ति के लिए उतना ही उपयोगी है। हमारी सबसे बड़ी कमजोरी अक्सर कर्म से अधिक परिणाम की चिंता होती है। परिणाम की चिंता मन को भय, तनाव और असमंजस से भर देती है। श्रीकृष्ण का कर्मयोग इस मानसिक बोझ से मुक्ति का मार्ग देता है। अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा, क्षमता और ईमानदारी से करना और परिणाम को व्यापक व्यवस्था पर छोड़ देना-यह जीवन-प्रबंधन का ऐसा सूत्र है जिसकी उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक थी-स्थिर बुद्धि। शिशुपाल ने राजसूय यज्ञ की सभा में उन्हें लगातार अपमानित किया, फिर भी वे शांत रहे। दुर्योधन के दरबार में शांति-दूत बनकर गए और वहां भी उनका अपमान हुआ, लेकिन वे विचलित नहीं हुए। इससे हमें सीख मिलती है कि उत्तेजना में लिया गया निर्णय प्रायः समस्या बढ़ाता है, जबकि शांत मन समाधान का रास्ता खोलता है। आधुनिक परिवारों से लेकर संसद, प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय संबंधों तक, यह प्रबंधन-सूत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है। श्रीकृष्ण केवल युद्धनीति के ज्ञाता नहीं थे, वे शांति के भी सबसे बड़े समर्थक थे। महाभारत का युद्ध उनकी पहली पसंद नहीं था। उन्होंने युद्ध रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। जब संवाद और न्याय की संभावनाएं समाप्त हो गईं, तभी धर्म की रक्षा के लिए युद्ध का मार्ग स्वीकार किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि शक्ति का अर्थ हिंसा नहीं, बल्कि न्याय की रक्षा करने की क्षमता है। सच्ची शांति वही है जिसके पीछे न्याय और आत्मबल की शक्ति हो। श्रीकृष्ण का सामाजिक दृष्टिकोण भी अत्यंत व्यापक था। उन्होंने ग्रामीण जीवन, गौ-संस्कृति, प्रकृति और सामुदायिक जीवन को सम्मान दिया। गोवर्धन प्रसंग हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सामुदायिक एकता का संदेश देता है। माखन और दूध-दही के प्रसंगों को केवल बाल-क्रीड़ा के रूप में देखने के बजाय उनमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थानीय संसाधनों की रक्षा का संदेश भी देखा जा सकता है। श्रीकृष्ण का लोकजीवन से जुड़ाव बताता है कि कोई भी राष्ट्र तभी मजबूत बन सकता है जब उसकी विकास-यात्रा गांवों, किसानों, श्रमिकों और सामान्य नागरिकों को साथ लेकर चले। उनका व्यक्तित्व एक अद्भुत समन्वय है। वे अर्जुन के सारथी हैं और साथ ही विश्वरूप के दर्शन कराने वाले योगेश्वर। वे सुदामा के मित्र हैं और अत्याचारियों के लिए सुदर्शन चक्रधारी। वे बांसुरी की मधुरता हैं तो धर्मरक्षा के लिए आवश्यक कठोरता भी। वे प्रेम हैं, करुणा हैं, नीति हैं, रणनीति हैं, त्याग हैं और कर्म हैं। इसीलिए श्रीकृष्ण को किसी एक सीमा में बांधना उनके विराट व्यक्तित्व को छोटा करना होगा। श्रीकृष्ण का एक महत्वपूर्ण संदेश है कि व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का बहुआयामी विकास करना चाहिए। परंपरा में उनके द्वारा चौंसठ कलाओं के ज्ञान का उल्लेख मिलता है। इसका व्यापक संदेश यह है कि शिक्षा केवल रोजगार पाने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व को पूर्ण बनाने की प्रक्रिया है। आज के समय में जब शिक्षा को केवल अंक, नौकरी और प्रतियोगिता तक सीमित करने का खतरा है, श्रीकृष्ण का जीवन हमें ज्ञान, कला, कौशल, सृजनशीलता और चरित्र के समन्वय की प्रेरणा देता है। श्रीकृष्ण की राजनीति सत्ता प्राप्ति की राजनीति नहीं, बल्कि लोककल्याण और धर्मस्थापना की राजनीति थी। उनके जीवन में हमें यह सूत्र मिलता है कि सत्ता पर नैतिकता का अंकुश होना चाहिए और शक्ति का उपयोग जनहित के लिए होना चाहिए। आज भारत विकसित भारत के 2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आर्थिक शक्ति, विज्ञान, तकनीक, रक्षा, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक समरसता-हर क्षेत्र में भारत नई संभावनाओं की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में श्रीकृष्ण का दर्शन हमें बताता है कि विकास केवल भौतिक समृद्धि का नाम नहीं है। विकास तब सार्थक होगा जब उसमें चरित्र होगा, कर्तव्य होगा, करुणा होगी, न्याय होगा और अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी आशा का प्रकाश पहुंचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की जो व्यापक यात्रा चल रही है, उसमें श्रीकृष्ण के कर्म, कर्तव्य, रणनीति, राष्ट्रहित और लोककल्याण के आदर्शों से प्रेरणा लेने की बड़ी संभावनाएं हैं। अंतरराष्ट्रीय जीवन में भी श्रीकृष्ण का संदेश महत्वपूर्ण है। आज दुनिया संघर्षों, युद्धों, अविश्वास और शक्ति-संघर्षों से जूझ रही है। ऐसे समय में श्रीकृष्ण की नीति कहती है-पहले संवाद, फिर समन्वय और अंततः न्याय की रक्षा के लिए आवश्यक शक्ति। भारत यदि विश्व में शांति, सह-अस्तित्व और मानवकल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहता है तो उसे अपनी सांस्कृतिक चेतना के इस महान स्रोत से ऊर्जा लेनी होगी। श्रीकृष्ण हमें यह भी सिखाते हैं कि जीवन केवल सुख का नाम नहीं है। संघर्ष आएंगे, परिस्थितियां बदलेंगी, प्रियजन दूर होंगे, संकट सामने खड़े होंगे, लेकिन मनुष्य को अपने धर्म और कर्तव्य से विचलित नहीं होना चाहिए। यही कारण है कि गीता का संदेश किसी एक युग, धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता के लिए जीवन का मार्गदर्शन बन गया है। जन्माष्टमी के अवसर पर हमें केवल मंदिरों में घंटियां नहीं बजानी हैं, बल्कि अपने भीतर के अंधकार को भी पहचानना है। हमारे भीतर का कंस अहंकार हो सकता है, लोभ हो सकता है, क्रोध हो सकता है, भय हो सकता है और स्वार्थ भी। हमारे भीतर का अर्जुन भ्रमित और कमजोर हो सकता है। ऐसे में हमें अपने भीतर के श्रीकृष्ण को जगाना होगा-विवेक के रूप में, कर्म के रूप में, साहस के रूप में, प्रेम के रूप में और सत्य के रूप में। श्रीकृष्ण कोई बीता हुआ इतिहास नहीं हैं। वे भारतीय चेतना की सतत प्रवाहित जीवन-ऊर्जा हैं। वे केवल एक महानायक नहीं, बल्कि जीवन के महाप्रबंधक हैं। केवल धर्म के उपदेशक नहीं, बल्कि कर्म की प्रेरणा हैं। केवल बांसुरी की मधुर धुन नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध उठने वाला सुदर्शन भी हैं। श्रीकृष्ण एक व्यक्ति नहीं, एक दृष्टि हैं। श्रीकृष्ण एक कथा नहीं, एक चेतना हैं। श्रीकृष्ण केवल आराध्य नहीं, जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा हैं। **-ललित गर्ग**

भक्ति, संस्कृति और सामाजिकता का संगम : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



डॉ शिवानी कटारा

जन्माष्टमी, जिसे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के रूप में भी जाना जाता है, भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व धर्म, नीति, प्रेम, करुणा और कूटनीति का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है, और उनका जन्मोत्सव सनातन संस्कृति के इन मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संचारित करता आया है। श्रीमद्भागवत, महाभारत और विष्णु पुराण में वर्णित कृष्ण जन्मकथा का केंद्र मथुरा है और, भारत के अनेक तीर्थस्थलों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, परंतु वृंदावन में इसका महत्व विशेष और अद्वितीय है। वृंदावन, जिसे 'कृष्ण की लीलाओं की भूमि' कहा जाता है, न केवल जन्माष्टमी के धार्मिक उत्सव का केंद्र है, बल्कि यह भक्ति, लोक कला, संगीत और आध्यात्मिक अनुभव का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है। वृंदावन यमुना नदी के किनारे स्थित है और पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह वही स्थान है जहाँ बालकृष्ण ने अपने गोप-बाल मित्रों के साथ लीलाएं कीं, तुलसी और कदंब वृक्षों के मध्य रासमंडल रचाया, और गोपियों के साथ अलौकिक प्रेम का अनुभव कराया। मध्यकाल में, 16वीं शताब्दी के भक्ति आंदोलन के दौरान चैतन्य महाप्रभु जैसे संतों ने वृंदावन को पुनः खोजा और यहाँ अनेक मंदिरों की स्थापना की, जिनमें गोविंद देव, मदन मोहन, श्री राधा वल्लभ, राधा रमण और बांके बिहारी मंदिर प्रमुख हैं। वृंदावन में जन्माष्टमी का पर्व केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि पूरे सप्ताह या उससे भी अधिक समय तक चलने वाला महोत्सव है। मंदिरों को फूलों, दीपों और रंग-बिरंगे वस्त्रों से सजाया जाता है। अष्टमी की रात ठीक बारह बजे भगवान कृष्ण का 'जन्म' माना जाता है, तब घंटियों, शंखनाद और जयघोष से वातावरण गूंज उठता है। मध्यरात्रि अभिषेक और आरती पंचामृत, दूध, गुड़ और फूलों के साथ की जाती है। ब्रज कलाकार श्रीकृष्ण की लीलाओं का नाट्यरूपांतरण करते हैं, जो लोकनाट्य शैली में भक्तिभाव और सांस्कृतिक रंग-रूप का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत करता है। वृंदावन की गलियों और मंदिरों में भजनों की स्वर-लहरियां निरंतर गूंजती रहती हैं, विशेषकर सूरदास, मीराबाई और रसखान की रचनाएं। वृंदावन की जन्माष्टमी में ब्रजभाषा के लोकगीतों और रसिया गायन की विशेष परंपरा है। सोहर गीत, जो जन्म के अवसर पर गाए जाते हैं, कृष्ण के आगमन को पारिवारिक और सामाजिक उत्सव का रूप देते हैं, विराटिय दृष्टान्त गीत– जैसे ब्रज भजन 'मैया मोरी मैं नहिं माखन खायो'–भावनात्मक व सांस्कृतिक गहराई प्रदान करते हैं जबकि रसिया गीतों में राधा-कृष्ण की दिव्य प्रेम लीला और उनके मधुर संवादों का भावपूर्ण चित्रण होता है। वृंदावन की गलियों में बच्चों द्वारा कृष्ण-बलराम के वेश में निकलने वाली शोभायात्राएं पूरे ब्रज क्षेत्र को जीवंत कर देती हैं। झूला यात्रा में भक्त कलात्मक झूलों में बालकृष्ण की मूर्ति को झुलाते हुए भजन गाते हैं, जो प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। रासलीला और झांकियां प्रशासनिक आयोजनों से लेकर स्थानीय गांवों तक होती हैं, जहाँ नाट्य, लोकनृत्य और रंगीन परिधान कथात्मक और आध्यात्मिक दोनों अनुभव प्रदान करते हैं। वृंदावन की सांस्कृतिक लोकभाषा, लोकगीत और पारंपरिक खान-पान जन्माष्टमी को संवेदनशील रूप से प्रदर्शित करते हैं। चप्पन भोग, पंचामृत, पापड़ीऽमिक्स, ब्रज क्षेत्रीय पकवान जैसे मैथुरा पेड़ा, ब्रज पंजिरी और वृंदावन दही-अरबी झोर का प्रसाद वितरित किया जाता है। धार्मिक पर्यटन और उससे जुड़ी अर्थव्यवस्था की दृष्टि से जन्माष्टमी एक 'धार्मिक पूंजी' (Religious Capital) का निर्माण करती है, जिसमें भक्ति और आस्था के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा, नेटवर्किंग और आर्थिक अवसरों का भी विस्तार होता है। वार्षिक आर्थिक अनुमान बताता है कि जन्माष्टमी के दौरान ब्रज मंडल (मथुरा-वृंदावन) में 2,500 से 5,000 करोड़ रुपये तक का कारोबार होता है, जिसमें पर्यटन और हस्तशिल्प भी सम्मिलित हैं। लगभग दो हजार छोटे और मध्यम उद्योग तथा करीब दो लाख कारीगर इस अवसर से प्रभावित होते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का 'ब्रज सर्किट' और जागरूक पर्यटन नीतियां इस क्षेत्र को संरचनात्मक रूप से मजबूत बना रही हैं। वृंदावन की जन्माष्टमी एक धार्मिक उत्सव से आगे बढ़कर सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक यात्रा है। यहाँ कृष्ण को 'लीलामय' ईश्वर के रूप में देखा जाता है, जो जीवन के हर पहलू में आनंद, प्रेम और करुणा का संदेश देते हैं। वृंदावन की भक्ति परंपरा यह सिखाती है कि ईश्वर के साथ संबंध केवल पूजा का विषय नहीं, बल्कि गहन प्रेम और आत्मिक मिलन का अनुभव है। समाजशास्त्रीय रूप से देखा जाए तो वृंदावन की जन्माष्टमी एक 'समग्र सामाजिक घटना' (Total Social Fact) बन जाती है, जिसमें धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, भावनात्मक और राजनीतिक सभी आयाम एक साथ सक्रिय रहते हैं। यह न केवल आध्यात्मिक संतोष प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी सजीव, लचीला और सामूहिक अनुभवों से परिपूर्ण बनाती है।

(लेखिका डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में सहायक आचार्य हैं)

सेहत मंत्र

वजन घटाने से लेकर पेट के रोगों को दूर करने में कारगर है बथुआ, हृदय रोग भी होते हैं दूर

विटामिन ए, आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस और पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, विटामिन सी भरपूर बथुआ हर घर में खाया जाने वाला एक आम साग है। बथुआ न केवल कई बीमारियों को दूर रखने में फायदेमंद है बल्कि बालों का ओरिजनल कलर बनाए रखने में भी मददगार है। इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति वजन घटाना चाहता है तो वह बथुआ खाकर बड़ी आसानी से वजन भी घटा सकता है। बथुआ का प्रयोग सदियों से कई बीमारियों को दूर करने मे होता रहा है हालांकि ज्यादा मात्रा में बथुआ खाने से डायरिया भी हो सकता है क्योंकि इसमें ऑक्जेलिक एसिड का लेवल बहुत ज्यादा होता है। अगर आप भी उन लोगों में हैं, जो बथुआ खाने के फायदे से अंजान हैं तो हम आपको इसके ऐसे कुछ स्वास्थ्य लाभ बताने जा रहे हैं, जो आपकी सेहत को दुरुस्त रख सकते हैं। वे व्यक्ति, जो अपना वजन कम करने के लिए दुनिया भर के नुस्खे आजमाकर थक चुके हैं उनके लिए बथुए का साग बेहद ही फायदेमंद है। बथुए में पाए जाने वाले पौष्टिक तत्व बाहर निकले हुए पेट की चर्बी को कम करने में मदद करते हैं और जल्द ही वजन भी घटाते हैं। वे लोग, जो जोड़ों में दर्द से परेशान रहते हैं उन्हें बथुआ आराम देने के लिए काफी है। इसके लिए आपको 10 ग्राम बथुए के बीजों को करीब 200 मिलीलीटर पानी में उबालना है। जब पानी 50 मिलीलीटर रह जाए तो उस पानी को गर्म-गर्म पी लीजिए। नियमित रूप से 1 महीने तक सुबह-शाम इस पानी को पीएं और आप पाएंगे कि आपके जोड़ों का दर्द धीरे-धीरे दूर हो रहा है।

धर्म मंत्र

ओरछा अपने भव्य मंदिरों, महलों और किलों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध है

मध्य प्रदेश में बेतवा नदी के किनारे बसा ओरछा अपने भव्य मंदिरों, महलों और किलों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध है। झांसी से मात्र 16 किमी. की दूरी पर स्थित यह जगह अतीत की कई कहानियों को बयां करती है। हरा-भरा और पहाड़ियों से घिरा ओरछा राजा बीरसिंह देव के काल में बुंदेलखण्ड की राजधानी हुआ करता था। परिहार राजाओं के बाद ओरछा चन्देलों और फिर बुंदेलों के अधिकार में रहा। हालांकि चन्देल राजाओं के पराभव के बाद ओरछा श्रीहीन हो गया, लेकिन जब बुंदेलों का शासन आया तो ओरछा ने पुनः अपना गौरव प्राप्त किया। बुंदेला राजा रुद्रप्रताप ने 1531 ई. में नए सिरे से इस नगर की स्थापना की। उन्होंने नगर में मंदिर महल और किले का निर्माण करवाया। यही नहीं, उनके बाद के राजाओं ने भी सौंदर्य से परिपूर्ण कलात्मक इमारतें और भवन बनवाए। मुगल शासक अकबर के समय यहां के राजा मधुकर शाह थे जिनके साथ मुगल सम्राट ने कई युद्ध किए थे। जहांगीर ने वीरसिंहदेव बुंदेला को, जो ओरछा राज्य की बड़ौनी जागीर के स्वामी थे, पूरे ओरछा राज्य की गद्दी दी थी। इसके बदले में वीरसिंहदेव ने जहांगीर के कहने से अकबर के शासन काल में अकबर के विद्वान दरबारी अबुलफजल की हत्या करवा दी थी। वहीं जब शाहजहां का शासन काल आया तो मुगलों ने बुन्देलों से कई असफल लड़ाइयां लड़ीं। किंतु अंत में जुझार सिंह को ओरछा का राजा स्वीकार कर लिया गया।

पर्यटन



बेहतरीन किस्म की वाइन के लिए मशहूर हैं कैलिफोर्निया

घूमने-फिरने की चाहत रखने वालों के लिए हर एक जगह खास होती है और उन्हें हमेशा किसी नई जगह की तलाश होती है। तो अगर आप हिल्स स्टेशन्स, बीच और डेजर्ट्स से बोर हो चुके हैं और कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहते हैं तो कैलिफोर्निया के वाइन कंट्री आएं। जहां आकर आप खूबसूरत नजारों को देखने के साथ ही बेहतरीन किस्म की वाइन को भी एन्जॉय कर सकते हैं। नापा वैली को शानदार प्रॉपर्टीज, महंगे टेस्टिंग रूम, पुराने ढंग के कस्बों और भव्य लॉज वाली जगह के रूप में जाना जाता है। सैन फ्रांसिस्को से नार्थ की ओर तकरीबन एक घंटे की ड्राइव कर आप पहुंच सकते हैं यहां। जहां 400 भी ज्यादा मशहूर वाइनरी मौजूद है। नापा वैली शराब के पारखियों का स्वर्ग है, जहां टूरिस्ट्स को खासतौर से इस जगह की पहचान कैबरनेट सोविन्यॉन और शाडुर्ने के अलावा दूसरी वाइन्स को चखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह अपनी प्रीमियम वाइन के लिए तेजी से मशहूर हो रही है, जैसे कि किस्टलर वाइनयार्ड्स, ए. रफानेली और किर्क। जिनकी पीने और खरीदने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। लेकिन सोनोमा काउंटी में पहुंचकर आप काफी अलग-अलग तरह के वाइन को एन्जॉय कर सकते हैं। जिनको बैकयार्ड में बनी वाइनरी में तैयार किया जाता है। मेंडोसिनो कोस्ट के किनारे हरे-भरे लाल रंग के जंगलों से घिरे शांत वाइनयार्ड से लेकर, बीहड़ लेक काउंटी की धूप से चमकती पहाड़ियों तक, नॉर्थ कोस्ट उतना ही विविध है जितना कि यहां की वाइन कंट्री। आप लोकल वाइनमेकर्स (वाइन बनाने वालों) के साथ अंगूरों, उन्हें उगाने और वाइन बनाने के प्रोसेस तक के बारे में बातचीत कर सकते हैं, जो ज्यादातर टेस्टिंग रूम्स में आराम से वाइन डालते पाए जाते हैं। वाइन पीने और झूमने के लिए कैलिफ़ोर्निया के सबसे सुंदर और कम भीड़-भाड़ वाली जगह के लिए तैयार हो जाएं। मेंडोकिनो काउंटी वाइन न केवल खूबसूरत है, बल्कि लेटेस्ट टेक्निक से भी लैस है। यह जगह कैलीफोर्निया के सबसे डेवलप्ड वाइनमेकर्स का घर है, जो वाइनयार्ड में लेटेस्ट टेक्निक से वाइन तैयार करते हैं।

नन्हे कान्हा-राधा की मनमोहक छवि ने मोहा मन, विद्यालयों में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों और मनमोहक झांकियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार का मन मोह लिया।







नगर के सिविल लाइन स्थित यूरो किड्स प्री स्कूल में जन्माष्टमी पर्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नन्हे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कान्हा और राधा के रूप में सजे बच्चों की मनमोहक छवि को अभिभावकों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर विद्यालय परिवार भी गदगद नजर आया।कार्यक्रम में श्रद्धा मोहिनानी प्रिंसिपल व शिक्षिका प्रज्ञा मानसी आरती ईशा हबीबा व निधि सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

निंदूरा। युगान्तर विद्या मंदिर झरसवां में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने राधा-कृष्ण, गोप और गोपियों की वेशभूषा धारण कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति को देखकर शिक्षक और अभिभावक तालियां बजाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दही हांडी प्रतियोगिता रही। छात्र-छात्राओं ने गोविंदाओं की टोली की तर्ज पर पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। मटकी फूटते ही विद्यालय परिसर जय श्रीकृष्ण के जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियों को भी दर्शकों ने खूब सराहा।

विद्यालय के प्रबंधक सूर्यातोष सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, सत्य, धर्म और कर्म का संदेश देता है। उन्होंने बच्चों से श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार, आशीष सिंह, विशाल सिंह, पवन वर्मा, दीपक, संदीप वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, अम्बरीष, अनिल, प्रिया वर्मा, मधू वर्मा, मोहिनी, दिव्या सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिशंकरी रोपण अभियान को जन-अभियान बनाने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

15 विकासखंडों और 14 नगर निकायों में चलेगा व्यापक अभियान



बाराबंकी। जनपद के 15 विकासखंडों एवं 14 नगर निकायों में हरिशंकरी रोपण अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। अभियान को जन-अभियान का स्वरूप देने के लिए जिला प्रशासन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव श्रीकृष्ण चौधरी ने अभियान की रूपरेखा और जनभागीदारी बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।

अभियान में लोक भारती के सहयोग से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गायत्री परिवार, पतंजलि, आर्ट ऑफ लिविंग, आर्य समाज, ब्रह्मकुमारी, व्यापार मंडल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय संगठन सचिव श्रीकृष्ण चौधरी ने कहा कि हरिशंकरी रोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण एवं जल संरक्षण के साथ जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है। जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों के समन्वय से अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाएगा।

बैठक में बृजेंद्र जी, गोपाल जी, सौरभ जी, सेवा भारती के सह सेवा प्रमुख लालराम चौधरी, अवध प्रांत के नदी एवं जल संयोजक अधिवक्ता राम लखन शुक्ला, ए.पी. शर्मा, संजय चतुर्वेदी, भरतलाल सिंह, प्रमोद तिवारी, अजित प्रताप सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारी बारिश के दृष्टिगत अलर्ट मोड में रहें

नगर निकाय, जलभराव की स्थिति पर तत्काल कार्रवाई करें : डीएम

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने भारी बारिश के मद्देनजर सभी नगर निकायों को अलर्ट मोड में रहने और जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल जल निकासी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों पर पंप सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था रखने तथा आईजीआरएस के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने नगर निकायों में नियमित साफ-सफाई, नालों एवं नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, फॉगिंग और कीटनाशकों के छिड़काव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि मच्छरजनित बीमारियों और संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। बैठक में एकमुश्त समाधान योजना (ग्दुट्ट) की समीक्षा करते हुए डीएम ने बकायेदार करदाताओं को योजना की जानकारी वाले नोटिस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोटिस में कुल बकाया राशि के साथ ग्दुट्ट के तहत मिलने वाली छूट और लाभ का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। बड़े एवं पुराने बकायेदारों से विशेष संपर्क कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए गए।
बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल सहित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए कार रैली रवाना

12 सितम्बर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को इसके महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से कार रैली निकाली गई। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने विभिन्न विभागों की कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार रैली जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन और उसके माध्यम से वादों एवं विवादों के सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सरल निस्तारण के प्रति जागरूक करेगी। इसके बाद जनपद न्यायाधीश ने समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अल्पना सक्सेना, अपर जिला जज एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्रीकृष्ण चंद्र सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/नोडल अधिकारी राजकुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

परिजनों से नाराज होकर घर से निकली किशोरी मसौली पुलिस ने किया सकुशल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। परिजनों से नाराज होकर घर से निकली 15 वर्षीय किशोरी को मसौली पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। किशोरी जनपद गोंडा के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियारपुर की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात थाना मसौली क्षेत्र में यूपी-112 पीआरवी को एक किशोरी के लावारिस हालत में मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना मसौली की मिशन शक्ति टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल करन चौरसिया, कांस्टेबल नीतीश दक्ष, महिला रिक्रूट आरक्षी रुचि साहू तथा महिला रिक्रूट आरक्षी दिव्यांशी सेंगर शामिल रहीं। टीम किशोरी को थाने लेकर आई, जहां रो रही बालिका को समझा-बुझाकर शांत कराया गया और भोजन उपलब्ध कराया गया।

पूछताछ के दौरान किशोरी ने अपना नाम सुधा पुत्री स्वर्गीय दुर्गेश कुमार, निवासी बरियारपुरवा, थाना कोतवाली गोंडा, जनपद गोंडा बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह परिजनों से नाराज होकर स्वयं घर से चली आई थी।

मिशन शक्ति टीम ने तत्परता दिखाते हुए दूरभाष के माध्यम से किशोरी के परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलने पर उसके रिश्तेदार राजा कश्यप पुत्र संजीव कुमार एवं राम जागे पुत्र स्वर्गीय किशोरी लाल निवासी बरियारपुरवा थाना कोतवाली गोंडा, थाना मसौली पहुंचे।

रिश्तेदारों ने किशोरी की पहचान सुधा के रूप में करते हुए बताया कि वह 2 सितंबर की सुबह घर से नाराज होकर चली गई थी और तभी से लापता थी। आवश्यक पहचान एवं कार्रवाई पूरी करने के बाद मसौली पुलिस ने किशोरी को सकुशल उसके रिश्तेदारों की सुपुर्दगी में सौंप दिया। किशोरी के सकुशल मिलने पर परिजनों ने थाना मसौली पुलिस और मिशन शक्ति टीम का आभार व्यक्त किया।

डीएम ने निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का किया निरीक्षण

निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर बीएसए और सिडको अभियंता से स्पष्टीकरण तलब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय बड़ेल परिसर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी यूपी सिडको के संबंधित अभियंता से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने शेष निर्माण कार्यों को गति प्रदान करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर विद्यालय का संचालन प्रारम्भ कराया जाए। निरीक्षण के दौरान परिसर



स्थित खंड शिक्षा अधिकारी बंकी के कार्यालय में गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी से भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने तत्काल साफ-सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग के कार्यालयों और विद्यालय परिसरों में स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाएं व्यवस्थित रखी जाएं तथा संबंधित अधिकारी नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए कार रैली रवाना

12 सितम्बर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को इसके महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से कार रैली निकाली गई। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने विभिन्न विभागों की कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार रैली जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन और उसके माध्यम से वादों एवं विवादों के सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सरल निस्तारण के प्रति जागरूक करेगी। इसके बाद जनपद न्यायाधीश ने समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अल्पना सक्सेना, अपर जिला जज एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्रीकृष्ण चंद्र सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/नोडल अधिकारी राजकुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कच्ची दीवाल गिरने से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, मचा हड़कंप

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । असंदरा थाना क्षेत्र के पूरे पाठक धनौली खास गांव में बुधवार देर रात कच्ची दीवार गिरने से करीब 60 वर्षीय सालिकराम कश्यप की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। रास्ते से ही परिजन शव लेकर वापस घर चले आए और पुलिस को सूचित किया,बताया गया कि सालिकराम कश्यप रात में खाना खाने के बाद घर के पास मौजूद कच्ची दीवाल पर रखे टीन शेड के नीचे तख्त पर लेटे थे। इसी दौरान अचानक कच्ची दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन रात में शव लेकर घर लौट आए। घटना की सूचना मिलने पर गुरुवार को असंदरा कोतवाल अनिल सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर लेखपाल अयोध्या प्रसाद ने पहुंच कर जानकारी एकत्रित कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग महिला का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना असंदरा क्षेत्र के पूरे पाठक गांव में गुरुवार सुबह करीब छह बजे 60 वर्षीय महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतिका की बहू आरती गौतम ने बताया कि मैं कुछ दूरी पर दूसरे घर में सो रही जब सुबह करीब छह बजे वह अपने घर पहुंचीं। दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह घर के अंदर जाने पर उनकी सास रमपता पत्नी हंसराज गौतम का शव मकान के अंदर लगी बड़ेर में साड़ी के सहारे लटका मिला। घटना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने मुकामी पुलिस को सूचना दी सूचना पर मौके पर पहुंची असंद्रा पुलिस शव का पोस्टमार्टम को भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जनसेवा और सुशासन होगी प्राथमिकता, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर रहेगा विशेष फोकस : विद्यांशु शेखर झा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। विकासखंड क्षेत्र के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उक्त विचार ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं नव नियुक्त खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बंकी, विद्यांशु शेखर झा ने कैनविज टाइम्स से विशेष बातचीत के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार सृजन, आवास, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। यह प्रयास रहेगा कि योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे और उन्हें उसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो। विद्यांशु शेखर झा ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान



के लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा। ब्लॉक दिवस, समाधान दिवस, जनसुनवाई एवं आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि गुणवत्ता और संतुष्टि के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी शिकायत का निस्तारण तथ्यों की जांच एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के आधार पर होगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शिकायतकर्ता को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि विकासखंड स्तर पर संचालित सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी जाएगी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि आमजन को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। प्रशासन की कोशिश होगी कि लोगों को सरल, सुगम और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

नव नियुक्त बीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाएगी। साथ ही क्षेत्र के विकास कार्यों की निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी धन का सदुपयोग हो तथा विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण हों। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों में जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि कहीं कोई समस्या, अनियमितता या भ्रष्टाचार की शिकायत हो तो लोग प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है कि 2024 बैच के आईएएस अधिकारी विद्यांशु शेखर झा को बंकी विकास खंड में खंड विकास अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। युवा अधिकारी के रूप में उनकी कार्यशैली, प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता को लेकर क्षेत्रवासियों में सकारात्मक उम्मीदें दिखाई दे रही हैं। लोगों को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में विकासखंड में जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

पूर्व शिक्षिका प्रेमा देवी का निधन, भारी भीड़ के बीच पंचतत्व में विलीन, संत महंतों ने दी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के ग्राम रानी कटरा मजरा अगानपुर निवासी पूर्व शिक्षिका प्रेमा देवी का निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली, जिसके बाद उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

देर रात उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास ग्राम रानी कटरा लाया गया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे भारी भीड़ के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पति, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य संतराम सैनी ने उन्हें मुखाग्नि दी।

पूर्व शिक्षिका के अंतिम दर्शन के लिए शिक्षा जगत से जुड़े लोगों, जनप्रतिनिधियों, संत-महंतों एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नम आंखों से लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। प्रेमा देवी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके पुत्र विभिन्न इंजीनियरिंग सेवाओं से जुड़े



हैं, जिनमें एक सेना में इंजीनियरिंग सेवा में तथा एक सिंचाई विभाग में कार्यरत है।

अंतिम संस्कार में पूर्व राजघराने से जुड़े रिंकू सिंह, रितेश सिंह, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, कोटवाधाम के श्रीमहंत नीलेन्द्र बख्श दास, नीरज सिंह, विशाल दास, विवेकादित्य सिंह सहित शिक्षा जगत की अनेक हस्तियां एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इनमें एल.एन. सिंह, विजय कुमार साहू, इकबाल बहादुर शुक्ला सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

एसपी ट्रैफिक के पेशकार दारोगा ने सरकारी पिस्टल से गोली मारकर दी जान

मथुरा । जिले में गुरुवार शाम करीब पौने चार बजे एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां एसपी ट्रैफिक के पेशकार और दरोगा पंकज यादव ने गोकुल बैराज के पास कथित तौर पर अपनी सरकारी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। माथे में गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, मृतक दरोगा पंकज यादव मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले के निवासी थे और वर्तमान में मथुरा में एसपी ट्रैफिक के पेशकार के पद पर तैनात थे। गुरुवार शाम जब वह गोकुल बैराज के पास मौजूद थे, तभी उन्होंने यह कदम उठाया। अचानक चली गोली की आवाज से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जब तक पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चूंकि घटना के समय प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जिले के दौरे पर मौजूद थे, इसलिए इस दुखद घटना के सामने आते ही पुलिस और प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलेंगे धोनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलना चाहते हैं, जिससे 2027 में होने वाले टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी को लेकर बनी अनिश्चितता में एक और नया मोड़ आ गया है। सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने यह खुलासा किया। यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज इम्पैक्ट प्लेयर नियम से अपना कार्यभार कम करके आईपीएल में अपना करियर आगे बढ़ा सकते थे लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर वह खेलना जारी रखते हैं तो वह पूर्णकालिक विकेटकीपर बने रहना चाहते हैं। बद्रीनाथ का मानना ??है कि 45 वर्षीय धोनी के लिए उनके करियर के इस चरण में इम्पैक्ट प्लेयर की भूमिका उपयुक्त हो सकती है, क्योंकि



उनकी बढ़ती उम्र को देखते हुए 20 ओवर तक विकेटकीपिंग करना आसान नहीं होगा। बद्रीनाथ ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''उन्होंने मुझे बताया कि वह इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलेंगे। वह खुद को पूर्णकालिक विकेटकीपर मानते हैं, जिसका मतलब है कि उन्हें पूरे 20 ओवर तक मैदान पर रहना होगा। इसलिए वह इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि अगर वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते हैं तो इससे सीएसके को रणनीतिक फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''उनके लिए लंबे समय तक खेलना मुश्किल होगा जैसा कि (सीएसके के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन) फ्लेमिंग ने भी कहा है। वे 16वें ओवर के बाद ही बल्लेबाजी करेंगे और विकेटकीपिंग करेंगे। जब उनकी भागीदारी इतनी कम है तो इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलना उनके लिए आदर्श स्थिति होगी। धोनी पिछले कुछ सत्र में फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं और आईपीएल में उनके भविष्य को लेकर अटकलें जारी हैं। बद्रीनाथ का मानना है कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम धोनी पर काम का बोझ कम कर सकता है। इससे सीएसके उनके अनुभव और 'फिनिशर' के रूप में उनकी भूमिका का फायदा उठा सकता है। विकेटकीपर के रूप में खेलना जारी रखने की धोनी की प्राथमिकता का मतलब है कि सीएसके को अगले साल आईपीएल में उनकी भागीदारी पर फैसला करने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। सीएसके को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी ने 2024 के सत्र से पहले कप्तानी छोड़ दी और तब से बल्लेबाज के रूप में भी उनकी भूमिका सीमित हो गई है।

चाइना मास्टर्स में तन्वी शर्मा का अभियान समाप्त, अंतिम 16 में मियाजाकी से मिली हार

एजेंसी

शेनझेन। भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का चाइना मास्टर्स 2026 में सफर अंतिम-16 में समाप्त हो गया। तन्वी को गुरुवार जापान की विश्व नंबर-9 तोमोक मियाजाकी के खिलाफ 66 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-18, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेमों में 21-16, 21-17 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई थी। वहीं, मियाजाकी ने पहले दौर में अपनी हमवतन हिना अकेची को 19-21, 21-17, 21-19 से हराया था। तन्वी और मियाजाकी के बीच यह दूसरी भिड़ंत थी। इससे पहले इस साल इंडोनेशिया मास्टर्स में भी दोनों का आमना-सामना हुआ था, जहां



मियाजाकी ने 21-18, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की थी। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। तन्वी और मियाजाकी लगातार अंक हासिल करती रहीं, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने अंत में बढ़त बनाते हुए पहला गेम 21-17 से अपने नाम किया। तन्वी ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की और 8-2 की बढ़त बना ली। मियाजाकी ने वापसी करते हुए स्कोर 10-10 से बराबर किया, लेकिन तन्वी ने दबाव में संयम बनाए रखा। उन्होंने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त हासिल की और फिर 18-14 की बढ़त बनाकर गेम 21-18 से जीत लिया। निर्णायक गेम में भी मुकाबला बराबरी का रहा। स्कोर 6-6 से बराबर होने के बाद तन्वी ने 8-7 और फिर 10-8 की बढ़त बनाई। ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी 11-9 से आगे थीं। हालांकि, ब्रेक के बाद मियाजाकी ने लगातार दबाव बनाया और 11-11 से बराबरी कर ली। इसके बाद जापानी खिलाड़ी ने मुकाबले पर नियंत्रण हासिल कर लिया और निर्णायक गेम 21-16 से जीतकर तन्वी का अभियान समाप्त कर दिया। ब्रेक के बाद तन्वी केवल पांच अंक ही हासिल कर सकीं।

नीरज की जगह लेंगे यशवीर, तेजस और अभिषेक को 77 खिलाड़ियों की टीम में नहीं मिली जगह

एजेंसी

लुधियाना। राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले भाला फेंक के एथलीट यशवीर सिंह को जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए चोटिल नीरज चोपड़ा की जगह बृहस्पतिवार को 77 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम में शामिल किया गया जबकि लंबी दूरी के धावक अभिषेक पाल को कथित डोपिंग उल्लघंन के लिए नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) से नोटिस जारी किए जाने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने लुधियाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए 77 सदस्यीय ट्रैक एवं फील्ड टीम की घोषणा की। लुधियाना अभी राष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के धावक तेजस शिरसे को भी टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह हाल ही में ग्लास्गो में हुए राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान चोटिल हो गए थे। एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सग्गू ने कहा, ''हमने नीरज चोपड़ा की जगह यशवीर को टीम में शामिल किया है जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता था। नीरज चोपड़ा चोटिल हैं और इस कारण एशियाई खेलों में नहीं खेल पाएंगे। यही वजह थी कि टीम में कुछ बदलाव करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''लंबी दूरी के धावक अभिषेक पाल को कुछ समस्याओं के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। एशियाई खेलों के लिए यह अंतिम टीम है। अभिषेक को पिछले महीने नाडा ने नोटिस भेजा था क्योंकि उनके डोपिंग नमूने में महिलाओं की प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाली दवा पाई गई थी। शिलेम चानू करेंगी। टीम ने नए मुख्य कोच टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में लंबे समय तक योजनाबद्ध प्रशिक्षण किया है। टूर्नामेंट की तैयारी के तहत भारतीय टीम ने इंग्लैंड का

जूनियर एशिया कप: खिताब बचाने उतरेंगी भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें

एजेंसी

मोकी (चीन)। भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें एएचएफ जूनियर एशिया कप 2026 में अपने-अपने खिताब का बचाव करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चीन के मोकी में 4 से 13 सितंबर तक होने वाले इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी, जबकि पुरुष टीम रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी अपने नाम करने का लक्ष्य रखेगी। भारतीय जूनियर महिला टीम ने पिछली दो प्रतियोगिताओं में खिताब जीता है और इस बार टीम की कप्तानी मिडफील्डर खैदेम



दौरा किया, जहां उसने स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम, अमेरिका की अंडर-21, इंग्लैंड की अंडर-21 और बेल्जियम की अंडर-21 टीमों के खिलाफ सात मुकाबले खेले। इस दौरे से खिलाड़ियों को अलग-अलग खेल शैलियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का मौका मिला। कोच टिम व्हाइट ने कहा कि टीम ने परिस्थितियों के साथ अच्छी तरह तालमेल बैठा लिया है और दक्षिण कोरिया के खिलाफ शुरुआती मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में कई महीनों की तैयारी और इंग्लैंड दौरे के बाद टीम एशिया की मजबूत टीमों का सामना करने के लिए तैयार है। भारत एलीट पूल में है और 5 सितंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अभियान शुरू करेगा। इसके बाद 6 सितंबर को मलेशिया, 8 सितंबर को जापान और 9 सितंबर को मेजबान चीन से मुकाबला होगा। भारतीय जूनियर पुरुष टीम भी गत चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगी। भारत अब तक पांच बार जूनियर एशिया कप का खिताब जीत चुका है, जिसमें पिछले तीन संस्करणों की ट्रॉफियां भी शामिल हैं। इस बार डिफेंडर अनमोल एक्का टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि नए मुख्य कोच फ्रेडरिक सोएज के कार्यकाल की शुरुआत खिताबी जीत के साथ करने का लक्ष्य होगा।

चिड़िया उड़ी, अंपायर ने खेल रोका तो मेदवेदेव ने विरोध जताया

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बुधवार को तब अजीब नजारा देखने को मिला जब दूसरे दौर के मैच के दौरान नेट पर बैठी एक चिड़िया के उड़ जाने पर चेयर अंपायर ने खेल बीच में रोक दिया, जिसे दानिल मेदवेदेव ने हास्यास्पद फैसला बताया। मेदवेदेव ने उस फैसले का विरोध किया, जब अंपायर ने एक प्वाइंट को दोबारा खेलने का आदेश दिया क्योंकि लंबी चली रैली के दौरान दो पक्षी नेट के ऊपर बैठे थे। दूसरे सेट में सेबेस्टियन गोरज़नी की सर्विस के दौरान मेदवेदेव 4-1 से आगे थे। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एक प्वाइंट के दौरान नेट के ऊपर दो छोटी चिड़िया बैठ गई लेकिन खेल जारी रखा गया। दोनों खिलाड़ियों ने कई शॉट खेले लेकिन तभी मेदवेदेव ने एक फोरहैंड शॉट मारा और तभी एक चिड़िया उड़ गई। अंपायर टिमो यानजेन ने तुरंत खेल रोकने का इशारा किया। तब मेदवेदेव प्वाइंट जीत चुके थे।

सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में कमजोरी का दौर लगातार जारी है। आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी में जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में सोना आज 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,070 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत आज 2,400 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,620 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गई है। चांदी भी आज ज्यादातर सर्राफा बाजार में 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में बदलाव होने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,010 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,39,340 रुपये



प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,39,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार में 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,52,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,52,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,39,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,39,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता अगले महीने से होगा लागू

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले महीने से लागू हो जाएगा। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर 27 अप्रैल को हस्ताक्षर किए गए थे। अधिकारी सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए अगले महीने से लागू होगा। यह समझौता अगले महीने दोनों देशों की आपसी सहमति से तय तारीख को लागू होगा। अधिकारी ने बताया कि द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए दोनों देशों ने 27 अप्रैल को वस्तुओं एवं सेवाओं के मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। एफटीए के तहत न्यूजीलैंड में भारत के 100 फीसदी निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। भारत और न्यूजीलैंड ने सामान और सेवाओं के आपसी व्यापार को बढ़ाने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए 27 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एफटीए पर हस्ताक्षर किए थे। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड में सिरेमिक, कालीन, वाहन एवं उसके कलपुर्जों समेत भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों पर अधिकतम 10 फीसदी तक शुल्क लगता था। न्यूजीलैंड ने 15 साल में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने की प्रतिबद्धता भी जताई है।

वैश्विक व्यवधान के बावजूद भारत की 7.8 फीसदी ग्रोथ शानदार: सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दुनियाभर में आई मुश्किलों के बावजूद भारत ने वित्त वर्ष 2026-27 की (अप्रैल-जून) पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की ''शानदार ग्रोथ'' दर्ज की है। इसके साथ ही तमाम चुनौतियों के बावजूद यह दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को न्यूयॉर्क में बैंक ऑफ़ अमेरिका के साथ मिलकर भारत के महावाणिज्य दूतावास के द्वारा आयोजित एक उच्च-स्तरीय व्यावसायिक गोलमेज बैठक में निवेशकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। निर्मला सीतारमण ने निवेशकों से कहा, ''दुनियाभर में आई मुश्किलों और तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी



अर्थव्यवस्था बना हुआ है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत ने 7.8 फीसदी की शानदार विकास दर दर्ज की है। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सुधारों पर जोर देते हुए भारत ने कई सुधारों (जैसे इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड) के जरिए रेगुलेटरी निश्चितता भी प्रदान की है। ऐसे सुधारों से नियमों का पालन करना आसान हुआ है और कागजी काम कम हुआ है। उन्होंने बताया कि एक दशक से ज्यादा समय पहले सत्ता में आने के बाद से ही भारत सरकार का यह मुख्य फोकस रहा है। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार ने जिन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, उनमें शामिल हैं: कैपिटल एसेट्स का निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (खासकर एविएशन) के ज़रिए इंडस्ट्री को लगातार समर्थन देना; निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाना, एआई और डेटा सेंटर्स के विकास को बढ़ावा देना; ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स को समर्थन देना, एमएसएमई को क्रेडिट की उपलब्धता सुनिश्चित करना और बैंकों के नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) को कम करना। उन्होंने कहा कि इन उपायों से बैंकों और इंडस्ट्री के फलने-फूलने, बढ़ने और मजबूत होने के लिए बेहतर बिजनेस माहौल बनाने में मदद मिली है।

सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 के आने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने लगातार आ रही चुनौतियों के बावजूद भारत पिछले कई वर्षों से फिस्कल प्रूडेंस (वित्तीय समझदारी) और फिस्कल डिसिप्लिन (वित्तीय अनुशासन) के रास्ते पर चलने के लिए लगातार प्रतिबद्ध रहा है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने भारत में निवेश के माहौल के बारे में बात की, जिसमें काफी सुधार हुआ है। केंद्र और राज्य सरकारें अपने-अपने क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने और उसे आसान बनाने में ज़्यादा दिलचस्पी और प्रतिस्पर्धा दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कोशिशें 'विकसित भारत 2047' के विजन को हासिल करने की बड़ी राष्ट्रीय मुहिम का हिस्सा हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने स्वागत भाषण में कहा कि 31 अगस्त को जारी पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मज़बूती को दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के मजबूत संबंध बनाकर भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का फ़ायदा दोनों देश उठा सकते हैं। इससे पहले न्यूयॉर्क के पेन स्टेशन पर पहुंचने पर अमेरिका में भारत के राजदूत वी. एम. क्वात्रा और कार्यवाहक महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष ने सीतारमण का स्वागत किया।

संक्षिप्त समाचार

एएफसी महिला चैंपियंस लीग में ईस्ट बंगाल एफसी ग्रुप बी में

नयी दिल्ली। ईस्ट बंगाल एफसी को एएफसी महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ह्वाचियोन केएसपीओ डब्ल्यूएफसी (दक्षिण कोरिया), हो ची मिन्ह सिटी डब्ल्यूएफसी (वियतनाम) और 4.25 एससी (उत्तर कोरिया) के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। ड्रॉ गुरुवार को कुआलालंपुर में डाले गए। कोलकाता एक से सात नवंबर, 2026 तक ग्रुप बी की मेजबानी करेगा। यह पहला अवसर होगा जबकि भारत में एएफसी महिला चैंपियंस लीग के मैच खेले जाएंगे। ईस्ट बंगाल ने मलेशिया के कोटा किनाबालू में टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण के ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद लगातार दूसरे वर्ष मुख्य चरण में अपनी जगह पक्की की थी। उसने सबा एफए (मलेशिया), रोवर्स एफसी (गुआम) और राजशाही स्टार्स एफसी (बांग्लादेश) को पीछे छोड़ा था। एएफसी महिला चैंपियंस लीग में 12 टीम को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। इसमें से तीन ग्रुप विजेता, तीन उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी।

अल्काराज़ पहला सेट गंवाने के बाद यूएस ओपन के तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क। मौजूदा चैंपियन और अप्रैल के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रहे कार्लोस अल्काराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। अल्काराज ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद लगातार आठ गेम जीते और बुधवार रात को जैमे फारिया को 4-6, 6-0, 6-3, 6-2 से हराया। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैं इस मैच को जल्दी समाप्त करना चाहता था। लेकिन मैच के चार सेट तक खिंचना मेरे लिए अच्छा रहा क्योंकि इससे मुझे अपनी फिटनेस का पता चल गया। दूसरे वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने पहले सेट के बीच में अपनी सर्विस गंवा दी, लेकिन इसके बाद उन्होंने जल्द ही लय हासिल कर दी। उन्होंने कहा, ''इसके बाद मैंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। मैंने शांत रहने की कोशिश की और मैं सोच रहा था कि सब कुछ अच्छा होगा।'' अल्काराज ने पिछले साल फाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ मुकाबले तक एक भी सेट नहीं हारा था। उन्होंने तब सिनर को चार सेटों में हराकर यूएस ओपन में अपना दूसरा खिताब जीता था। अल्काराज़ ने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना सातवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था लेकिन कलाई की चोट के कारण वह इसके बाद फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेल पाए थे। इस तरह से उन्होंने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीतने का सिलसिला जारी रखा है।

बच्चों में एआई पर अत्यधिक निर्भरता से सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होने का जोखिम: एन के सिंह

नयी दिल्ली। पंद्रहवें वित्त आयोग के पूर्व चेयरमैन एन के सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) पर अत्यधिक निर्भरता से बच्चों में 'सोचने-समझने की क्षमता' प्रभावित होने का जोखिम पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग इस तरह किया जाना चाहिए जिससे बच्चों की रचनात्मक और स्वतंत्र रूप से सोचने की क्षमता प्रभावित न हो। सिंह ने बच्चों को लेकर समाज की अपेक्षाओं में बदलाव की भी अपील की और माता-पिता तथा शिक्षकों से कहा कि उन्हें असफलता के लिए किसी को कलंकित नहीं करना चाहिए। असफलता सीखने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इससे नवोन्मेष को बढ़ावा देने के साथ-साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। सिंह ने उद्योग मंडल सीआईआई के 10वें स्कूल शिक्षा सम्मेलन में कहा, ''असफलता को स्वीकार करने की क्षमता कोई कलंक नहीं है, बल्कि सीखने की एक अवस्था है। इसके लिए सामाजिक बदलाव की जरूरत है। नवोन्मेष वास्तव में तभी आएगा जब समाज, शिक्षक और सबसे महत्वपूर्ण रूप से माता-पिता बच्चों से इस तरह की अपेक्षाएं रखने के तरीके को समझें और उसमें बदलाव लाएं। इंस्टिट्यूट ऑफ इकॉनमिक ग्रोथ के अध्यक्ष सिंह कहा कि माता-पिता को जिम्मेदार पालन-पोषण और बच्चों से अत्यधिक अपेक्षाओं के बीच अंतर करना चाहिए। बच्चों पर उचित और अवास्तविक अपेक्षाओं के बीच सीमा तय करना जरूरी है, ताकि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े। कृत्रिम मेधा के उपयोग पर सिंह ने कहा कि इसका उपयोग यांत्रिक और नियमित कार्यों के लिए 'क्षमता बढ़ाने वाले साधन' के रूप में किया जाना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि युवा अपनी नवोन्मेष क्षमता और बुनियादी सोचने-समझने की क्षमताओं को बनाए रखें।

एनएच-327 के फोरलेन विस्तार को मिली 2,077 करोड़ की मंजूरी
नेपाल भूटान व बांग्लादेश से संपर्क होगा बेहतर

एजेंसी



सिलीगुड़ी । उत्तर बंगाल के सड़क और परिवहन ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी पहल हुई है। दार्जिलिंग जिले में नेशनल हाइवे (एनएच)-327 के बागडोगरा-पानीटंकी-खोरीबाड़ी-गलगलिया सेक्शन के 31.02 किलोमीटर हिस्से को फोरलेन में बदलने के लिए 2077.18 करोड़ की मंजूरी दी गई है। यह जानकारी गुरुवार को दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिष्ट के कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। इससे पूर्वोत्तर भारत के साथ ही नेपाल, भूटान और बांग्लादेश को जाने वाले मार्गों तक पहुंच बेहतर होगी। राजू बिष्ट ने परियोजना की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तर बंगाल में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

प्रस्तावित परियोजना को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर के लिए अहम माना जा रहा है। फोरलेन सड़क बनने से बागडोगरा, नक्सलबाड़ी, खोरीबाड़ी और पानीटंकी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ सड़क सुरक्षा को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

परियोजना के तहत तीन बड़े पुल, एक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), पांच हाथी अंडरपास और हाईवे के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। हाथियों के सुरक्षित आवागमन के लिए अंडरपास बनाए जाने से मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

राजू बिष्ट के अनुसार, परियोजना पूरी होने के बाद लोगों और माल की आवाजाही तेज होगी तथा क्षेत्र की कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार आएगा। इससे बागडोगरा एयरपोर्ट तक पहुंच आसान होने के साथ क्षेत्र के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को भी मजबूती मिलेगी। यात्रा समय और परिवहन लागत कम होने से किसान, चाय उत्पादक, बागवानी से जुड़े लोग, व्यापारी, छात्र, पर्यटक और स्थानीय कारोबारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह परियोजना उत्तर बंगाल को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाली संपर्क को और मजबूत करेगी। साथ ही नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की ओर जाने वाले मार्गों तक पहुंच भी बेहतर होगी। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की रणनीतिक महत्ता को देखते हुए इस परियोजना को केवल क्षेत्रीय सड़क विकास तक सीमित नहीं माना जा रहा है। बेहतर सड़क संपर्क से उत्तर बंगाल की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के बीच आवश्यक वस्तुओं, सेवाओं और लोगों की आवाजाही अधिक सुगम होने की उम्मीद है।

एनसीआर में प्रदूषण से निपटने के लिए राज्यों की संयुक्त रणनीति, गैर-अनुरूप प्रदूषणकारी उद्योगों पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति होगी लागू

एजेंसी



नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में सर्दियों के दिनों में दमघोटू प्रदूषण को कम करने के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सात महीनों को एक विशेष एक्शन प्लान बनाया है। यह योजना के तहत निर्धारित किए गए उपायों को सितंबर माह से अगले साल मार्च तक चलाया जाएगा। इन उपायों में वाहनों के प्रदूषण को कम करने के लिए सार्वजनिक वाहनों के इस्तेमाल, प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को बंद करना, पराली जलाने वालों पर कार्रवाई के साथ जागरुकता फैलाने का सघन कार्यक्रम शामिल है। इसी सिलसिले में गुरुवार को मंत्रालय में एनसीआर में आने वाले सभी राज्यों के एक्श प्लान की समीक्षा की गई। इस बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव भी मौजूद रहे। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ जनभागीदारी, हितधारकों की भागीदारी और व्यवहार में बदलाव पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में भूपेन्द्र यादव ने बताया कि पिछले एक वर्ष में एनसीआर के विभिन्न नगर निकायों की वायु गुणवत्ता प्रबंधन योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए 25 से अधिक बैठकें की गई हैं। इन बैठकों के बाद राज्यों ने प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कार्ययोजनाएं तैयार की हैं।

राज्यों की कार्ययोजनाओं का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटने के प्रयासों में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों तथा व्यवहार परिवर्तन से जुड़ी मुहिम को जमीनी स्तर तक ले जाने और सभी संबंधित पक्षों को इसमें शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनसीआर में वायु प्रदूषण के खिलाफ अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्यों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। विभिन्न राज्यों द्वारा प्रस्तावित प्रचार प्रसार की गतिविधियों को भी समन्वित तरीके से संचालित करने की जरूरत बताई गई, ताकि इनका व्यापक प्रभाव हो सके।

मंत्री ने सुझाव दिया कि कृषि, पर्यावरण और शहरी विकास से जुड़े केंद्रीय मंत्री अपने-अपने राज्य समकक्षों के साथ बैठकें करें, ताकि वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए संयुक्त रणनीति तैयार की जा सके।

पेज एक का शेष

विदेशी...

गया है। विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि ब्रज से लेकर गोरखपुर तक सतत विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि मथुरा के यमुना में गिरने वाले 36 नालों में से 32 को बंद किया जा चुका है, और शेष 4 नालों को भी अक्टूबर तक बंद कर दिया जाएगा। इसके अलावा सूरदास ब्रजभाषा अकादमी की स्थापना और चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर पड़ाव स्थलों का निर्माण तेजी से जारी है।

सांसद हेमा मालिनी ने स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह को ब्रज की कला, संगीत, नृत्य और साहित्य का जीवंत प्रतीक बताते हुए कहा कि यह स्थानीय प्रतिभाओं को देश-दुनिया के मंच तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत से हुआ। इसके बाद ब्रज के कलाकारों ने राधा-कृष्ण की लीलाओं, गुजरात के गरबा और ब्रज के प्रसिद्ध मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। लोकार्पण से पहले मुख्यमंत्री ने भगवान कृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कराया और उन्हें उपहार भेंट किए। साथ ही ब्रज के प्रमुख संतों फूलडोल बिहारी दास महाराज, महंत सुतीक्ष्ण दास, महंत सनतकुमार शरण, स्वामी रामदेवानंद सरस्वती और संत बलराम दास का अभिनंदन किया। इस अवसर पर 321 सपेरा समाज के लाभार्थियों को भवन आवंटन पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने 1980 बैच की पूर्व आईएएस अधिकारी आराधना जौहरी द्वारा ब्रज की लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित पुस्तक का औपचारिक विमोचन भी किया।

समारोह में प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, ठाकुर मेघश्याम, संत विजय कौशल महाराज, ओमप्रकाश सिंह, योगेश नौहवार और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ...

लोगों की तैयार खड़ी फसले जलमग्न हो जाती हैं और उन्हें सड़कों पर निवास करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में तटबंध बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने पेशकश की है। जिस पर पूरी तरह से अमल किया जाएगा और तटबंध बनाकर गंगा की बाढ़ को रोकाजाएगा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता की हर परेशानी में वह उनके साथ हैं। बाढ़ की हालत को देखते हुए अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध करा दी गई है । बाढ़ की वजह से विषैले जीव जंतु लोगों को काट लेते हैं। जिसके लिए भी दवा की व्यवस्था की गई है । मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण सभी सड़के कट चुकी हैं । उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए की बाढ़ का पानी घटते ही सभी सड़कों का निर्माण करा दिया जाए, जिससे जनता को आवागमन में कोई परेशानी ना हो।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ सहायता केंद्र पर मौजूद लोगों को मकान और भूमि के पट्टे के कागज उपलब्ध कराए और गंगा नदी में आने वाले सैलाब को रोकने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए । इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, कायमगंज विधायक सुरभि, जिला अधिकारी अंकुर लाठर, पुलिस कप्तान आरती सिंह तथा डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र सहित जिले के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में भारी भरकम पुलिस बल लगाया गया। उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया और इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

आकाश ...

अधूरे रहे कारवाँ को आगे बढ़ाने की पूरी त्याग व तपस्या में लगी रहूँ। उन्होंने मुझे बसपा व बहुजन मूवमेन्ट का राजनीतिक उत्तराधिकारी भी बनाया। मैंने भी उनके जीते-जी ही काफी हद तक अच्छा रिज़ल्ट लाकर भी दिखाया है। मायावती जी ने यह भी बताया कि बसपा के जन्मदाता एवं संस्थापक कांशीराम के संकल्प व समर्पण की तरह ही, मेरे लिये भी 'बहुजन समाज' का हित, कल्याण व उसकी अस्मिता अर्थात बसपा मूवमेन्ट द्वारा 'शोषित वर्ग को शासक वर्ग' बनाने का मिशनरी लक्ष्य सर्वोपरि है। इस महान लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निजी तौर पर मेरा ना तो कोई अपना है और ना ही पराया। जो भी बसपा व बहुजनों के हित के काम करेगा उसका स्वागत व आभार भी है।

मायावती ने कहा कि जिस प्रकार कांशीराम ने अपने परिवार के लोगों व अन्य रिश्तों-नातों आदि को पार्टी कार्य में सहयोग करने की छूट तो दे दी थी, किन्तु उन्हें चुनाव लड़ाने या सरकार बनने पर कोई भी पद आदि देने के वे खिलाफ थे, उसी प्रकार से उस संकल्प पर मैं भी पूरी तरह से क़ायम हूँ। इस पर अमल करते हुये मैंने आकाश आनन्द को पार्टी में कार्य करने की तो इनको इजाज़त दी है, जो हक़ीकत आप सभी लोगों के सामने है। लेकिन इस मामले में आकाश आनन्द को अभी और अधिक परिपक्व होने की जरुरत है। तब तक इनको पार्टी की अभी बड़ी ज़िम्मेवारी देना उचित नहीं होगा।

आल-इण्डिया की बैठक को सम्बोधित करने से मायावती ने सेन्ट्रल कैम्प कार्यालय में विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों व अन्य ज़िम्मेदार लोगों से राज्यवार समीक्षा बैठक की और उनसे उनके राज्यों में पार्टी संगठन की मज़बूती एवं पार्टी के जनाधार को सर्वसमाज में बढ़ाने के बारे में पिछली आल-इण्डिया की हुई बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली और उल्लेखित कमियों को समयबद्ध तरीक़े से दूर करने की भी हिदायत दी। मायावती ने मान्यवर कांशीराम की अगले माह 9 अक्टूबर को पुण्यतिथि के अवसर पर यूपी में प्रदेश स्तर पर तथा बाकी राज्यों में ज़ोन-स्तर पर 'खुली संगोष्ठी के कार्यक्रम' पूरी मिशनरी भावना से आयोजित किया जाए।

बसपा प्रमुख ने कहा कि इस समय दुनिया के कई भागों में जारी जंग तथा उसके फलस्वरूप तेज़ी से बदलते हुये हालात व सुरक्षा उपायों आदि में भी भारत की अपनी नीति–रणनीति मज़बूत होनी चाहिये। देश में आए दिन बढ़ रही महंगाई व कुदरती हो रही मार भी काफी चिन्ताजनक है। साथ ही वर्तमान में जेन-जी व जेन-अल्फा आदि की भी चल रही गम्भीर समस्याओं को दूर करना बहुत ज़रूरी है। राज्यों के साथ-साथ खासकर केन्द्र सरकार भी इन सब मामलों को ज़रूर गम्भीरता से ले, तो यह देश व जनहित में उचित होगा।

तेलंगाना...

बैठकों के दौर के बाद आलाकमान ने कोंडा सुरेखा को कैबिनेट से हटाने को अपनी मंजूरी दे दी।

इसी तरह, जी. चिन्ना रेड्डी की तेलंगाना योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति को भी तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया है और उनकी जगह नए उपाध्यक्ष के रूप में तेलंगाना महिला आयोग की अध्यक्ष गदवाल विजयालक्ष्मी को नियुक्त किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया कि नेरेल्ला शारदा को महिला आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस राजनीतिक ड्रामे के बीच, भाजपा विधायक राजा सिंह ने आरोप लगाया कि कोंडा सुरेखा को राजनीतिक कारणों से नहीं, बल्कि कथित तौर पर पैसों के बंटवारे के विवाद के कारण पार्टी से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भ्रष्टाचार हमेशा से कांग्रेस पार्टी का दूसरा नाम रहा है।

रियासी ...

भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच चल रही है।

जल ...

भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्यों में जल से जुड़े विभागों के कामकाज को बेहतर बनाने, अनुभव साझा करने और जल प्रबंधन को लेकर प्रभावी रणनीति तैयार करने में मदद करना है। कार्यशाला पूरी होने के बाद सभी मंत्री अपने-अपने राज्यों में नये अनुभवों को शासन में क्रियान्वित करेंगे।

वाराणसी...

आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं। लोगों को कम से कम परेशानी हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी राहत सामग्री की अतिरिक्त आवश्यकता हो वहां तत्काल व्यवस्था करते हुए लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य त्वरित गति किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाढ़ और राहत कार्यों पर लगातार सतर्क नजर रखने एवं प्रभावित लोगों को अविलंब राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविरों में रह रहे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों के विशेष आवश्यकताओं को भी ध्यान रखा जाए। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने महापौर अशोक तिवारी से बाढ़ राहत शिविरों की स्थिति की जानकारी ली। राहत शिविरों में खाद्य सामग्री और सुविधाओं को लेकर प्रधानमंत्री ने दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने महापौर से शिविरों में रह रहे लोगों के लिए खाद्य सामग्री, पेयजल, दवाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत शिविरों में शरण लिए नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो और सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। प्रधानमंत्री ने आपदा की इस घड़ी में बेहतर प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और नगर निगम के पार्षद आपसी समन्वय के साथ धरातल पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच लगातार सक्रिय रहें और पीड़ितों तक हर संभव मदद पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि इस प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम किया जा सके और लोगों को त्वरित राहत प्रदान की जा सके।

रक्षा...

पुलिस) सहयोग से जुड़ा हुआ समझौता हुआ है। दोनों देशों के बीच में राजनीतिकों के प्रशिक्षण को लेकर भी समझौता हुआ है।

बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर 2-4 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनके साथ बेल्जियम के रक्षा और विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रैंकन और अधिकारियों तथा व्यापारिक नेताओं का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। फरवरी, 2025 में पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री डी वेवर की यह पहली भारत यात्रा है।

प्रधानमंत्री डी वेवर ने अपनी यात्रा की शुरुआत आज राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर की। इसके बाद प्रधानमंत्री डी वेवर ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ पहले सीमित प्रारुप और बाद में प्रतिनिधिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय बातचीत की। उनकी चर्चाओं में दोनों देशों के बीच संबंधों के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री डी वेवर और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के लिए दोपहर के भोजन (लंच) का आयोजन किया।

वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में बताया गया कि बेल्जियम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विस्तार के बाद स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन दोहराया। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए एक-दूसरे की उम्मीदवारी का भी समर्थन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख बेल्जियम विश्वविद्यालयों और शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों को भारत की नई शिक्षा नीति के तहत भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने सीमा-पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने अप्रैल, 2025 में भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकवादी हमले की एक बार फिर निंदा की। उन्होंने बदलते आतंकवादी खतरों से निपटने में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से आतंकवाद-रोधी मामलों पर बेल्जियम-भारत संयुक्त कार्य समूह की स्थापना की संभावना तलाशने की इच्छा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के विकास और विविधता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सेमीकंडक्टर, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा औद्योगिक सहयोग, महत्वपूर्ण खनिजों के शोधन और रीसाइक्लिंग, टिकाऊ उद्योगों और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग का स्वागत किया, जिसमें निजी क्षेत्र के हितधारकों के साथ सहयोग के नए अवसरों की खोज करना भी शामिल है। दोनों नेताओं ने बेल्जियम के सॉवरेन वेल्थ फंड, फ़ेडरल होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट कंपनी और भारत के नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के बीच चल रही बातचीत का भी स्वागत किया। उन्होंने इंडो-बेल्जियन आर्थिक और निवेश कॉरिडोर स्थापित करने में मदद के लिए हुए इस सहयोग को औपचारिक रूप देने की उम्मीद जताई।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। यूक्रेन में युद्ध के संबंध में, दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों के अनुसार, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों के लिए अपना समर्थन दोहराया। पश्चिम एशिया पर, उन्होंने क्षेत्र में चिंताजनक हालिया घटनाक्रमों पर चर्चा की और चुनौतियों का शांतिपूर्ण ढंग से समाधान करने के लिए बातचीत और कूटनीतिक जुड़ाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री मार्गों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने तथा सुरक्षित और निर्बाध समुद्री शिपिंग बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आपसी सुविधा के समय बेल्जियम की द्विपक्षीय यात्रा करने का निमंत्रण दिया।

भारत-बेल्जियम...

यात्रा के दौरान गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बेल्जियम के रक्षा एवं विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रैंकन के बीच यहां हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की उच्च स्तरीय वार्ता में दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच दीर्घकालिक संरचनात्मक सहयोग के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही बेल्जियम सिक्योरिटी एंड डिफेंस इंडस्ट्री और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के बीच भी सहयोग समझौता हुआ। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ बेल्जियम की 15 प्रमुख रक्षा कंपनियों का प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। इन कंपनियों ने भारतीय रक्षा उद्योग के साथ मिलकर आधुनिक सैन्य साजो-सामान, रॉकेट, नौसैनिक प्रणालियों और ड्रोन रोधी तकनीकों के भारत में निर्माण को लेकर समझौते किए हैं। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने यूरोप और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के बीच बढ़ती अंतर्संबंधता, समुद्री सुरक्षा और सैन्य अधिकारियों के आदान-प्रदान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। बेल्जियम डिफेंस कॉलेज ने वर्ष 2027 में भारत में अपना 'वर्ल्ड स्टडी ट्रिप' आयोजित करने की योजना भी बनाई है।

दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच हुए प्रमुख समझौतों में लीज स्थित रक्षा एवं इंजीनियरिंग कंपनी न्यू लाचौसे और टेम्पो क्लासिक इंजीनियरिंग का करार शामिल है। करीब 5 करोड़ यूरो यानी लगभग 450 करोड़ रुपये के इस सौदे के तहत गोला-बारूद के दो अलग-अलग कैलिबर के लिए पूरी उत्पादन लाइन और दो अतिरिक्त कैलिबर के लिए टूलिंग की आपूर्ति की जाएगी। प्रस्तावित संयंत्र की उत्पादन क्षमता लगभग 10 करोड़ राउंड प्रति वर्ष होगी। इसकी आपूर्ति वर्ष 2028 और 2029 में निर्धारित की गई है।

एक अन्य महत्वपूर्ण समझौता एक्साइल बेल्जियम और लार्सन एंड टुब्रो के बीच हुआ है। इसके तहत भारतीय नौसेना के बारूदी सुरंग रोधी पोतों के लिए एक्साइल का स्वायत्त टूलबॉक्स उपलब्ध कराया जाएगा। यह प्रणाली समुद्री बारूदी सुरंगों का पता लगाने, उनकी पहचान करने और उन्हें निष्क्रिय करने में मदद करेगी। पहले चरण में यह परियोजना 12 पोतों को कवर करेगी और बाद में इसे 59 जहाजों तक विस्तारित किया जा सकता है। इसे दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा औद्योगिक सहयोग की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है।

थेल्स बेल्जियम और कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स के बीच हुए समझौते के तहत बेल्जियम के 70 एमएम रॉकेटों का भारत में ही संयोजन और विनिर्माण किया जाएगा। परियोजना में भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को भी शामिल किया जाएगा। योजना के अनुसार वर्ष 2027 की शुरुआत में पूरी तरह भारत में निर्मित पहला रॉकेट तैयार हो सकता है।

एफएन हर्स्टल और कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स भी भारत में संयुक्त उत्पादन केंद्र स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रस्तावित केंद्र में एफएन हथियार, एकीकृत हथियार प्रणालियां और काउंटर-ड्रोन प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। इससे भारतीय रक्षा उद्योग में आधुनिक हथियार प्रणालियों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

ब्रुसेल्स स्थित आतंकवाद-विरोधी सुरक्षा कंपनी पिटागोन और कृष्णा एलाइड के बीच 'पिटागोन इंडिया' नाम से संयुक्त उद्यम स्थापित किया जा रहा है। पिटागोन की इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। कंपनी वाहनों से होने वाले हमलों से सुरक्षा देने वाले मोबाइल बैरियर तैयार करेगी। भारत को इस संयुक्त उद्यम के लिए उत्पादन आधार के रूप में विकसित करने और यहां निर्मित सुरक्षा उत्पादों को दक्षिण-पूर्व एशिया के बाजारों में निर्यात करने की योजना है।

फ्लेमिश ड्रोन निर्माता सोलवन भारतीय बाजार में अपने 'सबोटूर' ड्रोन के साथ 'बजकिल' और 'हिचहाइकर' इंटरसेप्टर ड्रोन पेश करने के लिए डीजीवीके एंटरप्राइजेज के साथ काम कर रही है। भारतीय सशस्त्र बलों ने इन प्रणालियों के परीक्षण में रुचि दिखाई है। ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीक के क्षेत्र में यह सहयोग दोनों देशों की रक्षा औद्योगिक साझेदारी का एक अहम हिस्सा है। ओआईपी सेंसर सिस्टम्स और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड ने भारतीय सेना के मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल प्रणालियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। ओआईपी पहले ही अर्जुन एमके-1 टैंक के लिए 130 से अधिक साइट्स की आपूर्ति कर चुकी है। कंपनी ने अर्जुन एमके-2 के लिए नया फायर-कंट्रोल सिस्टम भी विकसित किया है, जो लेजर-गाइडेड मिसाइल दागने में सक्षम है।

जॉन कॉकरिल डिफेंस और लार्सन एंड टुब्रो के बीच सहयोग स्वदेशी हल्के टैंक 'जोरावर' से जुड़ा है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन सीमा के लिए विकसित किए जा रहे इस हल्के टैंक के बुर्ज की आपूर्ति के लिए जॉन कॉकरिल डिफेंस मुख्य दावेदार के रूप में सामने आई है। इससे भारतीय हल्के टैंक कार्यक्रम में बेल्जियम की रक्षा तकनीक के इस्तेमाल का रास्ता बन सकता है।

ऑक्टेव और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच सहयोग भारतीय वायु रक्षा वास्तुकला को मजबूत करने पर केंद्रित है। ऑक्टेव की तकनीक 'आकाश तीर', 'अरुध्रा', 'आईपीएसएस' और 'आईएसीसीएस' जैसे भारतीय वायु रक्षा कार्यक्रमों में भूमिका निभा रही है। दोनों कंपनियां इस सहयोग को आगे बढ़ाकर भारत की वायु रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रही हैं। एंग्लो बेल्जियन कॉरपोरेशन और किर्लोस्कर के बीच भारत में 6 मेगावाट क्षमता वाले समुद्री डीजल इंजन के निर्माण को लेकर बातचीत चल रही है। यह भारत में विकसित होने वाला पहला इस क्षमता का समुद्री डीजल इंजन होगा। भविष्य में ऐसे इंजन नौसेना के बड़े युद्धपोतों के लिए महत्वपूर्ण है।

स्वच्छ...

अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री में भारत और बेल्जियम के संबंधों को के इतिहास को याद किया और कहा कि हजारों भारतीय सैनिकों का पहले विश्व युद्ध में साहस और बलिदान हमारी साझा स्मृति का अहम हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की विकास यात्रा दुनिया में भरोसा पैदा कर रही है। इस संदर्भ में उन्होंने हाल ही में आए तिमाही विकास आंकड़ों का उल्लेख किया, जिसमें भारत की जीडीपी को 7.5 प्रतिशत की गति से बढ़ाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि आज विश्व उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति है। खाद्य, ईंधन और सप्लाई चेन हर क्षेत्र में अनिश्चितता का प्रभाव बढ़ रहा है। इस चुनौती पूर्ण माहौल में भी भारत की अर्थव्यवस्था ने अपनी गति बनाए रखी है।

उचित संरक्षण...

उनकी जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि।'' उन्होंने पिछले रविवार को मन की बात में अभिनेता उत्तम कुमार के बारे में जिक्र करते हुए कहा था कि उत्तम कुमार एक बहुमुखी एक्टर थे, जो अपने अभिनय से लोगों के दिलों में रस-बस गए। फिल्म प्रेमियों का मानना है कि सत्यजित रे ने फिल्म 'नायक - द हीरो' की पूरी स्क्रिप्ट महानायक उत्तम कुमार को ध्यान में रखकर लिखी थी। प्रधानमंत्री का मानना है कि वह किरदार को जीवंत बनाने के लिए वे बहुत मेहनत करते थे। उत्तम कुमार अपनी सहजता के साथ ही परोपकारी कार्यों के लिए भी जाने जाते थे। उनके जीवन से कभी भी हार न मानने की एक और बड़ी सीख भी मिलती है। उनकी शुरुआती फिल्में बहुत नहीं चलीं, लेकिन उन्होंने अपने काम पर फोकस बनाए रखा। इसी का परिणाम था कि उन्होंने इतनी ऊंचाई हासिल की।

उल्लेखनीय है कि उत्तम कुमार को अपने करियर की शुरुआत में 'फ्लॉप मास्टर जनरल' तक का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने अपनी सहज अदाकारी और आकर्षण से उन्होंने बंगाली सिनेमा में एक नया मुकाम हासिल किया। उनकी प्रमुख फिल्मों में से 'सप्तपढ़ी', 'अग्नि परीक्षा', 'हरानो सुर', और सत्यजीत रे की 'नायक' और 'चिड़ियाखाना' हैं। अभिनेता उत्तम कुमार को 1968 में फिल्म 'नायक' और 'चिड़ियाखाना' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यहां हैदराबाद हाउस में बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हो रही है।

इससे पहले भारत पहुंचे बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। डी वेवर तीन दिन की आधिकारिक भारत यात्रा पर बुधवार रात नई दिल्ली पहुंचे । उनके साथ बेल्जियम के रक्षा मंत्री थियो फ्रैंकन भी भारत आए हैं। फरवरी 2025 में पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री के तौर पर डी वेवर की यह पहली भारत यात्रा है। नई दिल्ली पहुंचने पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनका स्वागत किया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, डी वेवर की यात्रा का उद्देश्य भारत और बेल्जियम के बीच करीबी और बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करना है। दोनों पक्ष व्यापार और निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, संपर्क तथा लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। बेल्जियम के प्रधानमंत्री भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के संदर्भ में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक व्यापार कार्यक्रम में मुख्य भाषण भी देंगे। इसके बाद वह मुंबई जाएंगे, जहां वह हीरा, बंदरगाह और रसद क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ बातचीत करेंगे। भारत और बेल्जियम के बीच आर्थिक संबंधों में हीरा व्यापार का महत्वपूर्ण है। बेल्जियम के एंटवर्प को वैश्विक हीरा कारोबार के प्रमुख केंद्रों में गिना जाता है। दोनों देशों के बीच 2025-26 में द्विपक्षीय व्यापार 13 अरब डॉलर से अधिक रहा।

कोटकपूरा गोलीकांड : सुखबीर बादल समेत अन्य आरोपित चंडीगढ़ कोर्ट में पेश हुए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल कोटकपूरा गोलीकांड और बेअदबी से जुड़े अन्य मामलों में चंडीगढ़ की अदालत में पेश हुए। उनके साथ मामले के अन्य आरोपित भी अदालत पहुंचे। सुनवाई को देखते हुए अदालत परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से पेश वकीलों ने अदालत से लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट करने के लिए अभियोजन पक्ष को निर्देश देने का अनुरोध किया। बचाव पक्ष ने कहा कि पंजाब पुलिस की ओर से की जा रही जांच को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस पर अदालत ने अभियोजन पक्ष को निर्देश दिया कि अगली

अभियोजन पक्ष को अगली तारीख पर लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश

सुनवाई पर सभी संबंधित मामलों में लंबित जांच की स्थिति स्पष्ट की जाए। इससे पहले 10 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान पंजाब पुलिस ने सरकारी वकील के माध्यम से कोटकपूरा और बहबल कलां गोलीकांड मामलों में लंबित जांच से संबंधित स्थिति रिपोर्ट अदालत में सीलबंद लिफाफ़े में पेश की थी। बेअदबी से जुड़े कोटकपूरा के मामलों में गोलीकांड और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित मामलों की सुनवाई पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देश



पर अप्रैल में चंडीगढ़ की सत्र अदालत में स्थानांतरित की गई थी। कोटकपूरा गोलीकांड की घटना 14 अक्टूबर, 2015 को हुई थी। इससे पहले जून और सितंबर, 2015 में बरगाड़ी और बुर्ज जवाहर सिंह वाला गांवों के गुरुद्वारों में बेअदबी की घटनाएं सामने आई थीं। इन घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस की ओर से गोली चलाए जाने की घटना कोटकपूरा में हुई थी। इसी अवधि में बहबल कलां में भी गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी। कोटकपूरा गोलीकांड में कई अन्य लोग घायल हुए थे। मामले में पंजाब पुलिस के कई वरिष्ठ और पूर्व अधिकारियों को भी आरोपित बनाया गया है। इनमें पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह सैनी, परमराज सिंह उमरानंगल, चरनजीत सिंह शर्मा, अमर सिंह चहल और सुखमिंदर सिंह मान हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल भी कोटकपूरा गोलीकांड मामले में आरोपित हैं। अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने लंबित जांच को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग दोहराई। वकीलों ने कहा कि मामलों की जांच को लेकर पंजाब पुलिस की वर्तमान स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है, ताकि आगे की कानूनी प्रक्रिया को लेकर स्थिति साफ हो सके। अदालत ने अभियोजन पक्ष को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई के दौरान सभी संबंधित मामलों में लंबित जांच की स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाए। इसके बाद अदालत आगे की कार्यवाही पर निर्णय लेगी। सुनवाई के मद्देनजर अदालत परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। पुलिसकर्मियों की बड़ी संख्या में तैनाती के कारण अदालत परिसर में आने-जाने वालों पर भी निगरानी रखी गई।

दिल्ली-हलवारा एयर इंडिया फ्लाइट का 10 सितंबर से बदलेगा समय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लुधियाना। हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिल्ली के बीच चलने वाली एयर इंडिया की दोपहर की फ्लाइट के समय में 10 सितंबर से बदलाव किया जा रहा है। दिल्ली से आने वाली दोपहर की फ्लाइट 3:35 बजे अब हलवारा पहुंचेगी, जबकि हलवारा से दिल्ली के लिए यही फ्लाइट 4:05 बजे रवाना होगी।

हलवारा एयरपोर्ट के डायरेक्टर जागीर सिंह ने बताया कि 10 सितंबर से एयर इंडिया की सुबह वाली फ्लाइट के समय में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। दोपहर की फ्लाइट के समय में बदलाव नियमित यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नए समय का यात्रियों ने स्वागत किया है। हलवारा एयरपोर्ट से नियमित यात्रा करने वाले यात्रियों का कहना है कि आने वाले महीनों में यहां से और अधिक उड़ानें शुरू की जानी चाहिए, ताकि हलवारा एयरपोर्ट लुधियाना और आसपास के यात्रियों के लिए यात्रा का सुविधाजनक विकल्प बन सके। हलवारा से नियमित यात्रा करने वाले डॉ. गौहर वत्सायन ने कहा कि दिल्ली से कनेक्टिंग फ्लाइट लेने वाले यात्रियों को अब अधिक समय मिलेगा। उन्होंने बताया कि वे अक्सर बेंगलुरु और मुंबई आदि शहरों की यात्रा करते हैं और पहले कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने के लिए समय काफी कम रहता था, जिससे फ्लाइट छूटने की चिंता बनी रहती थी। इस बीच स्थानीय प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट अथॉरिटी से हलवारा एयरपोर्ट के प्रतिबंधित परिचालन समय को बढ़ाने का अनुरोध किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। यदि यह अनुरोध स्वीकार होता है तो आने वाले महीनों में उड़ानों के समय में और बदलाव या देरी की संभावना है। इससे दिल्ली से रात के समय विदेश जाने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने वाले यात्रियों को राहत मिल सकती है।

सौरभ भारद्वाज ने राघव चड्ढा के वोट मामले पर उठाए सवाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाया कि एसआईआर के दौरान आम लोगों के वोट काटे जा रहे हैं, जबकि राघव चड्ढा के मतदाता पहचान पत्र को लेकर मीडिया में अनावश्यक रूप से हंगामा किया जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले आआपा नेताओं ने चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात कर मतदाता सूची से जुड़े मामलों पर चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पुराने पते पर मतदाता उपलब्ध नहीं होने के कारण उसका वोट 'शिफ्टेड' दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब एक आम व्यक्ति के पते में मामूली बदलाव होने पर उसका फॉर्म रोक दिया जाता है, तो राघव चड्ढा के मामले में अलग रवैया क्यों अपनाया जा रहा है। भारद्वाज ने कहा कि राघव चड्ढा दिल्ली में रहते हैं और सरकार उनके वोट को लेकर लगातार सवाल उठा रही है। भारद्वाज ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि राघव चड्ढा का दिल्ली में वोट बैकडेट में बनवाने की कोशिश की जा रही थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत दिल्ली के करीब एक-तिहाई मतदाताओं के नाम प्रभावित होने की बात सामने आई है, लेकिन मीडिया में राघव चड्ढा के वोट का मुद्दा प्रमुखता से दिखाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि आम लोगों के वोट काटे जाने पर उतनी चर्चा क्यों नहीं हो रही? भारद्वाज ने आरोप लगाया कि एसआईआर से पहले हुई प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और हरियाणा से जुड़े कई परिवारों के लोग छुट्टियों में अपने गांव या रिश्तेदारों के यहां गए थे, जिसके कारण उनके एन्यूमरेशन फॉर्म नहीं बनाए गए। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया। भारद्वाज ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का वोट केवल इसलिए काटा जा रहा है कि वह कुछ समय के लिए अपने पते पर मौजूद नहीं था, तो यही नियम सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। राघव चड्ढा द्वारा पंजाब में उनके वोट को काटे जाने के आरोप पर भारद्वाज ने कहा कि एसआईआर का मूल उद्देश्य यह पता लगाना है कि मतदाता वास्तव में संबंधित पते पर रहता है या नहीं। उन्होंने पत्रकारों से सवाल किया कि राघव चड्ढा से यह क्यों नहीं पूछा जा रहा कि वह पंजाब में रहते कहां हैं। भारद्वाज ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी राज्य में नहीं रहता तो वहां उसका मतदाता पंजीकरण क्यों बना रहना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि राघव चड्ढा के वोट से जुड़े विवाद में उनसे केवल वोट काटे जाने का सवाल न पूछा जाए, बल्कि यह भी पूछा जाए कि वह पंजाब में वास्तव में कहां रहते हैं और उनका वहां मतदाता पंजीकरण किस आधार पर है।

मुख्यमंत्री ने तेहखंड एटीएस का किया उद्घाटन, 50 ईवी बसों और दिल्ली-रेवाड़ी ई-बस सेवा को दिखाई झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को तेहखंड ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) का उद्घाटन किया। इसके साथ-साथ 50 नई इलेक्ट्रिक बसें, दिल्लीऐरेवाड़ी अंतरराज्यीय ई-बस सेवा और हसनपुर और गाजीपुर डिपो में दो नए सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन दिल्लीवासियों को समर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने इस एटीएस का नवंबर में ही शिलान्यास किया गया था, आज उसका उद्घाटन किया। उन्होंने कुछ ही महीनों में इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूरा करने के लिए परिवहन विभाग की पूरी टीम और इससे जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साधुवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना ही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर



भारतीय जनता पार्टी के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह उपस्थित रहे। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज मुख्यमंत्री ने तेहखंड डिपो में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन, 50 नई इलेक्ट्रिक बसों, दो पब्लिक (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों (हसनपुर एवं गाजीपुर डिपो) तथा दिल्ली-रेवाड़ी अंतरराज्यीय बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन नई सुविधाओं से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक आधुनिक, सुरक्षित, सुगम एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से प्रदूषण में कमी के साथ-साथ दिल्लीवासियों को बेहतर और स्वच्छ परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि एटीएस के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 72,000 वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। इससे फिटनेस जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और तकनीकी सटीकता को बढ़ावा मिलेगा तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा। वहीं, ईवी चार्जिंग स्टेशनों के विस्तार से दिल्ली में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्लीऐरेवाड़ी अंतरराज्यीय बस सेवा के शुभारंभ से दिल्ली और हरियाणा के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को बेहतर एवं सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन का लाभ मिलेगा।

दिल्ली के लोकायुक्त न्यायमूर्ति हरीश चंद्र मिश्रा का निधन, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों ने जताया दुख

नई दिल्ली। दिल्ली के लोकायुक्त न्यायमूर्ति हरीश चंद्र मिश्रा का गुरुवार की सुबह सफदरजंग अस्पताल में निधन हो गया है। उन्होंने 23 मार्च 2022 को दिल्ली के लोकायुक्त की शपथ थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत दिल्ली के मंत्रियों ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कहा कि दिल्ली के लोकायुक्त न्यायमूर्ति हरीश चंद्र मिश्रा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति दें। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनका जाना न्याय एवं जनसेवा के क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल दें। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह उनके निधन के समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक बताया है।

मोहाली में पूर्व विशेष डीजीपी के घर पर गोली लगने से एएसआई की मौत

पूर्व विशेष डीजीपी अरपित शुक्ला के सेक्टर-80 स्थित आवास पर तैनात था एएसआई ओंकार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहाली। मोहाली के सेक्टर-80 में पूर्व विशेष डीजीपी अरपित शुक्ला के आवास पर गुरुवार दोपहर गोली लगने से बतौर गनमैन तैनात एएसआई ओंकार सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की



जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अरपित शुक्ला हाल ही में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं और वर्तमान में वे वेव एस्टेट में रह रहे हैं। गोली लगने के बाद एएसआई ओंकार सिंह को तुरंत फ़ेज-6 स्थित सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में यह मामला पिस्तौल हाथ से गिरने के बाद गोली चलने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया है कि मौके पर छह गोलियां चलने की बात सामने आई है। पुलिस ने अभी घटना से जुड़े अन्य पहलुओं पर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गोली किस परिस्थिति में चली और इसमें कितने राउंड फायर हुए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने फिलहाल घटना को लेकर ज्यादा जानकारी देने से परहेज किया है। मामले की जांच पूरी होने और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घाटों का किया निरीक्षण अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना के विभिन्न गंगा घाटों का निरीक्षण किया और संभावित बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित एवं संवेदनशील इलाकों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को पूरी तरह सतर्क रहने और आम लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने गंगा के जलस्तर और आसपास के इलाकों की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से नदी के जलस्तर में हो रहे बदलाव, तटबंधों की स्थिति और संभावित जलजमाव वाले क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति लगातार बदल रही है, इसलिए प्रशासन को हर स्तर पर सतर्क रहना होगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों और जिला प्रशासन को संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी जरूरी तैयारियां पहले से पूरी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य में किसी भी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील इलाकों में प्रशासनिक और राहत टीमों की सक्रियता लगातार बनी रहनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर राहत शिविरों को तत्काल सक्रिय करने के साथ वहां भोजन, पेयजल, दवाइयों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का सबसे बड़ा लक्ष्य आम लोगों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाना और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से गंगा के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने तथा खतरे की किसी भी आशंका पर तत्काल आवश्यक कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और अब तक की तैयारियों की जानकारी दी। सरकार की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और तैयारियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने 101 नवनियुक्त कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में पशुपालन, गन्ना विकास व चीनी उद्योग विभाग में चयनित 101 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसमें 88 पशुधन प्रसार अधिकारी व 13 गन्ना पर्यवेक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। आज से वे उत्तराखण्ड सरकार का अभिन्न हिस्सा बनने के साथ ही जनसेवा की महत्वपूर्ण यात्रा प्रारंभ कर रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से अपने ज्ञान, ऊर्जा और नए विचारों के माध्यम से शासकीय कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा अपनी कार्यशैली से उदाहरण प्रस्तुत करने की अपेक्षा की। धामी ने कहा कि राज्य



सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। आज सरकारी नौकरियां सिफारिश या पहचान से नहीं, बल्कि युवाओं की मेहनत और प्रतिभा के आधार पर मिल रही हैं। पिछले पांच वर्षों में 34 हजार से अधिक युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल रहे हैं। यह पारदर्शी भर्ती व्यवस्था और युवाओं को उनकी प्रतिभा के आधार पर अवसर प्रदान करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन, गन्ना विकास व चीनी उद्योग विभाग राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से सीधे जुड़े हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन हजारों परिवारों की आजीविका, मातृशक्ति के आर्थिक सशक्तीकरण और गांवों की समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार है। राज्य सरकार पशुपालन को रोजगार, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास का सशक्त माध्यम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना और मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के माध्यम से पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालकों को अनुदान पर गाय, बकरी, भेड़ और मुर्गी पालन की इकाइयां उपलब्ध कराने के साथ ही पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण और बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार गन्ना किसानों के हितों के प्रति भी प्रतिबद्ध है। गन्ना सर्वेक्षण की व्यवस्था को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। किसानों को नई तकनीक, उन्नत गन्ना प्रजातियों और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देने के लिए गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केंद्र शुरू किए गए हैं। उत्तराखण्ड में गन्ना किसानों को उत्तर प्रदेश की तुलना में 05 रुपये प्रति कुंतल अधिक गन्ना मूल्य दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्हें किसानों और पशुपालकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान के लिए संवेदनशीलता से कार्य करना होगा। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि आम नागरिक को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। शासकीय कार्यप्रणाली में 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए ईमानदारी, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063